धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, रविवार

17.09.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 68 | khabarmantra.net




# बाजार समिति ने 40 लाख में यूपी के व्यापारी को बेच दी दो दुकान

- बाजार समिति भंग होने के बाद भी बिना किसी अखबार में विज्ञापन दिये बेची दुकान
- गढ़वा बाजार समिति में एक लाख घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गये थे प्रभारी सचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव राकेश कुमार सिंह ने मार्केट कमेटी भंग होने के बावजूद यूपी के एक व्यापारी ब्रजमोहन राठौर के हाथों 40 लाख रुपये में दो दुकानों का सौदा कर दिया। सचिव के स्तर पर दुकान आवंटन से संबंधित आदेश भी 9 सितंबर की तिथि से जारी कर दिया गया है। इसका खुलासा आदेश की कॉपी वायरल होने के बाद हुआ है। इसके बाद संबंधित अधिकारी खबर को मैनेज करने की जुगत भी लगाते रहे, लेकिन बात नहीं बनी।

**सुपरवाइजर के साथ मिलकर किया सौदा :** सूत्रों का कहना है कि यूपी के व्यापारी ब्रजमोहन राठौर के हाथों यह सौदा प्रभारी मार्केट सचिव एवं उनके सहयोगी सुपर वाइजर मयंक सिंह के माध्यम से हुई। दोनों अधिकारियों ने मिलकर महेश एडिबल प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर ब्रजमोहन राठौर को दोनों दुकान बेच दी। इससे संबंधित आदेश बाजार समिति के प्रभारी सचिव ने कार्यालय आदेश सं. 31, दिनांक 9 सितंबर 2023 को जारी किया है। आवंटन पत्र के अनुसार ब्रजमोहन के नाम दुकान संख्या 33 और 34 आवंटित हुई है।

## धनबाद बाजार समिति सचिव ने नियम कानून को ताक पर रख किया आवंटन

### बाजार समिति भंग है, नहीं हो सकता आवंटन

सूत्रों का कहना है कि राज्य की सभी बाजार समितियां भंग है। ऐसे में दुकान का आवंटन नहीं किया जा सकता। आवंटन से पहले न तो अखबारों में विज्ञापन दिया गया और न ही दुकान आवंटन के लिए कहीं नोटिस बोर्ड पर लगाया गया। बोर्ड के कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर प्रभारी सचिव ने खेला कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि यह तो एक नमूना है, जो वायरल होने के कारण सार्वजनिक हो गया है। बताया जा रहा है कि प्रभारी सचिव ने सुपरवाइजर मयंक सिंह के साथ मिलकर एक आईबी समेत 10 से 12 दुकानों का आवंटन किया है। इतना ही नहीं दोनों अधिकारियों ने मिलकर एक दर्जन से अधिक दुकानों को पार्टनरशिप भी बहाल कर दिया है। इसके लिए भी दोनों अधिकारियों ने व्यापारियों से मोटी रकम की वसूली की है।

### पहले भी घूस लेते पकड़े गये थे राकेश सिंह

ये वही राकेश सिंह हैं, जिन्हें एसीबी ने 2016 में गढ़वा के एक अंडा दुकानदार से दुकान आवंटन के नाम पर एक लाख रुपये घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। लगभग तीन महीने तक वह जेल में भी रहे थे। हाल ही में तत्कालीन एमडी मनोज कुमार ने इन्हें उपकृत करते हुए धनबाद बाजार समिति का प्रभारी सचिव बना दिया और इन्होंने धनबाद बाजार समिति में जाकर बैटिंग करना शुरू कर दिया।

### क्या कहते हैं जिम्मेवार

**जांच के बाद कार्रवाई होगी**

इस संबंध में मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। पूरे मामले की जांच होगी। जांच के बाद कार्रवाई होगी

**लीगल पहलुओं की जांच होगी, इसके बाद...**

वहीं, एमडी कमलेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। संबंधित आवंटव लेटर पर संज्ञान लेते हुए बोर्ड के सचिव को भेज दिया है। पूरे मामले में की जांच होगी और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

**दुकान का मासिक किराया चार रुपये प्रति वर्ग फिट :** इसका क्षेत्रफल 532 वर्ग फीट बताया गया है। सेक्रेटरी ने अपने पत्र में दोनों दुकान का आवंटन समिति के राजस्व हित में बताया है। दुकान आवंटन के साथ ही उन्होंने राठौर के समक्ष 9 शर्तें रखी है। इनमें दुकान का मासिक किराया चार रुपये प्रति वर्ग फिट की दर से भुगतान करने के साथ-साथ सौ रुपये के नन जुडिशियल स्टांप पर 10,000 रुपये सुरक्षित जमा राशि के रूप में भी जमा करने को कहा है।

### सूचना एवं शुभकामना

आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर **खबर मन्त्र** कार्यालय और प्रेस 17 सितंबर (रविवार) को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक पाठकों को अब 19 सितंबर को मिलेगा।

अखबार के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर-एजेंट बंधुओं और तमाम शुभेच्छुओं को विश्वकर्मा पूजा की ढेरों शुभकामनाएं। -सं.

## न्यूज डायरी

### एशिया कप : किसके सिर ताज, फैसला आज

**नयी दिल्ली।** एशिया कप 2023 का फाइनल मैच इंडिया और श्रीलंका के बीच 17 सितंबर (रविवार) को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जायेगा। जिसमें स्पष्ट हो जायेगा कि एशिया चैंपियन का ताज किसके सिर होगा। एशिया कप फाइनल में दोनों टीमें अब तक 8 बार टकरा चुकी हैं। जिसमें भारत ने 5 जबकि श्रीलंका ने 3 बार एक दूसरे को हराकर एशिया कप जीता है।

### चांद नजर आया, ईद मीलाद उन नबी 28 को

**रांची।** एदार ए शरिया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि 16 सितंबर को रांची समेत राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बादल छाए रहने के कारण रबीउल अव्वल का चांद नजर नहीं आया लेकिन मालदा, पुरनिया, सीतामढ़ी, दीनाज पुर, किशनगंज आदी जगहों में चांद नजर आया जिस के अनुसार ईद मीलाद उन नबी 28 सितंबर को मनाई जायेगी।

### पत्नी के टुकड़े-टुकड़े कर नदी में फेंका

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में एक 28 साल के शख्स ने छोटी सी बात पर पत्नी की गला दबा कर हत्या कर दी। फिर शव के छह टुकड़े कर उसे नदी में फेंक दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पति, पत्नी की सोने की की चेन बेच कर कोई बिजनेस करना चाहता था। पत्नी ने चेन देने से इनकार कर दिया।

### आइएसआइएस आतंकी कोर्ट में पेश, जेल भेजा

**रांची।** एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमपी वर्मा की अदालत में शनिवार को एमपी के रतलाम जिले से गिरफ्तार आइएसआइएस के झारखंड मॉड्यूल से जुड़े संदिग्ध आतंकी राहुल सेन उर्फ उमर को पेश किया गया। अदालत ने आतंकी को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल भेज दिया। अब राहुल सेन उर्फ उमर को एनआइए रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

### नगर आयुक्त 6 को हाइकोर्ट में हाजिर रहें

**रांची।** रांची नगर निगम में फोर्थ ग्रेड में नियुक्त कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शनिवार को हुई। कोर्ट ने पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर नाराजगी जतायी। साथ ही नगर आयुक्त को अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है।

### आजसू का महाधिवेशन 29 से एक तक रांची में

**रांची।** आजसू अध्यक्ष सुदेश कुमार महतोकी अध्यक्षता में हुई बैठक फैसला लिया गया कि रांची स्थित मोराबादी मैदान में 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को पार्टी का महाधिवेशन होगा।

### 23 नये सैनिक स्कूल खोलने की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** देश के हर कोने तक सैनिक स्कूलों की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना के तहत सरकार ने 23 नये सैनिक स्कूलों को मंजूरी दे दी है।

सहायक टाउन प्लानर नियुक्ति मामले में हाइकोर्ट का जेपीएससी को आदेश

# दो महीने में दें फ्रेश रिजल्ट

- 186 अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सहायक टाउन प्लानर नियुक्ति को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील पर झारखंड हाईकोर्ट ने शनिवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य की याचिका को स्वीकृत करते हुए जेपीएससी को फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट नहीं होने के बावजूद जेपीएससी द्वारा साक्षात्कार में बुलाये गये 186 अभ्यर्थी की भी उम्मीदवारी रद्द करने का आदेश दिया है। इसके बाद शेष बचे वैसे अभ्यर्थी जिन्हें साक्षात्कार में बुलाया गया था और जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक सर्टिफिकेट था, उनकी नियुक्ति के लिए नया पैनल बनाकर दो माह में फ्रेश रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया।

जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पूर्व में सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में अपीलकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता सिद्धार्थ रंजन, शिप्रा शालिनी ने पैरवी की थी जबकि जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पैरवी की। दरअसल, इस संबंध में विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दाखिल की थी। उन्होंने कहा था कि परीक्षा में 26 ऐसे अभ्यर्थी सफल हुए है, जिनके पास विज्ञापन में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) में पंजीयन का प्रमाण पत्र नहीं है। विज्ञापन में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में विज्ञापन की शर्तों में बदलाव नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इनकी परीक्षा रद्द किया जाये। कुमार चेतन की रिट याचिका में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की।

(शेष पेज 11 पर)

### अप्रैल 2022 में निकला था विज्ञापन




अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने पूरे राज्य में सहायक टाउन प्लानर के 77 पद के लिए विज्ञापन निकाला था। मार्च 2021 तक सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेपीएससी ने परिणाम जारी कर दिया और सफल हुए 43 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा सरकार को भेज दी। इनमें से 26 ऐसे अभ्यर्थी थे जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक सर्टिफिकेट नहीं था। जेपीएससी ने 318 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया था, जिनमें से 186 अभ्यर्थियों के पास इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2020 तक नहीं थी। इस मामले में एकल पीठ ने टाउन प्लानर की नियुक्ति प्रक्रिया को सही मानते हुए प्रार्थी की याचिका को खारिज कर दिया था।

### रद्द हो गयी इंडिया की भोपाल रैली, कांग्रेस ने बनाया अपना प्लान

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के शीर्ष नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने शनिवार को कहा कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में विपक्षी इंडिया गठबंधन की प्रस्तावित रैली रद्द कर दी गयी है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि रैली के संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के अन्य सहयोगियों के साथ चर्चा चल रही है। हालांकि सुरजेवाला ने कहा कि यह (रैली) कब और कहां आयोजित की जायेगी, इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। दोनों नेता राज्य में कांग्रेस की राज्यव्यापी 'जन आक्रोश यात्रा' के संबंध में भोपाल में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। गठबंधन की समन्वय समिति की पहली बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि इंडिया की पहली जनसभा मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में अक्टूबर के पहले सप्ताह में होगी। इस बीच अगामी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपना प्लान बना लिया है। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस की सात जन आक्रोश यात्राएं 19 सितंबर यानी गणेश चतुर्थी पर शुरू होंगी।

पाक की कवर फायरिंग के बावजूद सेना को बड़ी सफलता

# घुसपैठ की कोशिश तीन पाक आतंकी ढेर

**एजेंसी**

**उरी।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शनिवार को सुरक्षा बलों ने पाकिस्तानी रेंजरों की कवर फायरिंग के बावजूद तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। तीनों गोलीबारी की आड़ में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। यह मुठभेड़ ऐसे समय में शुरू हुई जब पहले से ही अनंतनाग जिले के पहाड़ी इलाकों में वन क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों को मार गिराने के लिए एक अभियान चल रहा है। एलओसी के पास सेना का सर्च ऑपरेशन अब भी जारी है। इसमें भारतीय सेना और बारामूला पुलिस शामिल हैं। अनंतनाग सर्च ऑपरेशन चार दिनों से जारी है।

**जवानों ने घेर कर मार गिराया :** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये ऑपरेशन उत्तरी कश्मीर जिले के उरी सेक्टर के हथलंगा इलाके में शुरू किया गया था। भारतीय सेना के चिनार कोर ने बताया कि उरी सेक्टर में घुसपैठ को नाकाम कर दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि यहां तीन आतंकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की। सैनिकों ने इन्हें घेर लिया और मार गिराया।

**पाक सेना की कवर फायरिंग :** सेना ने शनिवार को बताया कि पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान हस्तक्षेप किया। (शेष पेज 11 पर)

### अनंतनाग में आतंकियों की खोज जारी



बुधवार को एक आतंकी हमले में सेना के तीन अधिकारी और एक जवान शहीद हो गये थे। उसके बाद से अतंतनाग में एक मुठभेड़ जारी है। पहाड़ी इलाके के वन क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है। आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने उनके ठिकानों का अदाज लगाकर मोर्टार के गोले दागे। आतंकियों को सेना ने घेर रखा

# रांची में भी निपाह वायरस का खतरा!

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केरल में निपाह वायरस गंभीर रूप लेता जा रहा है। इससे संक्रमित दो लोगों की मौत हो चुकी है, कई संक्रमित है। मरने वालों के सीधे संपर्क में आए 15 लोगों को हाई रिस्क की कैटेगरी में रखा गया है। ऐसे में केरल से दो ट्रेन झारखंड आती है। ऐसे में झारखंड या रांची में भी इस वायरस का खतरा मंडरा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज ने बताया है कि यह बांग्लादेशी वेरिएंट है। यह इंसानों से इंसानों में फैलता है। ऐसे में केरल से आनेवाले यत्रियों के कारण झारखंड में भी निपास वायरस का खतरा हो सकता है। ऐसे में झारखंड को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। साथ ही इस वायरस के संक्रमण में चमगादड़ों के वाहक बनने की संभावना रांची को डेंजर जोन में डाल सकती है। लिहाजा, इन संभावनाओं को देखते हुए पशुपालन और स्वास्थ्य विभाग के अलावा रांची रेल मंडल भी सतर्क है।

**चमगादड़ों का अड्डा :** वैसे भी रांची के वीवीआइपी इलाके के एक पार्क में हजारों की संख्या में चमगादड़ों का बसेरा है। मोरहाबादी मैदान में पार्क में रेस्टूरेंट तक चलता है। लोग घूमने जाते हैं। पार्क में मौजूद विशालकाय यूकेलिप्टस की डालियों पर झूलते बड़े बड़े चमगादड़ हमेशा नजर आते हैं। पूरा पार्क इनके मुंह से निकले सलाइवा से बदबू देता है। कई बड़े नेताओं का आवास भी इसी इलाके में है। इंसान के बीच चमगाड़ों का रहना अच्छा नहीं है, क्योंकि चमगादड़ों के काटने पर एंटी रेबिज वैक्सीन की जरूरत पड़ती है। लिहाजा, अलर्ट रहने की जरूरत है।

कांग्रेस वर्किंग कमेटी से 3 प्रस्ताव पारित, केंद्र पर भड़के खड़गे

# चुनौतियों से घिरा हुआ है देश आग में घी डाल रही भाजपा

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर हिंसा, हरियाणा और कुछ अन्य राज्यों में सांप्रदायिक तनाव की हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि देश गंभीर आंतरिक चुनौतियों से घिरा है। वहीं भाजपा आग में घी डालने का काम कर रही है। वह कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में अपने संबोधन के दौरान बोल रहे थे। संसद के विशेष सत्र को लेकर उन्होंने दावा किया कि भाजपा, विपक्ष विहीन संसद चाहती है। ऐसे में उसकी मंशा को लेकर सतर्क रहना होगा। बैठक में पार्टी की ओर से तीन प्रस्ताव भी पास किये गये। (शेष पेज 11 पर)



# बिहार में शीघ्र होगा चुनाव बनेगी मोदी की सरकार


स्वार्थी गठबंधन से राज्य फिर जंगलराज की ओर : शाह

- लालू एक्टिव और नीतीश डिएक्टिव हो गये हैं

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में मधुबनी के झंझारपुर में रैली को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम नीतीश कुमार और लालू यादव पर जमकर हमला बोला। कहा कि बिहार में जो स्वार्थी गठबंधन बना है वह बिहार को फिर से जंगलराज की दिशा में ले जाने वाला है। लालू यूपीए नाम के साथ नहीं आ सकते इसलिए इंडिया गठबंधन नाम रखा। नाम कोई भी बदले यह वही लालू प्रसाद यादव है, जिसने बिहार को सालों तक पीछे धकेलने का काम किया है। उन्होंने लालू-नीतीश की जोड़ी तेल पानी वाली जोड़ी बताया। नीतीश कुमार को कहा वे आपको भी डुबाने वाला है। अभी तो लालू जी एक्टिव और नीतीश डिएक्टिव हो गये। बिार के जो हालात हैं, उससे यहां शीघ्र चुनाव के आसार हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस भूमि ने दुनिया में मधुबनी पेंटिंग से न केवल मिथिलांचल बल्कि देश-दुनिया में पहुंचाने का काम किया है। मैं बिहार की जनता का हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं।

**बिहार में शीघ्र चुनाव :** बिहार में जल्द होने वाला है चुनाव... ये भरोसे के साथ कह रहा हूं...। अररिया में गृह मंत्री अमित शाह ने एसएसबी के आवासीय भवन के उद्घाटन के दौरान बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव में बिहार में मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने वाली है। अमित शाह ने शीघ्र चुनाव घोषणा कर सियासी पंडितों को भी हैरत में डाल दिया। बिहार में जंगलराज की वापसी से आम जनता परेशान हो रही है। हर रोज बिहार के अंदर गोलीबारी, लूट, अपहरण, पत्रकारों की हत्या, दलितों की हत्या के किस्से बढ़ते जा रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)



### वो अंड-बंड बोलते हैं, कोई मतलब नहीं : नीतीश कुमार

केंद्रीय गृह मंत्री और अमित शाह के बयान पर नीतीश कुमार ने करारा पलटवार किया। पटना में उन्होंने कहा- 'वू सब पर ध्यान मत दीजिये। हम उनलोगों के किसी बात पर ध्यान नहीं देते हैं। वो आते हैं तो अंड-बंड बोलते हैं, कोई मतलब है। नीतीश कुमार ने किसी का नाम नहीं लिया। वे भाजपा को 'वो', 'उन्हें' और 'उनका' कहकर हमेशा संबोधित करते हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में कितना विकास हुआ है। कितना हो रहा है। कुछ मालूम है। ज्ञान तो है ही नहीं। कई मामलों पर नीतीश कुमार बहुत कम बोलते हैं। शनिवार को मीडियावालों ने उनसे अमित शाह के दौरे और उनके भाषण को लेकर कुछ पूछ दिया। फिर क्या था नीतीश कुमार शुरू हो गये। उन्होंने भाजपा नेताओं को जमकर खरी खोटी सुनायी।

# कल से संसद का विशेष सत्र, आज ऑल पार्टी मीटिंग

कई मुद्दों पर हो सकती है चर्चा, विपक्ष को गुप्त एजेंडे की आशंका

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सोमवार से शुरू होनेवाले संसद के पांच दिवसीय सत्र पर चर्चा के लिए सरकार ने रविवार को सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलायी की है। बैठक में उन्हें सत्र में होने वाले विधायी एवं अन्य कामकाज के बारे में जानकारी देगी और उनके विचार सुनेगी। सत्र के लिए सूचीबद्ध एजेंडे का एक मुख्य विषय संविधान सभा से शुरू हुई संसद की 75 वर्ष की यात्रा पर एक विशेष चर्चा है।

वहीं विपक्षी दलों का मामना है कि सरकार कुछ गुप्त एजेंडा भी सत्र में पेश कर सकती है। सरकार ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के प्रावधानों वाले विधेयक को भी सत्र में चर्चा एवं पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किया है। यह विधेयक पिछले मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में पेश हुआ था। सरकार को संसद में कुछ नये कानून या अन्य विषय पेश करने का विशेषाधिकार प्राप्त है जो जरूरी नहीं है कि सूचीबद्ध एजेंडे का हिस्सा हो। (शेष पेज 11 पर)

### संसद का नये भवन में स्थानांतरण संभव



नये संसद भवन में सत्र को लेकर लगाये जा रहे कयास के बीच संसद को नये भवन में स्थानांतरित किये जाने की प्रबल संभावना है। इसका उद्घाटन 28 मई को पीएम मोदी ने किया था। संसद के विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी नयी वर्दी में नजर आ सकते हैं। भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन की चर्चा सत्ता पक्ष प्रमुखता से ध्यान दिला सकता है। संसद के कर्मचारियों के एक वर्ग के लिए फूल की आकृति वाले नए ड्रेस कोड ने पहले ही एक राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। कांग्रेस ने इसे सत्तारूढ़ पार्टी के चुनाव चिह्न कमल के फूल को प्रचारित करने के लिए एक सस्ती रणनीति के रूप में करार दिया है।

### एजेंडा

फिलहाल, सरकार ने सत्र के पहले दिन संविधान सभा से लेकर संसद की 75 साल की यात्रा पर विशेष चर्चा की योजना बनायी है। सत्र के दौरान संविधान सभा से शुरू होने वाली 75 वर्ष की संसदीय यात्रा-उपलब्धियां, अनुभव, यादें और सीख'' पर चर्चा के अलावा, लोकसभा के लिए अन्य सूचीबद्ध कार्यों में अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023, प्रेस और पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2023 शामिल हैं जो तीन अगस्त 2023 को राज्यसभा में पहले ही पारित हो चुका है। एक आधिकारिक बुलेटिन के अनुसार, इसके अलावा, डाकघर विधेयक, 2023 को भी लोकसभा की कार्यवाही में सूचीबद्ध किया गया है।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,500 रु./प्रति किलो |

## आजसू पार्टी का महाधिवेशन 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को रांची में

# आजसू पार्टी झारखंड की राजनीति में बदलाव की लिखेगी पटकथा : सुदेश

**केंद्रीय, प्रदेश स्तरीय, जिला, विधानसभा स्तरीय और प्रखंड पदाधिकारियों की बैठक आयोजित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मोरहाबादी मैदान में 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को आजसू पार्टी का महाधिवेशन होना है। इस ऐतिहासिक महाधिवेशन के माध्यम से आजसू पार्टी राज्य की राजनीति में बदलाव की पटकथा लिखेगी। महाधिवेशन में राज्य के प्रत्येक गांव का प्रतिनिधित्व होगा इसलिए यह पूरे राज्य का महाधिवेशन होगा। इसमें युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों की समस्याओं, विचारों और सुझावों पर मंथन होगा। यह अधिवेशन झारखंड के सभी सवा तीन करोड़ लोगों का अधिवेशन होगा।



### लोस और विस चुनाव की तैयारी पर होगा मंथन

महाधिवेशन में हम राज्य की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक स्थिति पर विचार विमर्श भी होगो। अगले वर्ष होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारी और विभिन्न रणनीति पर मंथन भी करेंगे। इस महाधिवेशन के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करेंगे। वहीं महाधिवेशन के बारे में पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि पार्टी महाधिवेशन में पार्टी के एक लाख पदेन पदाधिकारी शामिल होंगे और इस आयोजन में राज्य के सभी 32 हजार गांव के प्रतिनिधि शामिल होंगे। श्री भगत ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से झारखंड के वीर आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही इस दौरान पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का चुनाव होगा।

श्री महतो कल केंद्रीय एवं प्रदेश स्तरीय जिला, विधानसभा और प्रखंड पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### जनता को महागठबंधन सरकार ने ठगा : देवशरण

केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि आज राज्य में भय, भ्रम और भ्रष्टाचार से सभी वर्ग और समुदाय के लोग परेशान हैं। राज्य की जनता को अपने वादों से झूठे सपने दिखा कर सत्ता में काबिज होने वाली महागठबंधन सरकार ने जनता के मत के खिलाफ उन्हें छलने का काम किया। सरकार बिना किसी रोडमैप के साथ काम कर रही है जिसका नतीजा है कि आज तक इस सरकार की एक भी योजना सफल नहीं हो पाई। युवाओं को रोजगार देने का वादा करने वाली सरकार रोजगार देने में शत प्रतिशत विफल रही है। इस सरकार को सत्ता को हाटने और राज्य में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हम सारे कार्यकर्तओं के साथ इस पर काम करेंगे और आने वाले चुनावों में यह बदलाव देखने को भी मिलेगा। इस बैठक में पार्टी केंद्रीय समिति सदस्य, सभी विस प्रभारी, सभी जिला प्रभारी, अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव तथा प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, नगर अध्यक्ष, नगर सचिव एवं सभी अनुषंगी इकाई के अध्यक्ष, सचिव शामिल हुए।

### हटिया विस स्तरीय पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी सम्मेलन

रांची स्थित लाल गुटवा बैंक्वेट हॉल में हटिया विधानसभा स्तरीय पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी सम्मेलन पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज यह राज्य नितृत्व विहीन है, सरकार की सोच राज्य स्तरीय नहीं है इनके पास विकास का कोई पैमाना ही नही। इस सरकार ने राज्य में अराजकता का माहौल बना दिया है, इसी अराजकता के खिलाफ राज्य की जनता वोट की चोट से इन्हें सत्ता से हटाएगी।

## मरीज के परिजनों ने कंपनी पर लगाया गड़बड़ी का आरोप

# राज्य में डायलिसिस सेवा देनेवाली कंपनी नहीं कर रही शर्तों का पालन

**16 जिलों के सदर अस्पतालों में पीपीपी मोड पर मेसर्स एस्केग संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड दे रही डायलिसिस सेवा**

**एमओयू में क्या है शर्त :** एमओयू में साफ लिखा है कि डायलिसिस यूनिट में चिकित्सक की मौजूदगी में ही डायलिसिस होनी चाहिए

**कंपनी कैसे कर रही कार्य :** बिना मेडिकल ऑफिसर के डायलिसिस का किया जा है काम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के 16 जिलों के सदर अस्पतालों में पीपीपी मोड पर डायलिसिस की सेवा दी जा रही है। प्रधानमंत्री नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम के तहत मरीजों के डायलिसिस करने का जिम्मा मेसर्स एस्केग संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड के हाथों में है लेकिन कंपनी के द्वारा बिना मेडिकल ऑफिसर के डायलिसिस हो रहा है, जबकि एमओयू में लिखा है कि डायलिसिस यूनिट में चिकित्सक की मौजूदगी में ही डायलिसिस होनी चाहिए। वहीं, डायलिसिस केंद्र में व्याप्त खामियों को लेकर नीतीश कुमार नामक व्यक्ति ने स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों से अनियमितता की जांच करने की मांग की है।

### डायलिसिस यूनिट में नहीं रखा जाता हाइजीन का ख्याल

डायलिसिस यूनिट में हाइजीन का ख्याल नहीं रखा जाता है। हेपेटाइटिस बी, एचसीवी मरीज का डायलिसिस बेड और नॉर्मल रोगियों के डायलिसिस बेड के बीच में कोई गैप नहीं रहता है। वहीं किसी भी यूनिट में मरीजों के बैठने की कोई भी व्यवस्था नहीं है। नीतीश ने मांग की है कि डायलिसिस यूनिट का औचक निरीक्षण नेफ्रोलॉजिस्ट और विशेषज्ञों की मौजूदगी में करें।

### महिला मरीजों को अटेंड करने के लिए नहीं है महिला नर्स

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिखे गए पत्र में उल्लेख किया है कि डायलिसिस यूनिट में महिला मरीजों को अटेंड करने के लिए कोई भी महिला नर्स नहीं है, जबकि एमओयू में साफ शब्दों में उल्लेख किया गया था कि जीएनएम स्टाफ की उपलब्धता होनी चाहिये। वहीं, बायोमेडिकल वेस्ट के निष्पादन का कोई प्रावधान नहीं है। डायलिसिस के दौरान निकलने वाला मेडिकल वेस्ट यूनिट में पड़ा रहता है, जबकि एमओयू में उल्लेख है कि एजेंसी को बायोमेडिकल कंपनी के साथ रजिस्टर्ड होना चाहिये। डायलाइजर को 10 बार इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन डायलाइजर की गुणवत्ता जांचने वाली डायलाइजर रिप्रोसिंग मशीन किसी भी यूनिट में उपलब्ध नहीं है।

# टेट पास सहायक अध्यापकों ने राजभवन के समक्ष किया हवन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के टेट पास सहायक अध्यापकों ने शनिवार को राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना कार्यक्रम के 26वें दिन हवन कार्यक्रम किया। इस दौरान आंदोलनरत शिक्षकों ने कहा कि हम सब 26 दिनों से अनशन पर बैठे हुए हैं और हमारी मांग वेतनमान पर सरकार किसी तरह का कोई पहल नहीं कर रही है। कई अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ रही है, परंतु सरकार कोई सुध नहीं ले रही है। टेट पास सहायक अध्यापकों ने कहा कि हेमंत सरकार को सद्बुद्धि दे, ताकि सरकार उनकी एक मांग वेतनमान पर तत्काल विचार करे। कार्यक्रम में झारखंड राज्य स्टेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति के प्रमोद कुमार, सीमांत घोषाल, मुख्तार अंसारी, नफीस अख्तर, गोड्डा यदुवंशी गौरव, कुंदन यादव, राजकुमार पंडित, गुणधार महतो, सुमन सिंह, घनश्याम कुमार चंद्र, जय काली नाथ साहदेव, उमेश यादव, संजय यादव, आशीष पांडे, दुर्गा चरण महतो, सुरेंद्र सिंह, साजिद शेख, बलराम महतो, उमेश महतो, राजकुमार यादव, नवीन कुमार, संतोष मंडल, हेमलाल राय, सुमन कुमार, संजय कुमार, विनोद कुमार और सूरज सिंह उपस्थित थे।


E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111

**JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI**

1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001

Ref.:- 1695 Date: 16.09.2023

Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites **"Bids for Implementation of Positive Pay System"** for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.

Last date for submission of documents: **07.10.2023 till 12:00 Noon.**

For eligibility criteria and other details, please visit website: **http://www.jscb.gov.in**

Sd/- CEO, JSCB, Ranchi


# मो. फैजान ने आइएसआइएस से युवाओं को जोड़ने के लिए बनाया था क्लोज ग्रुप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में आतंकी संगठन आइएसआइएस की मॉड्यूल को लेकर एनआइए ने गुरुवार को कई राज्यों के नौ ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान मध्यप्रदेश के रतलाम से एक संदिग्ध राहुल सेन उर्फ उमर की गिरफ्तारी भी हुई थी, झारखंड में आतंक फैलाने के उद्देश्य से इस मॉड्यूल का गठन किया गया था। इस मामले में लोहरदगा से पूर्व में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र मो फैजान की गिरफ्तारी हुई थी।

**डार्क नेट के जरिए आईएसआईएस से जुड़ा था फैजान :** एनआइए ने जांच में पाया है कि फैजान बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स का छात्र था। वह एएमयू कैंपस के बाहर लॉज में रहा करता था। इसी दौरान वह आईएसआईएस ऑपरेटिव के संपर्क में आया। इसके बाद उसने आईएसआईएस से दूसरे युवाओं को जोड़ने की मंशा से एक क्लोज ग्रुप भी बनाया था। इस्लाम स्वीकारने वाले नव युवकों को भी वह आईएसआईएस कैडर बनाने में लगा था। संगठन के विदेशी हैंडलर के संपर्क में भी फैजान के होने की बात सामने आयी है। फैजान आईएसआईएस की विशेष की ट्रेनिंग के लिए विदेश जाने की भी तैयारी में था।



एएमयू में पढ़ाई के दौरान संपर्क में आयाजुलाई महीने में एनआईए ने फैजान नाम के युवक को लोहरदगा से गिरफ्तार किया था। एएमयू में पढ़ाई के दौरान फैजान आईएसआईएस चरमपंथियों के संपर्क में आकर संगठन में शामिल हो गया था। एनआईए ने गुरुवार को छह राज्यों में नौ ठिकानों पर छापेमारी के बाद राहुल सेन उर्फ उमर उर्फ उमर बहादुर को गिरफ्तार किया। उसके पास से लैपटॉप, पेन ड्राइव, मोबाइल फोन के साथ-साथ आईएसआईएस से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं।

### फैज से लगातार संपर्क में था

राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए की रांची टीम ने मध्य प्रदेश के रतलाम से राहुल उर्फ उमर को खजूरी देवड़ा गांव से गिरफ्तार किया था। आरोप है कि इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया के लिए काम करने वाले फैजान से उमर लगातार संपर्क में था। फैजान की तरह उमर भी सोशल मीडिया के जरिए लगातार आतंकी गतिविधियों का संचालन कर रहा था।

### कहां-कहां पड़े थे छापे

एनआइए अधिकारियों के मुताबिक, बिहार के सिवान, उतर प्रदेश के जौनपुर, आजमगढ़, महाराजगंज, मध्यप्रदेश के रतलाम, पंजाब के लुधियाना, दक्षिणी गोवा, कर्नाटक के यदगीर और मुंबई में एनआईए ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान आईएसआईएस से जुड़े कई वीडियो भी एजेंसी को मिले हैं। झारखंड आईएसआईएस मॉड्यूल को लेकर एनआईए ने 19 जुलाई को एफआईआर दर्ज किया था। उसी दिन फैजान अंसारी की गिरफ्तारी हुई थी। जांच में यह बात सामने आयी है कि 19 वर्षीय फैजान अंसारी ने झारखंड मॉड्यूल के गठन में अहम भूमिका निभाई थी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए वह आईएसआईएस से लोगों को जोड़ रहा था साथ ही आतंकी संगठन की विचारधारा का प्रचार-प्रसार भी किया करता था। आईएसआईएस में युवाओं को जोड़कर उसकी योजना आतंकी वारदात को अंजाम देने की थी।

## लंपी वायरस से निपटने के लिए पशुपालन विभाग तैयार

# सभी जिलों को 20 सितंबर तक भेजी जायेंगी 48 लाख वैक्सीन की खुराक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के अलग अलग हिस्सों में मवेशियों में लंपी वायरस का खतरा बढ़ा है। गायों के शरीर पर चेचक की तरह के लक्षण दिख रहे हैं। स्थानीय स्तर पर जिलों में पशुपालन विभाग के स्तर से इलाज के लिए पहल की जा रही है। पशुपालन विभाग ने इसके लिए कदम उठाया है। सभी 24 जिलों में वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है। विभाग की मानें तो अगले 4-5 दिनों के अंदर या 20 सितंबर तक जिलों में वैक्सीन की पर्याप्त खुराक पहुंच जाएगी। कुल 48 लाख वैक्सीन जिलों को उपलब्ध कराए जाने हैं।

जिलों के पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय को अलग-अलग मात्रा में लंपी वायरस के निदान के लिए वैक्सीन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। खूंटी को 124000, कोडरमा को 87900, लातेहार को 158800, लोहरदगा को 65400, पाकुड़ को 162900, पलामू को 288800, रामगढ़ को 59700, रांची को 273600, साहिबगंज को 111400, सरायकेला को 146700, सिमडेगा को 184800, प. सिंहभूम को 218900, बोकारो को 173800, चतरा को 231100, देवघर को 310000, धनबाद को 153800, दुमका को 323000, पूर्वी सिंहभूम को 185700, गढ़वा को 295700, गिरिडीह को 265800, गोड्डा को 319800, गुमला को 251600, हजारीबाग को 243700 और जामताड़ा को 163100 वैक्सीन मिलने हैं।

**इनमें भी लंपी वायरस का खतरा**

बताते चलें कि गायों के अलावे बैल, बकरियों में भी लंपी वायरस से संबंधित परेशानियों को देखा जा रहा है। पशुपालन विभाग इसे लेकर जिलों में अलर्ट मोड पर आ गया है। प्रभावित मवेशियों के सिरम को जांच के लिए रांची भेजा जाने लगा है। यहां से भोपाल (मप्र) भेजा जायेगा। फिलहाल, जिलों में मवेशियों के लिए लंपी का लक्षण मानकर ही इलाज किया जा रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 07/2023-24**

1 विज्ञापन दाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय – 29-09-2023 को अप0 12.00 बजेतक।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 30-09-2023 के अप0 2.30 बजेतक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30-09-2023 के अप0 3.00 बजेसे।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान - (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7 कार्य विवरणी :–

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of PDJ Residence in Simdega District. | 24,99,600.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |

निविदा की शर्ते–**WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 307157 Building(23-24)D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय–औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कोडरमा**

**सत्र 2023–24–25 में रिक्त सीटों पर ऑनलाईन नामांकन से संबंधित आवश्यक सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के पत्रांक– सं0सं0–5/प्रशि(प्रशि)–01/2023–1434, दिनांक–14/09/2023 के द्वारा रिक्त सीटों पर दिनांक– 16/09/2023 से 17/09/2023 तक 3rd round online counselling हेतु Choice filling of Trades/ ITI'S, दिनांक– 18/09/2023 से 21/09/2023 तक seat allotment, दिनांक–18/09/2023 से 21/09/2023 तक admission in concern ITI एवं, दिनांक–22/09/2023 से 23/09/2023 तक Spot Round online Admission किये जाने का निदेश दिया गया है।

उक्त के आलोक में वैसे आवेदकों को सुचित करना है जो पुर्व से इस संस्थान में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पोर्टल पर नामांकन हेतु निबंधित हैं, उपरोक्त वर्णित तिथियों के अनुसार 3rd round online counseling/ admission in concern ITI अथवा Spot Round online Admission (First Come First Serve के आधार पर) में भाग ले सकते हैं। इस संस्थान में 2nd Round Counselling/Admission के बाद रिक्त सीटों की संख्या व्यवसायवार एवं कोटिवार निम्नवत् है।

| Trade | SC | ST | BC-I | BC-II | UR | EWS | SMQ | PH | Total Vacant seat |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Drone Technician | 4 | 2 | 0 | 2 | 4 | 2 | 1 | 1 | 16 |
| Electrician | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 02 |
| Electronic Mechanic | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 03 |
| Fitter | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 | 04 |
| Mechanic Diesel | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 05 |
| M.M.V | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 04 |
| Plumber | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 2 | 1 | 1 | 12 |
| Turner | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 | 06 |
| Welder | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 | 07 |
| Wireman | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 | 07 |
| Total | 13 | 7 | 5 | 4 | 4 | 15 | 9 | 9 | 66 |

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लोकाई, कोडरमा

PR 307143Labour Employment and Traning(23-24)#D


# कांग्रेस पर हमलावर हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लिया है। शनिवार को सोशल मीडिया के जरिये खासकर पार्टी नेता राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कांग्रेस पार्टी का आईटी सेल चीन से ऑपरेट हो रहा है। ये चौंकाने वाला खुलासा है। इसकी जांच होनी चाहिये। इसका लोकेशन सियाचीन, चाईना और डोमेन नेम : कांग्रेस आईटी सेल डॉट कॉम दिखा रहा है **वहीं** सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए बाबूलाल ने दिखाने की कोशिश की है कि राहुल भारतीय जवानों के साथ बैठकर कुछ बातें कह रहे हैं। बाबूलाल के मुताबिक कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी हर भारतीयों के लिए गर्व के प्रतीक हमारी सेना में फूट डालना चाहते हैं?

# अब शराब के अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई करेगी एटीएस, गृह विभाग का आदेश जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शराब के अवैध कारोबार और इससे जुड़े अपराध की जांच के लिए आंतकवाद निरोधी दस्ते और इसके राज्यस्तरीय थाने को शक्ति दी गयी है। यानि आंतकवाद निरोधी दस्ता और इससे जुड़े थाने राज्य में कहीं भी अवैध अल्कोहल, स्प्रीट, मदिरा के चौर्य व्यापार, निर्माण, परिवहन, बिक्री, वितरण से संबंधित गंभीर कांडों, जिससे संगठित गिरोह, अंतर्राज्जीय एवं राज्य अंतर्गत पेशेवरों के शामिल होने एवं इसके कारण विधि वयवस्था में गड़बड़ी तथा जान-माल की क्षति या कोई राजकोषीय क्षति होने की संभावना रहती है तो दस्ता कानूनी कार्रवाई कर सकता है। छापेमारी, गिरफ्तारी एवं अनुसंधान भी करने की शक्ति दी गयी है। इस संबंध में गृह सचिव अविनाश कुमार के हस्ताक्षर से आदेश भी जारी कर दिया गया है।

दरअसल, सरकार का मानना है कि आतंकवाद एवं संगठित अपराध की कड़ियां सामान्यतः आपस में जुड़ी रहती है। भयादोहन, मादक पदार्थ के अवैध धंधे, तस्करी आदि का सहारा लिया जाता है। शराब की अवैध विक्री, वितरण इत्यादि भी आंतकवाद के पोषण में सहायक है।

## झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एकदिवसीय महाअधिवेशन आयोजित

# शिक्षकों की सभी मांगें जायज हैं, इसे पूरा कराने का प्रयास होगा : मिथिलेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ की ओर से शनिवार को गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज में राज्य स्तरीय एक दिवसीय महाअधिवेशन का आयोजन किया गया। इसमें संघ के सभी पदाधिकारी, राज्य एवं जिला कार्यकारणी सदस्यों समेत 1000 से भी अधिक शिक्षक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद एवं पूर्व शिक्षामंत्री बंधु तिर्की उपस्थिति थे। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने संगठन के क्रियाकलापों और शिक्षकों के अनुशासन की प्रशंसा की और शिक्षकों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों पर वह स्वयं मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे और उसे पूरा कराने का प्रयास करेंगे। अंतर जिला स्थानांतरण, शिक्षकों को सभी गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति जैसी समस्याओं पर शीघ्र हल निकाला जायेगा। उन्होंने माना कि शिक्षकों की समस्याओं का ससमय और प्राथमिकता से समाधान होना आवश्यक है और सरकार इसपर गंभीर है।



वहीं, विधायक अंबा प्रसाद ने शिक्षकों से कहा कि उनकी समस्याओं का निदान प्राथमिकता होगी और वह प्रयास करेंगी कि प्रोन्नति, अंतर जिला स्थानांतरण एवं अन्य सभी समस्याओं का समाधान निकले।

प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू ने कहा कि हममें से प्रत्येक शिक्षक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को कटिबद्ध हैं। परंतु यह शिक्षकों के समस्याग्रस्त और तनावग्रस्त रहते संभव नहीं है। सरकार एवं विभाग को शिक्षकों के समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर देना चाहिए।

प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा कि विभाग को शिक्षकों को उचित सम्मान देने पर विचार करते हुए उनके कल्याण के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। मंच का संचालन वरीय उपाध्यक्ष मो क्यामुद्दीन ने किया।

**कार्यक्रम में जो प्रस्ताव पारित किये गये**

- राज्य भर के शिक्षकों, जिनकी नियुक्ति 2015-16 और 2019 में हुई है। उन्हें बिना वरीयता खोये सामूहिक रूप से अंतर जिला स्थानांतरण का एक अवसर अवसर शीघ्र प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए विभाग से मांग की गयी। अगले वर्ष चुनावी वर्ष है, ऐसे में यह अवसर इसी वर्ष दिए जाने का आग्रह किया गया।
- मध्य विद्यालयों में सीधी नियुक्ति से नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित (ग्रेड 4) शिक्षक जो 7 वर्ष से अधिक समय से अपने पदों पर वास्तविक रूप से पदस्थापित एवं कार्यरत हैं, को मौजूदा समय में प्रभावी प्रोन्नति नियमावली 1993 के प्रावधानों के अनुसार शीघ्र प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति दी जाये। इसकी मांग विभाग से किया गया तथा किसी भी तरीके से उच्चतर उत्तरदायित्व वाले पदों में भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति नहीं हो, इस पर अपना पक्ष रखा गया।
- टेट उत्तीर्ण एवं अनिवार्य एवं निशुल्क शिक्षा अधिनियम के अनुपालनार्थ नियुक्त सभी शिक्षकों को विभिन्न प्रोन्नतियों में वरीयता एवं प्राथमिकता देने की मांग रखी गई। यह भी प्रस्ताव रखा गया कि उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में भी ग्रेड 4 व ग्रेड 7 के पद सृजित कर इन्हें उक्त शिक्षकों के प्रोन्नति हेतु आरक्षित किया जाये।
- जोन 4/5 में पदस्थापित शिक्षकों को क्रमशः 10% और 15% प्रोत्साहन भत्ता मिलना चाहिये।
- शिक्षक बायोमेट्रिक उपस्थिति निजी डिवाइस से नहीं बनाएंगे। विभाग को शीघ्र डिवाइस उपलब्ध कराने के साथ-साथ इवीवी एप में व्याप्त समस्याओं को दूर करते हुए इसपर एक एसओपी जारी करने की आवश्यकता है।

स्पीड न्यूज

# टाटा स्टील में कॉमन वेज स्ट्रक्चर लागू, सुपरवाइजर का पद समाप्त

## विशाल यादव एशियन गेम्स 2023 के लिए टीम इंडिया में चुने गये

जमशेदपुर। जमशेदपुर एफसी के युवा गोलकीपर विशाल यादव को आगामी एशियन गेम्स 2023 में भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए खेलने के लिए चुना गया है। यह युवा गोलकीपर के लिए बहुत बड़ी खबर है, जहां उनके लिए ब्लू टाइगर्स की जर्सी पहनने का पहला अवसर होगा। विशाल ने इंडियन सुपर लीग 2022-23 सीजन में कुछ उल्लेखनीय प्रदर्शन किए, यहां तक कि कई अनुभवी भारतीय गोलकीपरों से भी बेहतर प्रदर्शन किया, जिसे चयनकर्ताओं ने नोट किया। कठिन परिस्थितियों में भी उनके शांत और धैर्यवान स्वभाव ने उन्हें एशियन गेम्स 2023 में 1.4 बिलियन से अधिक लोगों के सपने का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक योग्य उम्मीदवार बनाते हुए बहुत प्रशंसा अर्जित की है। विशाल यादव जमशेदपुर में एक संपन्न और सफल युवा प्रणाली का प्रमाण हैं। प्रसिद्ध टाटा फुटबॉल अकादमी (टीएफए) ने पिछले कुछ वर्षों में कुछ अविश्वसनीय प्रतिभाएं तैयार की हैं और विशाल उस प्रणाली के एक उत्पाद हैं जिस पर अकादमी को बहुत गर्व हो सकता है। उन्होंने 2020-21 हीरो इंडियन सुपर लीग सीजन से पहले पहली टीम में शामिल होने से पहले युवा टीम रैंक पर काम किया। बहुत कम समय में विशाल ने खुद को स्टील सिटी का सितारा बना लिया है। उन्होंने दिसंबर की शुरूआत में एटीके मोहन बागान (जिसे अब मोहन बागान सुपर जाइंट नाम दिया गया है) के खिलाफ जमशेदपुर के लिए डेब्यू किया और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस उपलब्धि से खुश विशाल ने कहा, मैंने 12 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया था और मैं एक और युवा था जो एक पेशेवर फुटबॉलर बनने की इच्छा रखता था और इसी तरह मेरी फुटबॉल यात्रा शुरू हुई। मुझे भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलने पर बहुत गर्व है और मैं टीम की मदद करने के लिए अपना सब कुछ दूंगा और इस अवसर का उपयोग वरिष्ठ खिलाड़ियों से सीखने के लिए भी करूंगा। एशियन गेम्स चीन के हांग्जो शहर में आयोजित हो रहे हैं और 23 सितंबर से शुरू हो रहे हैं।

## विधायक ने स्वास्थ्य मेला का किया उद्घाटन



चांडिल। शनिवार को ईचागढ के विधायक सविता महतो ने नीमडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने आम जनता से स्वास्थ्य मेला में पहुंचकर अधिक से अधिक लाभ लेने का अपील किया। स्वास्थ्य मेला में पहुंचे मरीजों को चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा जांच कर निशुल्क दवाई दिया गया। स्वास्थ्य मेला परिसर में एलोपैथिक, होम्योपैथिक, आयुष के कैंप लगाया गया है। इस अवसर पर प्रमुख फुलमनी हांसदा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी संजय पांडे, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनंत कुमार, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, हरिदास महतो, हरे कृष्णा सिंह सरदार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नेत्र शिविर में आज 25 रोगियों के मोतियाबिंद का होगा ऑपरेशन

जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा 692वें नेत्र शिविर का शुभारंभ बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में नेत्र रोगियों के जांच के साथ जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया गया। स्व लक्ष्मी नारायण जी बंसल की स्मृति में आयोजित नेत्र शिविर में 47 नेत्र रोगियों के आंखों की जांच की गयी, जिसमें से 25 नेत्र रोगियों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन योग्य पाया गया। नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण रविवार को डॉ बी पी. सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. आनन्द सुश्रुत एवं सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया जायेगा। आज नेत्र जांच के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाईटी के विजय कुमार सिंह ने बालमुकुन्द गोयल, राकेश मिश्र, पवन मिश्र, राजीव रंजन, आशीष कुमार, अशोक घोषाल, प्रकाशभानु मुख्य रूप से उपस्थित थें।

## अब सभी ओएस ग्रेड के कर्मी

### 53 ग्रेड को 12 ग्रेड में समेटकर 4 ब्लॉक में किया गया विभाजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

प्रबंधन और टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच हुआ समझौता



समझौते के बाद पत्रकारों को जानकारी देते अध्यक्ष संजीव चौधरी। साथ में बायें शैलेश सिंह और महासचिव सतीश सिंह।

जमशेदपुर। टाटा स्टील में सितंबर 2023 से नया वेज स्ट्रक्चर लागू हो गया। इसे लेकर शनिवार को प्रबंधन और मान्यता प्राप्त टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच समझौता हो गया।

अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि टाटा स्टील में विभिन्न 53 ग्रेडों को 12 ग्रेड में समेटा गया है। इन 12 ग्रेडों को चार ब्लॉक में बांट दिया गया है। इस समझौते के साथ ही टाटा स्टील में अब सुपरवाइजर का पद समाप्त हो गया। अब टाटा स्टील में सभी कर्मचारी और सुपरवाइजर ओएस ग्रेड ग्रेड के कर्मचारी कहलायेंगे। इस समझौते से एनएस ग्रेड के कर्मचारियों के लिए ग्रोथ का रास्ता खुला है। साथ ही वर्षों से एक ही ग्रेड में ठहराव का दंश झेल रहे कर्मचारियों के लिए भी ग्रोथ का रास्ता खुला है। इस समझौते से किसी भी कर्मचारी को किसी प्रकार का वित्तीय नुकसान नहीं हुआ है। करीब 90 प्रतिशत कर्मचारियों को एक इंक्रीमेंट का लाभ मिलने की बात यूनियन ने कही है। एनएस ग्रेड के कर्मचारियों के लिए वेकेंसी में पुराने ग्रेड के कर्मचारियों के बराबर अधिकार मिला है। अब कोई भी एनएस ग्रेड के कर्मचारी किसी भी सेक्शन या डिवीजन स्तर पर होनेवाली रिक्तियों के खिलाफ ओल्ड सीरीज के कर्मचारियों के साथ परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। पहले उन रिक्तियों को ओल्ड सीरीज के कर्मचारियों से भरा जाता था। रिक्ति नहीं भरने की स्थिति में तब एनएस ग्रेड के कर्मचारियों को अवसर मिलता था। एनएस ग्रेड के कर्मचारियों के इंसेंटिव बोनस को भी ओल्ड सीरीज के बराबर कर दिया गया। इससे इस ग्रेड के कर्मचारियों से 200 से 500 रुपये तक का लाभ प्रतिमाह होगा। सभी ग्रेड को ओएस-1 से ओएस-12 तक बांटा गया है। एस, डी, एसोसिएट और वी ग्रेड के सभी कर्मचारियों के लिए यूनिफॉर्म ऑर्गनाइजेशन स्ट्रक्चर ग्रेड का बंटवारा इस तरह किया गया है।

| वर्तमान ग्रेड | यूआरजी | ब्लॉक | ग्रेड स्ट्रक्चर |
|---|---|---|---|
| वी-20, एनएस-12 | ओएस-12 | 4 | 47460-3%-85720 |
| वी-19, एनएस-11 | ओएस-11 | 4 | 47135-3%-85135 |
| वी-18,एनएस-10 | ओएस-10 | 4 | 46795-3%84520 |
| वी-17, एनएस-9 | ओएस-9 | 3 | 46465-3%-83925 |
| वी-11-16,एनएस-8 | ओएस-8 | 3 | 46155-3%-83365 |
| वी-10,एनएस-7, (सीनियर एसोसिएट) | ओएस-7 | 3 | 44195-3%79825 |
| वी-6-9, एनएस-6 | ओएस-6 | 2 | 43855-3%-79210 |
| वी-1-5, एस-13-17,एनएस-5, | ओएस-5 | 2 | 43250-3%-78115 |
| एस-10-12,एनएस-4 ,डी-9-12, एसोसिएट, | ओएस-4 | 2 | 35725-3% 68525 |
| एस-9,डी-8,एनएस-3 | ओएस-3 | 1 | 31675-3%57210 |
| एस-8,डी-7,एनएस-2, जूनियर एसोसिएट | ओएस-2 | 1 | 30795-3%55620 |
| एस-1-7,डी-1-6, एनएस-1 | ओएस-1 | 1 | 29910-3%54025 |

## टाटा स्टील में ग्रुप-4 का किया गया सृजन

टाटा स्टील में शेयर्ड सर्विसेस के अलावा कुछ ऑपरेशंस एरिया के 543 कर्मचारियों के लिए एक नया ग्रुप-4 का सृजन किया गया। इस ग्रुप में एनएस ग्रेड के कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है। इनमें ब्लॉक-3 में 4457 से पुनरीक्षित कर 3914 तथा ब्लॉक-4 में 216 से पुनरीक्षित कर स्टैंडर्ड फोर्स 759 किया गया है।

# नवीनीकृत साकची गुरुद्वारा संगत के सहयोग से संगत की सेवा में समर्पित : निशान सिंह

भगवान सिंह, शैलेन्द्र सिंह और गुरविंदर शेट्टी कीर्तन दिवान में हुए शामिल, किये गए सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

सुण वडपागिया हर अमृत बाणी राम, जिन कउ करम लिखी तिस रिंदै समाणी राम...





जमशेदपुर। श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाशोत्सव समागम मौके पर साकची गुरद्वारा का नवीनीकृत दरबार साहिब 'सुण वडपागिया हर अमृत बाणी राम' शब्द गायन के साथ संगत की सेवा में समर्पित किया गया। शनिवार को समागम के दूसरे और अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में सिख संगत का गुर दर्शन को साकची गुरुद्वारा में हाजिर रही।

संगत को सम्बोधित करते हुए प्रधान निशान सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व के पावन मौके पर साकची गुरुद्वारा साहिब का दरबार हॉल संगत की सेवा में समर्पित करने का यह भाग्यशाली क्षण केवल और केवल संगत के सहयोग से ही संभव हो पाया है। इस अवसर पर सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह चेयरमैन शैलेंदर सिंह, रेलवे बोर्ड के सदस्य गुरविंदर सिंह शेट्टी ने भी प्रकाशपर्व में शामिल होकर अपने विचार संगत के बीच रखे। कीर्तन दिवान के दूसरे दिन एक बार फिर दरबार साहिब, अमृतसर से आये महान रागी संदीप सिंह भक्तिरस से लबरेज शब्द-कीर्तन गायन किया। उन्होंने 'सुण वडपागिया हर अमृत बाणी राम, जिन कउ करम लिखी तिस रिदै समाणी राम', 'भूलि मालणी है इउ, सतगुर जागता है देउ' के अलावा भी अन्य गुरबाणी अनुसार शब्द पढ़कर कर संगत को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शख्सियतों सम्मान किया। इस अवसर पर भगवान सिंह, शैलेन्द्र सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला और गुरविंदर सिंह शेट्टी को भी सम्मानित किया गया। इस पावन मौके पर सिख समाज के और भी कई गणमान्य शख्सियतों ने हाजरी भरी जिनमे विशेष रूप से परविंदर सिंह सोहल, डॉ राजेंद्र सिंह, डॉ स्वर्ण सिंह, सतवीर सिंह सोमू, टीटू सिंह, रविंदर सिंह रिंकू समेत अन्य गुरद्वारों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे जिन्होंने नवीनीकृत साकची गुरुद्वारा साहिब के दरबार हॉल की जमकर प्रशंसा की। ग्रंथी अमृतपाल सिंह मन्नन ने गुरु महाराज के सामने अरदास की। उपरांत सुखमणी साहिब कीर्तनी जत्था, स्त्री सत्संग सभा, भाई दिलजीत सिंह भोपाल वाले ने शब्द-कीर्तन कर संगत को निहाल किया। ढाढी जत्था भाई भूपिंदर सिंह जोगी ने भी संगत को सिख इतिहास से रु-बू-रु कराया। इस अवसर पर संगत को पंगत बैठाकर लंगर छकाया और प्रसाद बांटा गया। मंच का संचालन में सुरजीत सिंह छीते ने किया जबकि मनमीत सिंह के नेतृत्व में नौजवान सभा के युवकों ने जोड़े घर एवं गुरु नानक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लंगर की सेवा बखूबी निभाई। प्रधान निशान सिंह, ट्रस्टी सतनाम सिंह सिद्धू-जगजीत सिंह, महासचिव परमजीत सिंह काले और शमशेर सिंह सोनी, सतनाम सिंह घुम्मन, जगमिंदर सिंह, ताज सिंह, मनमोहन सिंह, सुरजीत सिंह छीते, जसबीर सिंह गाँधी, सुखविंदर सिंह निक्कू, सतबीर सिंह गोल्डू, त्रिलोचन सिंह तोची, बलबीर सिंह, अवतार सिंह, अमरपाल सिंह, जसवंत सिंह लाडी, सन्नी सिंह, अमन सिंह और नानक सिंह समेत साकची कमिटी के सभी सदस्यों ने प्रकाशपर्व के पहले दिन को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभायी।

## मीलादुन्नबी का चांद दिखने के बाद होगा जुलूस ए मोहम्मदी का एलान

14वां संयुक्त जुलूस-ए-मोहम्मदी के लिए तंजीम अहले सुन्नत ने शुरू की तैयारियां

खबर मन्त्र ब्यूरो




जमशेदपुर। मीलादुन्नबी का चांद दिखने के बाद अकीदत व एहतराम के साथ 14 वां संयुक्त जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जायेगा। इस अवसर पर मानगो गांधी मैदान से विशाल जुलूस निकाला जायेगा जुलूस साकची आमबगान से होकर घातकीडीह सामुदायिक भवन मैदान में समाप्त होगा। आयोजन को लेकर शुक्रवार को तंजीम अहले सुन्नत व जमात की बैठक मदरसा फजूल उलूम स्थित हाल में आयोजित की गई। बैठक में मजलीसे शूरा और इंतेजामिया के लोगों ने शिरकत की। बैठक में पैगम्बर मुहम्मद साहब की शान में शानदार और भव्य मुत्तहिदा जुलूस-ए-मोहम्मदी शानदार तरीके से निकालने और ईद मिलादुन्नबी की तैयारीयो पर चर्चा की गई। बैठक में तंजीम के जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी ने बताया कि चांद दिख जाने के बाद जुलूस-ए-मोहम्मदी की तिथि का अधिकारिक एलान किया जायेगा।

## मिट्टी बचाओ अभियान के तहत साइकिल से देश भ्रमण पर निकले हैं मोहित, जमशेदपुर पहुंचने पर हुआ स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



गोलमुरी में मोहित का अभिनंदन करते लोग।



मोहित निरंजन।

जमशेदपुर। शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन गोलमुरी शाखा एवं ईशा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मोहित निरंजन एक जोशीले युवा जो ललितपुर उत्तर प्रदेश से निकले हुए जो पूरे देश में साइकिल से भ्रमण कर रहे हैं और मिट्टी बचाओ आंदोलन के प्रणेता रहे हैं, उनका जमशेदपुर पहुंचने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। हमारे देश की माटी की उर्वरा शक्ति धीरे-धीरे कम हो रही है और रासायनिक खादों की वजह से काफी नुकसान हो रहा है। जिससे आने वाली पीढ़ी को हम एक अच्छी धरोहर नहीं दे पाएंगे। इसीलिए हमें सदैव प्रयास करना होगा कि हम जल संरक्षण, वायु संरक्षण और मिट्टी संरक्षण पर विशेष ध्यान दें और इसे एक जन आंदोलन बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहे। जिला अग्रवाल सम्मेलन के महासचिव अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, गोलमुरी शाखा के अध्यक्ष शंकर अग्रवाल, सचिव विजय गुप्ता प्रेम अग्रवाल एवं ईशा फाउंडेशन के सदस्यों ने मोहित निरंजन का दुपट्टा एवं पुष्प से स्वागत किया।

## राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस पर बीए कॉलेज ऑफ इंजी. में लगी प्रदर्शनी

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस के अवसर पर बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर ने 15 और 16 सितंबर को इनोवेशन मॉडल पर दो दिवसीय प्रदर्शनी मनाया। इस प्रदर्शनी में सभी शाखाओं के दूसरे, चौथे एवं छठे सेमेस्टर छात्रों ने इनोवेसन तकनीकी मॉडल बनाये और नई रचनात्मक चीजें बनाने के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाई। सभी शाखाओं के विद्यार्थियों द्वारा कुल 14 इनोवेटिव मॉडल बनाये गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एम के झा (सीनियर डीजीएम, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) ने सभी प्रोजेक्ट मॉडल का अध्ययन किया और छात्रों की कड़ी म्हणत की सराहना की। राजेंद्र विद्यालय साकची और घुटिआ, संत नंद लाल स्मृति विद्या मंदिर, घाटशिला, ग्रेजुएट स्कूल एवं कॉलेज, जमशेदपुर, मारवाड़ी हाई स्कूल महुलिआ, जे के एम कॉलेज, मारवाड़ी +2 हिंदी हाई स्कूल जैसे कई स्कूल कॉलेज के छात्रों ने प्रदर्शनी देखने के लिए कॉलेज का दौरा किया। समारोह की शुरूआत प्रभारी प्राचार्या अनुमिता सेन गुप्ता द्वारा मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।

## शेखर डे पुनः चुने गये मिलानी के अध्यक्ष

दीपांकर दत्ता महासचिव

शहर की सबसे पुरानी सांस्कृतिक संस्था की वार्षिक आमसभा आज

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। शहर की सबसे पुरानी सांस्कृतिक संस्थाओं में से एक दी मिलानी की नई कर समिति का चुनाव आज वित्तीय वर्ष 2023- 25 के लिए किया गया। सर्वसम्मति से एक बार फिर अध्यक्ष पद पर समाजसेवी शेखर डे को चुना गया। नयी कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा आज होने वाली वार्षिक आमसभा में की जायेगी। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष पद पर संयुक्त रूप से भास्कर मित्रा, अनिमेष कुमार सरकार, स्वप्न कुमार अदक, सुदीप्त मुखर्जी, स्वप्न कुमार मजूमदार, पुलक कुमार सेनगुप्ता चुने गए। मिलानी के महासचिव पद पर दीपंकर दत्ता को चुना गया है जबकि संयुक्त सचिव पद पर कृष्णेन्दु चटर्जी, कोषाध्यक्ष पद पर गौतम गुहा, सहायक कोषाध्यक्ष पद पर प्रबल तरफदार चुने गए। सह सचिव पद पर संयुक्त रूप से गौतम अधरजी, स्वप्न दत्ता, मिहिर कुमार भट्टाचार्य और अरिजीत सरकार चुने गए। कार्यकारिणी समिति के सदस्य में बिमल रॉय उज्जवल गुहा, गौतम कुमार भौमिक, विश्वरूप मुखर्जी, प्रशांत कुमार चौधरी, गौतम डे, रूमी बागची, चैताली सरकार, पूर्वी घोष, बुलबुल घोष, कमल मंडल, गणेश दास और पल्लब राय चुने गए।

# रोटरी क्लब मिलकर करायेंगे बच्चों के दिल में छेद का मुफ्त ऑपरेशन

>> करीम सिटी कॉलेज कैंपस में 29 को लग रहा स्क्रीनिंग कैंप

>> आपके आस-पास गरीब परिवार के ऐसे बच्चे हैं तो भेजें

खबर मन्त्र ब्यूरो



बैठक में उपस्थित रोटेरियन्स।

जमशेजमशेदपुर। जमशेदपुर और चाईबासा में कार्यरत रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट संख्या 3250 के सभी क्लब मिलकर 29 सितंबर को 'गिफ्ट ऑफ लाइफ' कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहे हैं। इसके तहत 6 माह से 18 वर्ष तक की आयु के ऐसे बच्चों और युवाओं का, जिनके दिल में छेद है, निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इसके लिए स्क्रीनिंग कैम्प 29 सितंबर को सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक करीम सिटी कॉलेज, साकची के कैम्पस में होगा। इस बारे में ज्यादा जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7903710101 और 7004308382 पर संपर्क किया जा सकता है। अंतिम जांच अमृता हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर मंडली द्वारा रांची स्थित राज हॉस्पिटल में 3 और 4 अक्टूबर को की जायेगी। उल्लेखनीय है कि रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट 3250 में निहित झारखंड और बिहार में जमशेदपुर और चाईबासा के इन आठ क्लब सहित 108 क्लब शामिल हैं। रोटरी का यह कार्यक्रम केरल (कोच्चि) के अमृता अस्पताल के सहयोग से कराया जा रहा है। यह सुविधा बीपीएल कार्ड धारक, पीला कार्ड धारक या ऐसे लोगों के लिए है कोच्चि आने-जाने के लिए अभिभावक और अटेंडेंट को यात्रा का खर्च खुद वहन करना होगा, जबकि इलाज के दरमियान उनके रहने और खाने की व्यवस्था निशुल्क होगी। ऑपरेशन और इलाज का संपूर्ण खर्च रोटरी और अमृता हॉस्पिटल वहन करेगा। 'गिफ्ट ऑफ लाइफ' की पहल रोटरी क्लब के वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एस पी बागडिया ने वर्ष 2012 में की थी। जमशेदपुर के एक होटल के सभागार में रोटरी इंटरनेशनल के प्रखंड डिस्ट्रिक 3250 के जोन 18 तथा 19 ने अपने असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन अंजनी निधि (जोन-18) और असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन हेतल अदेसरा (जोन-19) के अगुआई में रोटरी क्लब ऑफ चाईबासा, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर फेमिना, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर दलमा, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट तथा रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर मिडटाउन की तरफ से एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया, जिसका मूल उद्देश्य समाज के सभी वर्ग खास कर आर्थिक रूप से काजोर वर्गों तक सूचना तथा इसका लाभ पहुंचाना था। प्रेस कांफ्रेंस की संयोजक रोटेरियन सुकन्या ने कहा कि समाचार पत्र और टीवी चैनल दूर दराज के ग्रामीण इलाकों तक पहुंच पाते हैं अतः इन माध्यमों से जरूरतमंदों तक इस योजना की जानकारी और लाभ पहुंच सके, यही प्रयास है। रोटेरियन हेतल अदेसरा तथा अंजनी निधि ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पत्रकारों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट, सेक्रेट्रीज और अधिकारीगण जिनमे सरस्वती घोष और मनीष चौधरी, तजिंदर भामरा और सीमा कुमार, प्रमोद दूबे और यस वैद्यनाथन, अमृता वखरिया, हीना ठक्कर, नीता अग्रवाल और अशोक झा, प्रेम गोगना, आशीष और, अशोक कुमार झा, प्रीति सैनी और आशीष दास, सुकन्या तथा क्लब की तरफ से शेखर राजपूत मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### टाटा मोटर्स में विश्वकर्मा पूजन संपन्न



प्लांट में पूजा करते अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महासचिव आरके सिंह व साथी।

जमशेदपुर। शनिवार को हर साल की तरह इस साल भी टाटा मोटर्स के सभी विभागों में हर्सोल्लास के साथ विश्वकर्मा पूजा की गई। इस दौरान अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह सभी विभागों के पूजा में शामिल हुए और पूजा अर्चना की। पूरे प्लांट में विभागावार पूजा-अर्चना कर कंपनी एवं कर्मचारी परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई। दूसरी ओर, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की ओर से आने वाली दुर्गा पूजा को देखते हुए आज प्रबंधन के साथ एक सकारात्मक बोनस वार्ता हुई। वार्ता शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक चली। जिसमे प्रबंधन की ओर से एच आर हेड मोहन गंटा, आई आर हेड सौमिक रॉय, अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह शामिल हुए।

### भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा शुरू, भोग व महा आरती आज



जमशेदपुर। जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज द्वारा विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा जी के प्राण प्रतिष्ठा पूजोत्सव का आयोजन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज सांस्कृतिक भवन, न्यु बाराद्वारी से भव्य कलश यात्रा एवं भगवान विश्वकर्मा जी का नगर भ्रमण निकाली गई जो मानगो गांधी घाट से कलश में जल भरकर वापस विश्वकर्मा भवन पहूंच कर प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया शुरू की गई। इस भव्य यात्रा में महिलाओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता भी कलश यात्रा में शामिल होकर यात्रा की भव्यता को बढ़ाएं। विगत 80 सालों से समाज अपने सांस्कृतिक भवन के सामने विश्वकर्मा पूजा करते आ रहा है। और काफी वर्षों से समाज के सदस्यों द्वारा विश्वकर्मा जी के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रयासरत थे। समाज की नयी कमिटी द्वारा जयपुर से भगवान विश्वकर्मा जी का प्रतिमा लाकर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया गया।अध्यक्ष रामविलाश शर्मा के साथ विश्वकर्मा पुजन सह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के कर्ताधर्ता जितेन्द्र शर्मा एवं राजकुमार शर्मा ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आज प्राण प्रतिष्ठा की विधिवत शुरू हो गई जो 17 सितंबर को पूजन के पश्चात भोग एवं संध्या बेला में महा आरती के बाद महाभोग के साथ आयोजन की समाप्ति होगी।

### तेंतला में युवा का स्पोर्ट्स कैंप संपन्न



जमशेदपुर। सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन, युवा की ओर से क्रिया एवं कॉमिक रिलीफ के सहयोग से संचालित कार्यक्रम के तहत स्पोर्ट्स कैंप का आयोजन किया गया। पोटका प्रखंड के तेंतला पंचायत में दस अलग अलग पंचायतों की 20 लड़कियों ने समाज में प्रचलित पितृसत्तामक सोच, जेंडर भूमिकाओं को चुनौती देते एवं बंधनों को तोड़ते हुए सीखा फुटबॉल खेल का हुनर। लड़कियों ने कहा कि वे खेल सीख कर अपने समुदाय के बाकी लड़कियों को भी खेल सीखा कर उनके शरीर के साथ हो रही राजनीति के बारे में भी जानकारी देंगी। सभी साथ मिलकर हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी को मजबूत करेगी। इस दौरान युवा संस्था के संस्थापक अरविंद तिवारी एवं तेंतला पंचायत के मुखिया अमृत मांझी ने भी लड़कियों को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा के सदस्य अंजना देवगम, चांदमनी संवैया, चंद्रकला मुंडा, रिला सरदार, अवंती सरदार ने सहयोग किया।

### वरिष्ठ नागरिक समिति ने कश्मीर में शहीद जवानों को नमन किया



जमशेदपुर। शनिवार को सिंहभूम केन्द्रिय वरिष्ठ नागरिक समिति जमशेदपुर और जमशेदपुर नागरिक परिषद द्वारा गांधी घाट पार्क साकची पर काश्मीर में आतंकवादियों की गोली से शहीद हुए कर्नल मनप्रीत सिंह मेजर आशीष, डी एस पी हुमायूं भट्ट की कायरता पूर्वक निर्मम हत्या पर काफी खेद प्रकट किया गया। केन्द्रीय अध्यक्ष शिव पुजन सिंह ने कहा कि देश के लिए शहीद होने वाले सैनिकों को भी अपने उपर गर्व होता है और देश की जनता भी उनके शहादत को सलाम करती है। श्रद्धांजलि सभा में रमेश कुमार, अनीता सिंह, दिनेश कानू, मिथिलेश श्रीवास्तव, कैलाश प्रसाद बिशम्भर शर्मा बिशम्भर साहु अंजय कुमार सिंह जे के राजू मंडल इत्यादि मौजूद थे।

### भारतीय जनतंत्र महिला मोर्चा ने विधायक कार्यालय में लगाया मेडिकल कैंप



एक महिला की स्वास्थ्य जांच करवातीं जिला अध्यक्ष मंजू सिंह।

जमशेदपुर। डेंगू के खतरे को देखते हुए जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के विधायक सरयू राय के निर्देशानुसार भारतीय जनतंत्र महिला मोर्चा के द्वारा बारीडीह विधायक कार्यालय में महिलाओं के बीच स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर तथा ब्लड शुगर की जांच कराई गई। स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन महिला मोर्चा की अध्यक्ष मंजू सिंह के नेतृत्व में हुआ। शिविर में 200 से ज्यादा महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। लगभग 40 प्रतिशत महिलाएं ही स्वस्थ हीमोग्लोबिन की दायरे में आई। जांच के लिए सदर अस्पताल से नर्स आई थीं। उन्होंने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी कई टिप्स दिए। उन्होंने बेहतर हीमोग्लोबिन के लिए किस प्रकार का आहार लेना चाहिए इस बारे में कई टिप्स दिए। इस शिविर में मुख्य रूप से वंदना नामता, किरण सिंह, काकुली मुखर्जी, रंजीता राय, पुतुल सिंह , सुनीता सिंह, मनोरमा सिंह, शिवानी सिंह, आरती मुखी, गीता कुंडू, सीता सिंह, डी मनी आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### विश्रामपुर थाने में घुसकर हंगामा करने वाले फर्जी पत्रकार समेत 5 गिरफ्तार



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर पुलिस ने थाना में घुसकर हंगामा कर सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में फर्जी पत्रकार समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं एक आरोपी थाने से भागने में सफल हो गया। इस मामले पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार के शाम को विश्रामपुर में एक कार व बाइक में टक्कर हो गयी थी। मौके पर जुटी भीड़ ने पुलिस गश्ती दल को इसकी सूचना दे दिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस स्थिति को देखते हुए दोनो गाड़ी को वहां से थाने ले गयी। थाना प्रभारी शशिरंजन ने बताया कि दोनो को कहा गया कि गाड़ी का कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस दिखाकर गाड़ी ले जाएं। जब किसी ने लाइसेंस और कागजात नहीं दिखाया तब गाड़ी को चलान कर दिया गया। इसी बीच बाइक सवार ने अपने भाई के पास इसकी सूचना दूरभाष पर दिया। जिसके बाद उसका भाई विनीत चौधरी अपने छह साथियों के साथ थाना पहुंचकर थानेदार से पूछताछ शुरू कर दिया। थानेदार शशि रंजन उस वक्त पूर्व थाना प्रभारी घूमा किस्कू से मालखाना का चार्ज ले रहे थे। शशि रंजन ने बताया थाने पहुंचे सभी छह लोग कैमरा ऑन कर ओडी ऑफिसर के पास पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। कहने लगे कि गाड़ी कैसे थाना ले आये? इतनी हिम्मत कैसे हो गई। आपको यह किसने अधिकार दिया है। वर्दी उतरवाने तक कि धमकी देने लगे। सभी अपने को एक यूट्यूब चैनल का रिपोर्टर बता रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि उनलोगों ने इतना हंगामा खड़ा कर दिया कि उस स्थिति में थाना का कार्य बाधित हो गया। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। तब स्थिति को देखते हुए सभी लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया गया। हिरासत में लिए गए विनीत चौधरी (कुंभी), अजित उरांव (लातेहार), राजदीप कुमार मेहता (लेस्लीगंज), रविन्द्र कुमार चौधरी(कुंभी), रणजीत कुमार रजक (पड़वा) किसी के पास प्रेस का कोई आईडी प्रूफ भी नहीं था। जबकि मनोज कुमार (चैनपुर) वहां से किसी तरह भागने में सफल हो गया। फरार मनोज कुमार के गिरफ्तारी हेतु पुलिस ने छापेमारी अभियान भी शुरू कर दिया है।

### विद्यालय का वेरिफिकेशन पूरा नहीं होने पर होगी कार्रवाई : बीपीओ

**नौडिहा बाजार पलामू।** प्रखंड संकुल संसाधन केंद्र नामुदाग में बैठक की गई। बैठक में बीपीओ कृष्ण कांत दिवेदी ने कहा कि सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक अपने–अपने विद्यालय के छात्रों का आधार और अकाउंट का वेरिफिकेशन जितना जल्द हो सके कर ले 2 दिन का समय दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा जिस विद्यालय का वेरीफिकेशन इन कंप्लीट होगा उस विद्यालय के प्रचार्या पर कार्रवाई करने की बात कही गई है।

### कार्यपालक पदाधिकारी ने सफाई मित्रों के साथ की बैठक, दिये कई दिशा निर्देश



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नगर परिषद के सभागार में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन और संचालन सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह ने किया। बैठक में दानिश हुसैन ने सफाई मित्रो को स्वच्छता पखवाड़ा के बारे में बताते हुए कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि नगर परिषद के सभी 20 वार्डों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 17 सितंबर को स्वच्छता रैली निकाली जायेगी। इसके अलावा इंडियन स्वच्छता लिग का आयोजन होगा। सफाई मित्र शिविर भी लगाया जायेगा। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में स्वक्षता का विशेष ख्याल रखा जायेगा। बैठक में नगर प्रबंधक सुभाष हेमब्रेम, प्रभात कुमार, सुबोध कुमार, रवि कुमार, सुमित कुमार, दीपक कुमार सहित सभी स्वच्छता मित्र और कई नपकर्मी मौजूद थे।

### जदयू की बैठक में प्रखंड कार्यसमिति गठित

पाटन पलामू। जनता दल यूनाईटेड पाटन प्रखंड कार्य समिति की बैठक पाटन प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक के मुख्य अतिथि जदयू पलामू जिलाध्यक्ष मनोज दूबे मौजूद थे। बैठक में अनुसूचित जाति के प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमा रवि भी शामिल थे। बैठक में जदयू कमिटी का विस्तार किया गया। अजय प्रजापति, मुकेश सिंह, बलराम उरांव, हिरावन भुइयां उपाध्यक्ष , अनिल साव, तनिफ अंसारी, देवेंद्र ठाकुर, गया प्रजापति, गोवर्द्धन महतो, रंजना कुमारी व अमरेश मेहता महासचिव, अरूण प्रसाद, बसंती देवी, हरि प्रजापति, मधुबाला देवी, संपूर्ण चंद्रवंशी, रामजी यादव सचिव और श्रीराम यादव कोषाध्यक्ष बनाये गये। बैठक में अजय प्रजापति, अरूण प्रसाद, हिरामन भुइयां, गया प्रजापति, अमरेश महतो, अनिल साव, बसंती देवी, मोती साव, श्रीराम यादव, देवेंद्र व हरि शामिल थे।

### सुदर्शन बने जय बजरंग संघ के अध्यक्ष



नीलाम्बर पीताम्बरपुर पलामू। प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर में भव्य तरीके से दुर्गापूजा मनाने को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता योगेंद्र प्रसाद सोनी ने किया। इसमें सभी के सहमति से दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सोनी, उपाध्यक्ष राजू राय, सचिव पवन सोनी उपसचिव अनिल गुप्ता व मुकेश सोनी कोषाध्यक्ष संदीप सोनडीक एवं उपकोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनडीक को चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार का दुर्गा पूजा को धूमधाम एवं भव्य तरीके से कैसे मनाया जाए इस पर विस्तार से सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर राम सोनी, अनिल गुप्ता, सुमित गुप्ता, चन्दन सोनी, सुजीत कुमार सोनी, राकेश, ओम प्रकाश गिरी, सहित दर्जनों लोग मौजुद थे।

### पलामू प्रमंडलीय पासवान समाज ने तरहसी प्रमुख को किया सम्मानित



मनातू पलामू। पलामू प्रमंडल के पासवान समाज ने अविश्वास प्रस्ताव से चुनाव जीते तरहसी प्रमुख शकुंतला देवी को बधाई दी है। मौके पर समाज ने उन्हें अंग वस्त्र, माला पहनाकर व प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर शकुंतला देवी के भतीजा जितेंद्र कुमार पासवान ने आये अतिथियों व तरहसी प्रखंडवासियों को बधाई दी। मौके पर पासवान समाज के मार्गदर्शन शिव शंकर पासवान, प्रमंडलीय वरीय उपाध्यक्ष परमानंद ,संयुक्त सचिव अनिरूद्ध राम, कोषाध्यक्ष रामजनम राम, पलामू जिला के कार्यकारी सचिव बिरेंद्र पासवान उर्फ सिद्धि, जिला उपाध्यक्ष सतदेव पासवान, तरहसी प्रखंड के सचिव सिद्धि पासवान, नागेश्वर पासवान, पलामू प्रमंडल के पासवान समाज के उपाध्यक्ष अनिरुद्ध राम शामिल थे।

### आशी केयर में आज उपलब्ध रहेंगे डॉ शैलेंद्र

**मेदिनीनगर।** आशी केयर अस्पताल में रविवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक राँची के प्रख्यात मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेन्द्र मोहन उपलब्ध रहेंगे। उक्त जानकारी अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी और उप निदेशक अमितेश पांडेय ने दी। अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि पलामू के मूत्र रोग से ग्रस्त मरीजों को अपने इलाज के लिए जिला से बाहर जाना पड़ता था। इसे ध्यान में रखते हुए अस्पताल प्रबंधक ने रांची के जाने माने मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेंद्र मोहन को अस्पताल में समय देने का आग्रह किया।

### पड़वा बाजार परिसर में लगा स्वास्थ्य मेला



**पड़वा पलामू।** पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा पड़वा बाजार परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया। इसका उदघाटन प्रखण्ड प्रमुख गीता मेहता व बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेला में केंद्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमेश कुमार सिंह, डॉ कृष्णा कुमार राम, डॉ श्रवण कुमार मेहता, डॉ सोमनाथ चक्रधर द्वारा मेला में लोगों का स्वास्थ्य जांच किया। जांच के बाद जरूरत के अनुसार मरीजों को दवा दिया गया। उमेश कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मेला के औचित्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# पीएम ग्राम सड़क योजना क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्णः सांसद विष्णु दयाल राम

- हैदरनगर प्रखंड के कई पंचायतों में सांसद आपके पंचायत में कार्यक्रम आयोजित
- जनता संवाद में सांसद ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, निदान का दिया आश्वासन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद/हैदरनगर पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हैदरनगर प्रखंड के ग्राम पंचायत बड़ंडा, इमामनगर बरेवा, बभंडी एवं खरगाड़ा पंचायत भवन में सांसद आपके पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के तहत जनता संवाद के कार्यक्रम में शामिल हुए । मौके पर सांसद राम ने ग्रामीणों की जनसमस्याओं से अवगत होकर उसे निदान करने का भरोसा दिया । सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत देश देश भर में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के आवागमन में सुविधा होगी। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी। साथ ही क्षेत्र का विकास भी होगा। इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह, विपिन बिहारी सिंह, प्रफुल्ल कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह, सोमेश सिंह, विनय सिंह, विजय ओझा, मंडल अध्यक्ष उमेश चन्द्र शिव, नीरज कुमार सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, अजय गुप्ता, डॉ अजय जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह, अनुज पाण्डेय, रंजीत पासवान, ग्राम पंचायत के मुखियागण एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# उपायुक्त ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जागरूकता रथ को किया रवाना, कर्मियों को स्वच्छता का दिलाया शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने जिले में स्वच्छता ही सेवा, कचरा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की। यह अभियान 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित किया जायेगा। अभियान के दौरान ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, गांव एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई, स्वच्छता कर्मियों के लिए हेल्थ चेकअप शिविर, दीवाल लेखन आदि गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। इसके साथ ही समुदाय को अपने गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने के लिए जन भागीदारी के लिए उत्प्रेरित किया जाएगा। इस साल के स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम कचरा मुक्त भारत है। इसके तहत सभी सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, विभिन्न कार्यालय में अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नालियों की साफ-सफाई, नदी पोखर एवं अन्य जलस्त्रोतों को स्वच्छ बनाने हेतु सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा। ज्यादा आवागमन वाले स्थलों यथा-बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजारों पर भी साफ-सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त रंजन ने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर इस अभियान को सफल बनाने की बात कही। इसके पूर्व उन्होंने इस अभियान अंतर्गत हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को भी रवाना किया। मौके पर पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता, कई बीडीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

# पलामू सेंट्रल जेल में छापेमारी, कोई आपत्तिजनक सामान नहीं हुआ बरामद

## जेल में रूटिन वर्क में की गयी छापेमारी : एसडीपीओ सुरजीत कुमार

**गजेंद्र कुमार**



**मेदिनीनगर।** पलामू सेंट्रल जेल में शनिवार को दोपहर में औचक छापेमारी की गई। इसमें छह दंडाधिकारी एवं महिला वार्डों के लिए महिला दंडाधिकारी व महिला पुलिस बल की तैनाती की गई थी। यह छापेमारी रूटिन वर्क में किया गया था। जिसका नेतृत्व एसडीपीओ सुरजीत कुमार कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि सेंट्रल जेल में जो छापेमारी की गई वह रूटिन प्रक्रिया के तहत किया गया। जो लगभक दो घंटे तक छापेमारी अभियान चला। उन्होंने कहा कि पुरूष कैदी के वार्डों के लिए छह दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिसमें सभी वार्डों की जांच गहनतापूर्वक किया गया। वहीं महिला कैदी वार्ड के लिए अलग से महिला दंडाधिकारी व महिला पुलिस अधिकारी एवं महिला, पुरूष बल की तैनाती की गई थी। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामान किसी भी वार्ड से नहीं मिला। उन्होंने कहा कि छापेमारी किये जाने से जेल में बंद कैदियों के बीच भय बना रहता है कि कहीं कोई अप्रिय घटना घटती है तो मेरे उपर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है या जेल में कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं रख सकते हैं। इससे जेल की सुरक्षा व्यवस्था बनी रहती है। साथ ही साथ बाहरी लोगों में भी भय बना रहता है।

छापेमारी अभियान के दौरान सदर सीओ जेके मिश्रा, चैनपुर सीओ संजय बाखला, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य शामिल थे।

### छात्रवृति को लेकर छात्रों ने उपायुक्त कार्यालय का किया घेराव अपर समाहर्ता को सौंपा मांग पत्र

# 19 सितंबर तक छात्रों के खाते में छात्रवृति की राशि जायेगी : सुरजीत कुमार सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** छात्रवृति समय पर नहीं मिलने के कारण आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया। ऑल इंडिया स्टूडेंटस एसोसिएशन के नेतृत्व में छात्रों ने उग्र प्रदर्शन किया। छात्रों ने मांग किया वर्ष 2022-23 के छात्रों को सरकार द्वारा छात्रवृति नहीं दिया गया। जिस कारण छात्रों को आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

आईसा के राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि छात्रवृति छात्रों का हक है। छात्रवृति के अभाव में छात्र ड्रॉप आउट हो जाते हैं। जिस कारण छात्रों को फीस भरने में परेशानी होती है। उच्च शिक्षा ग्रहण करनेवाले गरीब एससी, एसटी व ओबीसी के छात्रों को परेशानी हो रही है जिस पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि पलामू के छात्र कई कठिनाईयों का सामना कर रहे हैं। इसके बाद छात्रों का एक शिष्टमंडल अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह को मांग पत्र सौंपकर अपनी व्यथा को सुनाया। इस पर अपर समाहर्ता ने छात्रों को आश्वासन देते हुए कहा कि 19 सितंबर तक छात्रवृति की राशि छात्रों के खाते में चली जायेगी। लेकिन आप सभी मन लगाकर पढ़ें, राजनीत का चक्कर छोड़कर जीवन संवारने में लगें।

ऐसा उन्होंने छात्रों को नसीहत दिया। छात्रों के मांग पर उन्होंने कहा कि यदि राशि समय पर नहीं जाता है तो कॉलेज प्रबंधन को विभाग के द्वारा एक पत्र निर्गत किया जायेगा ताकि छात्रों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इस मौके पर एसएफआई के दानिश, सतवंत सिंह चेरो, रंजीत सिंह, नीरज कुमार, ललिता कुमारी, प्रमोद कुमार, चंचला कुमारी, कौशल किशोर, नीतेश कुमार, सुजीत कुमार, सालोनी कुमारी समेत अन्य छात्र मौजूद थे।

### सरजा के मजदूर की संदेहास्पद स्थिति में मौत, मामला दर्ज



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा थाना क्षेत्र के सरजा गांव के मजदूर मुकेश बैठा 28 की संदेहास्पद स्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मजदूर के पिता जवाहर बैठा ने साथ में काम कर रहे गांव के ही तीन मजदूरों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना में मामला दर्ज कराया है। सरजा पंचायत के पोखराहा गांव के झारीवा टोला में मृतक मजदूर एक कंस्ट्रक्शन में राजमिस्त्री का काम करता था। शुक्रवार को उसके तीनों साथी के द्वारा काम करने के लिए ले जाया गया था हालांकि इस दौरान मृतक काम करने नहीं जा रहा था। मालिक के पास पहले से उसका पैसा बकाया था इसलिए वह काम पर नहीं जाना चाह रहा था। वहीं बताया गया कि मजदूर काम करने के दौरान बगल में पेशाब करने गया था उसी समय हाई टेंशन करंट प्रवाहित तार के चपेट में आ गया था। साथ में काम कर रहे मजदूरों ने परिजनों को बिना किसी सूचना दिए उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर ले गए थे। वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को शाम में साथी मजदूरों ने सरजा स्थित मुकेश के घर पर शव को रखकर भाग गए।

# बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की प्रमंडलीय बैठक


विधानसभा में बूथ पर नियुक्त बीएलए मतदाताओं के नाम जोड़ने व शुद्धीकरण कराने का करें कार्य : चंद्रप्रकाश




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी की प्रमंडलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने की। बैठक में प्रभारी के रूप में प्रदेश का संयोजक चंद्र प्रकाश, मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। बैठक में चंद्र प्रकाश ने कहा कि पलामू प्रमंडल के सभी विधानसभा में बूथ पर मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने एवं उसमें सुधारीकरण का कार्य किया जा रहा है सभी विधानसभा में पार्टी की ओर से बीएलए की नियुक्ति कर दी गई है। बीएलए सभी बूथों बी एल ए 2 की नियुक्ति करेंगे एवं बी एल ए 2 एवं बुथ अध्यक्ष मिलकर अपने क्षेत्र में मतदाताओं के नाम जुड़वाने, हटाने एवं उसमें सुधारीकरण का कार्य करेंगे। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों को प्राथमिकता से लेते हुए कार्य करें। योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा मिशन 2024 के चुनाव की तैयारी मे जुट गई है। धन्यवाद ज्ञापन संतोष कुमार ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, अरविंद सिंह, सोमेश सिंह, उपेंद्र तिवारी, संजीत कुमार, सुमित कुमार, राज सागर, अमित साहू एवं पलामू प्रमंडल के सभी जिलों से आए बूथ सशक्तिकरण की टोली शामिल थे।

### 10 अक्तूबर तक आवास पूर्ण कराना है : प्रमुख



पाटन पलामू। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रखंड पाटन से चलो करे आवास पूरा अभियान में आवास पूर्ण करने हेतु अभियान रथ निकाला गया। अभियान रथ को पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, आवास कोडिनेटर शीवम कुमार समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि सभी लंबित आवास के लाभुको को 10 अक्टूबर तक हरहाल में आवास पूर्ण करने हेतु पंचायत में प्रचार–प्रसार के लिए रथ रवाना किया गया है। पाटन बीडीओ ने कहा कि पाटन प्रखंड में लभूकों अधूरे आवास को हर हाल में पूरा करना है। इसे लेकर जागरूकता रथ लोगों को कई जानकारी देगा। मौके पर पाटन प्रखंड के मुखिया, पंचायत सचिव एवं जेपीएस कामेश्वर मेहता उपस्थित थे।

### बीससूत्री अध्यक्ष ने उपायुक्त से किया हर घर नल जल योजना में जांच की मांग

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे ने उपायुक्त को आवेदन देकर प्रखंड क्षेत्र में चल रहे हर घर नल जल योजना की जांच की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि प्रखंड क्षेत्र के बोडी पंचायत में हर घर नल जल योजना में भारी अनियमित बरती जा रही है। वहां जल मीनार के पानी टंकी सिपेज होने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाई हो रही है। साथ ही साथ नल जल योजना में कराए गए बोर का पानी खेत पटवन हेतु अलग से पाइप निकला गया है। जिसके कारण घरों में पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में कनीय अभियंता से शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसान का कहना है कि हम पैसा देकर ठेकेदार से अपना निजी जमीन पर बोरिंग करवाए है। इसकी शिकायत पंचायत के मुखिया मुस्तफा मियां ने भी बीस सूत्री अध्यक्ष की थी। बीससूत्री अध्यक्ष का कहना है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता एवं ठेकेदार के आपसी मिली भगत से ग्रामीण जनता को काफी परेशानी हो रही है। कई जगहों पर ड्राइ बोर हुआ है वहां भी हर घर नल जल योजना के तहत घरों में नल लगाकर खाना पूर्ति किया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त से इसकी जांच कर कनीय अभियंता एवं ठेकेदार पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### स्वास्थ्य मेला में नि:शुल्क दवा का वितरण



**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। पांडू प्रतिनिधि पांडू स्वास्थ्य मेला का उदघाटन पांडू जिप सदस्य मीना देवी बीडीओ राहुल उरांव उप प्रमुख सोनी देवी सांसद प्रतिनिधि कृष्ण विजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि वीरेन्द्र कुमार सिंह, पांडू मुखिया प्रतिनिधि अविनाश कुमार सिंह उर्फ सिन्टू सिंह, उपमुखिया चंदन कुमार मेहता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मो. इरफान अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला में प्रखंड क्षेत्र के कई गांव से आए मरीजों को जांचोपरांत इलाज कर मुफ्त दावा वितरण किया गया। साथ हीं परिवार नियोजन,आयुष्मान कार्ड तथा संचालन स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामसुंदर सिंह, डॉ सलमान अहमद, डॉ ललन प्रसाद, विनोद तिवारी, पंकज कुमार, नरेश भारती, बजरंग सिंह, आमोद पांडे, अनिता कुमारी, रंजनी कुमारी, सुदर्शन राम, विकास कुमार सिंह, सुबीन सिंह, पूनम कुमारी, मंजू देवी सहित अन्य कई स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग मौजूद थे।

# अधूरे आवास का काम पूरा करायेः बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सह बैठक आयोजित



**नौडीहा बजार पलामू।** प्रधानमंत्री आवास योजना को लेक नौडिहा बाजार प्रखंड कार्यालय में प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया, स्वयं सेवक, पंचायत समिति सदस्य सहित सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बीडीओ जितेन्द्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में बीडीओ ने सभी मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक को निर्देश दिया कि नौडीहा बजार प्रखंड आवास योजना के मामले जिले में बेहतर स्थान पर है मगर इसमें और सुधार कर जल्द सभी आवास पूर्ण करने की जरूरत है। मालूम हो कि नौडीहा बजार प्रखंड को 8260आवास योजना का लक्ष्य मिला था जिसमें करीब 7740आवास पूर्ण कर लिया गया है। शेष 400 अधूरे आवास को एक महीने के अंदर पूर्ण करना होगा नहीं तो करवाई निश्चित रूप से किया जायेगा।

बीडीओ ने कहा कि जो पंचायत अधूरे आवास को जल्द पुरा करेगा तो उसे पुरस्कृत भी किया जायेगा। मौके पर आवास कोडीनेटर नितीश कुमार खत्री, विनोद कुमार, अजय सिंह, शत्रुध्न साव, किशोर विश्वकर्मा, विजय सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

# प्रत्येक जरूरतमंदों को पक्का आवास देने की है योजना : प्रखंड प्रमुख



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड प्रमुख रीमा देवी की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में 'चलो आवास पूरा करें' अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख रीमा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसके तहत देश के प्रत्येक जरूरतमंदों को पक्का आवास देने की योजना है। इस योजना के कई लाभुकों को पहली तथा दूसरी किस्त की राशि प्राप्त हो चुकी है मगर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। अधूरे आवास को पूरा करने के लिए सबों की सहभागिता जरूरी है। बैठक का संचालन करते हुए बीडीओ राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आवास निर्माण पूरा करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2016 से 2022 तक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 6019 स्वीकृत पीएम आवास में से 5421 आवास को पूर्ण किया गया है बाकी 598 लंबित है।

# विधायक समेत भाजपाईयों ने बरवाडीह पंचायत के घरों में जाकर किया मिट्टी संग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए रहे कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश अमृत महोत्सव के तहत पाटन प्रखंड के बरवाडीह पंचायत के सभी बूथ के घरों में जाकर विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार दो जगहों पर शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने सभी महिला पुरुष से मिट्टी लिया। मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए गांव के घरों में जाकर मोदी जी द्वारा किए गए कार्यों को कार्यकर्ता बखूबी से बताएं । अमृत महोत्सव को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़े। उन्होंने कहा कि जमा किये गये मिट्टी कलश जिला में जायेगा। इसके बाद राज्य कलश दिल्ली भेजा जायेगा। जहां शहीदों के स्थल पर मिट्टी स्थापित किया जायेगा। इधर उत्साहित जनता ने स्वयं से घरों से मिट्टी लाकर कलश में डाला। कार्यक्रम पाटन मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में चलाया गया। मौके पर जिला समिति सदस्य अशोक तिवारी, निरंजन पासवान, पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह, पंचायत संयोजक गुड्डू सिंह, मंडल का समिति सदस्य उमा सिंह, ओबीसी मंडल महामंत्री वीर बहादुर मेहता, ओबीसी कार्ड समिति सदस्य समाजसेवी सत्येंद्र राम धनपत्रम, विनोद राम, विश्वनाथ राम, बीरबल, रमतीया देवी, शांति देवी, सोना देवी, प्रतिमा देवी, उषा देवी, बनवासी कुमार, राघव कुमार, सरस्वती देवी, शनिचरी देवी, वशिष्ठ मोची, विजय मोची, रमेश राम, अर्जुन राम, गोपाल राम, प्रभु राम, इत्यादि लोग मौजूद थे।

# आयुष्मान भव योजना की सफलता हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

पंचायत प्रतिनिधि, डीलर, स्वास्थ कर्मी, स्वास्थ सहिया व प्रज्ञा संचालक को किया गया प्रशिक्षित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** आयुष्मान भव योजना की सफलता को लेकर शनिवार को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रशिक्षु आइएस रवि कुमार ने आयुष्मान भव अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत और आयुष्मान अर्बन वार्ड की पंच योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कई दिशा निर्देश दिया। प्रशिक्षण में बिश्रामपुर, नवाबजार, पांडु और उटारी प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधि, डीलर, प्रज्ञा केंद्र संचालक, सहिया साथी और स्वास्थ सहिया को प्रशिक्षित किया गया। रवि ने कहा की आप सभी लोग एक कैंप मोड रहकर काम करें और जनवितरण दुकानदार और प्रज्ञा केंद्र का समन्वय कर गोल्डन कार्ड बनवाएं। जन वितरण प्रणाली के दुकानदार प्रतिदिन दुकान को खोल के रखेंगे। सभी सहिया भी डोर टू डोर जाकर गोल्डन कार्ड बनाएंगी। यंग प्रोफेशनल के बिक्की सिंह और आयुष्मान डीपीसी प्रेमचंद कुमार ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले आयुष्मान पखवाड़े के दौरान आयुष्मान लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे। सभी लोग युद्ध स्तर पर लाभार्थियों को जागरूक करें। योजना को विस्तारित करें.नए परिवारों को इससे जोड़ें ताकि उन्हें भी 5 लाख रुपये के हेल्थ बीमा का लाभ मिल सके।

मौके पर प्रज्ञा केंद्र के जिला प्रबंधक अरविंद कुमार, प्रमुख रम्भा कुमारी, उप प्रमुख सतेंद्र सिंह, नवाबाजार वीडियो आमिर हमजा, एमओ असफाक अहमद, बीपीएम पंकज पांडेय, मुखिया मंजू देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार, जेल



**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते 13 सितंबर को चोरी गया बाइक को पुलिस ने बरामद करने में सफलता हासिल की है। बोकारो थर्मल पुलिस ने बाइक चोर को बाइक सहित गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। इस मामले में 15 सितंबर को वरीय पुलिस इंस्पेक्टर सह बोकारो थर्मल थाना प्रभारी आरके राणा ने बताया कि बीते 13 सितंबर को थाना क्षेत्र से बाइक चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में मामला दर्ज हुआ था और पुलिस उसकी खोज में थी। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की बाइक के साथ 15 सितंबर को चोर को दबोच लिया गया और उसे जेल भेजा गया है।

## फुसरो में एआइएमआइएम की बैठक में चर्चा

**बेरमो।** फुसरो के पटेल नगर स्थित एमडी कलाम खान स्टेट वर्किंग कमेटी सदस्य के आवासीय कार्यालय में एआइएमआइएम पार्टी की बैठक मोहम्मद कलाम खान की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का कार्यकताओं के द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया। जिसमें बेरमो मे पार्टी संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद साकिर साहब और संगठन मंत्री समीर अली शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ होते हैं। इस अवसर पर मोहम्मद अबदुल्लाए एमडी खुर्शीदए मोहम्मद वसीमए मोहम्मद वासिफए मोहम्मद इरफानए मोहम्मद इनोस हासमीए एमडी वसीरए एमडी इस्तियाकए एमडी जावेद खानए एमडी कैफ एएमडी वाहिदए मोहम्मद हसमतए मोहम्मद जिशानए मोहम्मद कासीमएके अलवा दर्जनो लोग अपस्थित थे।

## झामुमो के वरीय नेता राज्य के मंत्री से मिले

**बेरमो।** झामुमो के वरीय नेता भोलू खान ने झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक आयोग के मंत्री हफीजुल हसन साहब से मुलाकात की और मदरसा शिक्षा के सुधार और नियमों के संबंध में चर्चा की। साथ ही अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय या ऐसे ही अन्य शैक्षणिक संस्थानों से संबद्धता के साथ एक व्यवस्थित अध्ययन केंद्र बनाने के बारे में भी बात हुई। सिविल सेवा की तैयारी के लिए जिला स्तर पर नि:शुल्क अध्ययन केंद्र स्थापित करने पर भी चर्चा की। झारखंड में अल्पसंख्यकों के शैक्षिक मूल्यों से संबंधित कार्य को आगे बढ़ाने में प्रसन्न हैं और शिक्षा की सभी आवश्यकताओं के साथ एक महान स्थान बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।

## भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात

**बेरमो।** भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने आज रॉंची में पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास से मुलाकात किया एवं अपनी लिखी किताब श आयुष्मान भव :शभेंट की। इसके अलावे भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने प्रदेश भाजपा के सभी तीन महासचिव प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय एवं आदित्य साहू से मुलाकात किया। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं सांसद दीपक प्रकाश से मुलाकात किया।

## बेरमो विधायक ने डीवीसी प्रबंधन को दी चेतावनी

**बेरमो।** शनिवार को डीवीसी के निदेशक भवनए चन्द्रपुरा में बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह के नेतृत्व में संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई जिसमें प्रशासन की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमारए प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रपुर श्रीमती रेनू बालाएचन्द्रपुरा अंचल अधिकारी संदीप कुमार मधेसियाए डीजीएम टीटी दासए भूसंपदा अधिकारी बादल महली के उपस्थिति में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के आवास का किराया में व्याप्त वृद्धि को दूर करने हेतु बैठक हुई एवं तत्काल सीटीपीएसध्बीटीपीएस मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख के नाम 03 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन गेट जाम का नोटिस दिया गया।

# जरीडीह बाजार में मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, एक गिरफ्तार

**भारी मात्रा में अवैध शराब के अलावा अन्य सामान बरामद**



पकड़ी गयी अवैध शराब की बोतल के साथ विभाग के अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गांधी नगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार स्थित मिनी शराब फैक्टरी का उद्भेदन हुआ है। इस संबंध में उत्पाद निरीक्षक संजीत यादव ने बताया कि बोकारो के सहायक उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर जरीडीह बाजार हॉस्पिटल रोड में स्थानीय पुलिस के सहयोग से मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। छापेमारी में अवैध विदेशी शराब के कई ब्रांड की शराब जब्त की गई है। वहीं इसके अलावा विभिन्न ब्रांडो के स्टीकरए होलोग्रामए खाली बोतल व ढक्कन भी बरामद किया गयाण घटनास्थल से कारोबारी राजेश कुमार उर्फ.छोटू को गिरफ़्तार किया गयाए जबकि एक अन्य शराब कारोबारी मनोज बरनवाल उर्फ. बिन्नी चौरसिया फरार हो गया हैण छापेमारी दल में अवर निरीक्षक कृष्णा कुमार प्रजापतिए विजय कुमार पाल उत्पाद एवम् उत्पाद सिपाही शामिल थे। ज्ञात हो कि जरिडीह बाजार के इस अवैध शराब निर्माण फैक्ट्री पर उत्पाद विभाग द्वारा पुर्व मे भी छापेमारी की गई थी मगर यह बंद नही हुआ जिस बात का सबूत बीते शाम के छापामारी से मिलती है।

## बालू चोरी और पत्थर तस्करी के खिलाफ बोकारो एसपी सख्त

**बोकारो।** बोकारो के एसपी प्रियदर्शी आलोक की अध्यक्षता में उनके कार्यालय स्थित सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिले के डीएसपी पुलिस निरीक्षक व थाना प्रभारी मौजूद थे। इस दौरान एसपी श्री आलोक ने उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को चार वर्ष से अधिक समय से लंबित कांडों का निष्पादन सख्ती से करने के साथ ही सभी संबद्ध पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत अवैध कोयला बालू चोरी और पत्थर तस्करी की घटनाओं पर रोक लगाने और इसके लिए ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार छापामारी करने का निर्देश दिया। किसी थाना या ओपी प्रभारियों द्वारा इस कार्य में शिथिलता बरते जाने पर अनुशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने लंबित वारंटध्कुर्की का निष्पादन करने लंबित पासपोर्ट चरित्र प्रमाण पत्र आयोग अथवा न्यायालय से संबंधित मामलों पत्रों पीजी पोर्टल आरटीआई के मामलों का युद्ध स्तर पर निष्पादन करने की हिदायत दी। एसपी ने जिले में वाहन चोरी गृह भेदन एवं छिनतई की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए घटनाओं की रोकथाम हेतु पूर्ण मुस्तैदी से गश्ती करने एवं घटित घटनाओं के उद्भेदन का सख्त निर्देश दिया।

## डीपीएस बोकारो में योग आधारित क्रीड़ा प्रतियोगिता को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन योग आधारित जिला स्तरीय बालक बालिका एवं महिला पुरुष वर्ग के लिए छह समूहों में चैंपियनशिप 2023.24 आगामी 30 सितंबर को आयोजित कर रहा है जिसकी मेजबानी सेक्टर 4 स्थित डीपीएस बोकारो करेगा। उक्त निर्णय एसोसिएशन की बोकारो जिला इकाई के अध्यक्ष व डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में लिया गया। डॉ गंगवार ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के किसी भी विद्यालय या क्लब या व्यक्तिगत रूप से भी प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। लगभग 250 प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की संभावना है। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो चुका है। पारंपरिक योगाभ्यास एवं कलात्मक योगाभ्यास संबंधी स्पधाएं होंगी। पारंपरिक योग के तहत सामान्य योगाभ्यास आसन आदि से संबंधित स्पधाएं होंगी जबकि कलात्मक योग में संगीत की धुन पर योग की विभिन्न मुद्राओं से संबंधित स्पधाएं होंगी। डॉ गंगवार ने बताया कि जिला स्तर पर सफल प्रतिभागी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में एवं उसके विजेता नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। बैठक का संचालन एसोसिएशन के सचिव ब्रजेश कुमार सिंह ने किया।

## गोमिया : प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य जांच शिविर में मुफ्त में दी गयी दवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** गोमियां प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह पंचायत के नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय के मैदान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गयाण्उक्त शिविर में कुल बीस स्टॉल लगाए गए। शिविर में मुख्य रूप से गोमियां प्रखंड विकास पदाधिकारी कपिल कुमार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर जितेंद्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहेण स्वास्थ्य स्लॉट में स्त्री रोगए किशोरी परामर्शए आयुष्मान भारतए बीपीए शुगरए स्कूली छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जांचए कुपोषित बच्चों के उपचार संबंधीए टीबीए मलेरियाए फाइलेरियाएयोगएसहित कुष्ठ से संबंधित मरीज के लिए स्टाल लगाए गयेण गोमियां प्रखंड विकास पदाधिकारी कपिल कुमार ने स्वयं सभी स्टॉल का निरीक्षण कियाण्इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कपिल कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर का आयोजन झारखंड सरकार के निर्देश पर किया गया हैण प्रखंड में जितने भी तरह के मरीज हैं उनके लिए डॉक्टर जितेंद्र बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैणआयोजित शिविर में मुख्य रूप से डॉ निशा कीड़ोंए प्रतिमा टोप्पोए डॉ रंजनए डॉ चंचलाए डॉ कुमारी पूनमए डॉ आंबेडकर परमार्थीए सीएचओ रजनीश रंजनए रूपम प्रियाए नीतीश कुमारए सोमनाथ भारती सहित एएनएम एवं दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# करंट लगने से विद्युत कर्मी की मौत

**बिजली कर्मी 11 हजार एचटी विद्युत कनेक्शन का फॉल्ट कर रहा था ठीक**



मौत के बाद मुआवजे को लेकर चर्चा करते अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** जरीडीह थाना क्षेत्र के अराजू गांव में लगे रिलायंस जिओ कंपनी के मोबाइल फोन टावर में 11 हजार एचटी विद्युत कनेक्शन में फॉल्ट को दुरुस्त करने गये अनुबंध बिजली कर्मी 33 वर्षीय कुर्बान अंसारी की मौत करंट लगने से हो गई। गंभीर रूप से घायल कुर्बान को जैनामोड़ रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन घटनास्थल मोबाइल टावर के पास पहुंचे और शव को रखकर मुआवजा नियोजन को लेकर धरना पर बैठ गये। मौके पर पहुंचे जरीडीह थाना एवं कसमार थाना पुलिस एवं जनप्रतिनिधियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। किसी अप्रिय घटना को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई है। बिजली विभाग की ओर से मृतक के परिजनों को बतौर मुआवजा 5 लाख रुपये एवं प्रतिमाह 8 हजार रूपया पेंशन के रूप में देने पर सहमति बनी है। मौके पर झारखंड सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो जिप सदस्य सुनीता टुडू जरीडीह प्रखंड प्रशासन जरीडीह थाना प्रभारी ललन रविदास कसमार थाना प्रभारी उज्जवल पांडेय बेरमो विधायक के निजी सचिव बिनोद महतो मुखिया प्रतिनिधि आनंद बेसरा घनश्याम महतो निरंजन मिश्रा जब्बार अंसारी आदि स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### उप श्रमायुक्त कार्यालय सभागार में कार्यशाला

**बोकारो।** उप श्रमायुक्त के कार्यालय में सहायक श्रमायुक्त सह श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न श्रम अधिनियम के प्रवर्तन से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें चैम्बर ऑफ कॉमर्स वेदांता ईएसएल आईएल गोमिया टीटीपीएस ललपनिया के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि आदि शामिल हुए। मौके पर प्रवीण कुमार ने विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रवर्तन के संबंध में नियोजकों को विस्तार से बताया। साथ ही अधिनियम के अंतर्गत पोषित की जाने वाली पंजियों वार्षिक विवरणी ससमय जमा करने हेतु निर्देश दिया गया अन्यथा नियोजकों के विरुद्ध विभिन्न श्रम अधिनियम के उल्लंघन करने पर विभागीय कार्रवाई की जा सकती है इससे भी अवगत कराया गया। कार्यशाला में जिला श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बसंत नारायण महतो सुबल चन्द्र गोप नीरज कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### सिंटर प्लांट में नवीनीकृत विद्युत नियंत्रण प्रणाली का उद्घाटन



**बोकारो।** सिंटर प्लांट के वैकल्पिक कोक ट्रांसफर हॉपर और ग्रैब क्रेन का नवीनीकृत विद्युत नियंत्रण प्रणाली का उद्घाटन ईडी ;संकार्यद्ध बीके तिवारी के द्वारा सीजीएम बीके बेहरा पीके बैसाखिया बीके सरतापे डी कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। उल्लेखनीय है कि सिंटर प्लांट के स्टॉक बीन्स कोक ट्रैक शटल ट्रॉली वर्षों के लगातार उपयोग के कारण पूर्ण क्षमता के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे थे। इसे देखते हुए शटल ट्रॉली के ग्रेटिंग्स और रेल को बदला गया ताकि सिंटर उत्पादन के लिए कोक की सप्लाई निर्बाध रूप से होती रहे। इसी प्रकार सिंटर प्लांट के एक अन्य अहम् उपकरण ग्रैब क्रेन का भी आंतरिक संसाधनों का उपयोग करके नवीनीकरण किया गया। इन प्रयासों से सिंटर प्लांट के निष्पादन में समग्र रूप से बेहतरी आएगी।

### तीज व्रत को लेकर महिलाओं ने उठाया जावा



**सिल्ली।** सल्ली मुरी एवं आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को महिलाओं ने हरतालिका तीज व्रत के लिए जावा उठाया। महिलाओं ने निकटवर्ती जलाशों से बालू निकालकर पूजा अर्चना कर घरों में स्थापित किया गया। तीज व्रत भादो तृतीया को सोमवार के दिन किया जाएगा। ज्ञात हो कि हरतालिका व्रत शुरू होने के दो दिनों पहले बालू में जौए उड़दए मक्काए धानआदि डाल दिए जाते है। जो दो दिन बाद अंकुरीत होकर पौधे का रुप लेता है उसे जावा कहा जाता है। जावा को हरतालिका तीज के दिन भगवान शिव के रूप में निर्जला व्रत रखकर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाती है। सुहागीन महिलाएं पति की दीघार्यु और परिवार के सुख शांति के लिए व्रत रखती है।

# राकोमयू की सीसीएल सीएमडी से वार्ता

**मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा**



सीसीएल सीएमडी से वार्ता करते यूनियन के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के नेतृत्व में सीसीएल के सीएमडी बी वीरा रेड्डी से सीसीएल के मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा हुई। मौके पर श्री दुबे ने कहा कि क्षेत्र में मजदूर तमाम समस्याओं से गुजर रहे हैं खास करके क्षेत्र में डॉक्टर की भारी कमी है जिससे मजदूर को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पूरे सीसीएल में सिविल विभाग में इंजीनियरों की कमी है एक.एक इंजीनियर तीन तीन चार.चार प्रोजेक्ट संभाल रहे हैं। जिससे मजदूर के आवासों का रखरखाव ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। श्री दुबे ने सीएमडी को जानकारी दी कि पूरे सीसीएल में मजदूरों का एनसीडब्ल्यूए 11 का एरिया गलत बना है। इससे मजदूर हतोत्साहित हैं इसे अभिलंब सुधार किया जाए। जबकि मौके पर मौजूद राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ सीसीएल के सचिव वरुण कुमार सिंह ने कहा की कथारा क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों की भारी कमी है जिस कारण कोयला चोरी भारी मात्रा में हो रहा है। कम सुरक्षा कर्मी रहने के कारण कोयला चोरी रुकना संभव नहीं हो पा रहा है। इसलिए क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी दिया जाए। श्री सिंह ने कोल बिल्डिंग में हो रही उत्पन्न समस्याओं के बारे में सीएमडी को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोल बिल्डिंग पहले कोल जंक्शन एम जंक्शन करता था अब यह काम सीएमपीडीआई कर रहा है। एक क्षेत्र में एक क्लस्टर हो रहा है कोयला व्यापारी को कोयला खरीदने में काफी परेशानी हो रहा है इसे सुधारा जाए। वार्ता में सीएमडी बी वीरा रेड्डीए चंद्रशेखर दुबेए वरुण कुमार सिंहए आर पी सिंहए रमेश पांडेए अशोक कुमार ओझाए रविंद्र कुमार पांडे तथा अन्य लोगों उपस्थित थे।

## जीआरपी मुरी ने स्टेशन पर और ट्रेनों में चलाया जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** राजकीय रेल थाना मुरी एवं रेलवे सुरक्षा बल के संयुक्त तत्वाधान में रेलवे स्टेशन तथा ट्रेनों में राजकीय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया।थाना प्रभारी ने यात्रियों को जागरुक करते हुए कहा कि सफर करते समय नशा पान से दूर रहें ।ताकि दूसरे यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े एवं डायन विसाही के चक्कर में ना पड़े । क्योंकि यह एक अंधविश्वास और अभिशाप है। मॉब लिंचिंग से दूर रहे तथा मानव तस्करी की जानकारी होने पर तुरंत राजकीय रेल थाना या रेलवे सुरक्षा बल को सूचित करें ए ताकि समय रहते ही करवाई किया जा सके। इस मौके पर रेल थाना के अवर निरीक्षक शिव परशन रामए आरक्षी रंजन सिंहए अभिमन्यु महतोए चुनाराम मुर्मूए रेलवे सुरक्षा बल के अवर निरीक्षक पवन कुमारए सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार तथा संतोष कुमार समेत दर्जनों पुलिसकर्मी उपस्थित थे।



## कसमार में स्वास्थ्य जागरूकता मेले का उद्घाटन



स्वास्थ्य जागरूकता मेले का उद्घाटन करतीं अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** झारखण्ड सरकार के अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के दिशा निर्देश पर कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चिकित्सा प्रभारी की उपस्थिति में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले का उद्घाटन कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी कसमार जिप सदस्य अमरदीप महाराज गर्री मुखिया गीता देवी कसमार पंसस मंजू देवी पोण्डा पंसस रवि कुमार रजवार तथा सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता व प्रसूति विशेषज्ञ डॉ स्वीटी भगत ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष महतो ने किया। मेले में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न बीमारियों की जांच के कुल 17 स्टॉल लगाए गए। स्वास्थ्य मेले में कुल 462 मरीजों को रजिस्ट्रेशन कराकर निशुल्क जांच व दवा का वितरण किया गया। मौके पर स्वास्थ्य मेले में डॉ स्वीटी भगत डॉ एचपी सोरेन डॉ पवन कुमार डॉ तनवीर फातमा डॉ मानस कपरदार डॉ परमेश्वर महतो डॉ संतोष महतो व वकिम चन्द्र महतो आनंद नायक सीमांत कुमार राजु चटर्जी सोमनाथ मुखर्जी नरेश महतो सहित अन्य मौजूद थे।

## सिल्ली प्रखंड क्षेत्र में 'चलो करें आवास पूरा' अभियान शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंडए प्रधानमंत्री आवास योजना. ग्रामीण अंतर्गत लंबित आवासों को पूरा करने के लिये 15 सितम्बर से 10 अक्टूबरए तक श्चलो करें आवास पूराश अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को लेकर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीडीओ पावन आशीष लकड़ा की अध्यक्षता में श्अब न रहे कोई आवास अधूराए चलो करें आवास पूराश अभियान को लेकर बैठक किया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक विशेष रुप से उपस्थित हुए। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में कुल 20 पंचायतों में 161 आवास लंबित है। उन्होंने सभी पंचायत सेवक एवं जन सेवक से पंचायत वार सभी लंबित आवास के बारे में जानकारी लिया। वहीं अगामी 10 अक्टुबर तक प्रखंड के सभी पंचायत में अभियान के तहत मुखिया की अध्यक्षता में पंचायत सेवकध्जनसेवकए पंचायत समिति सदस्यए विधायक प्रतिनिधि और संबंधित वार्ड सदस्यों की टीम लंबित आवास पूर्ण करने के लिए लाभुकों को प्रेरित कर आवश्यक सहयोग प्रदान कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जो घर नहीं बना पाते हैं उनसे राशि वापस कराने और जो आवास लाभुक घर में नहीं हैं उनको जनप्रतिनिधि के सहयोग से घर बनवाने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि इ अभियान के दौरान सभी लंबित आवासों को पूर्ण करना हैए यह विभाग एवम सरकार के द्वारा लाभुको को अंतिम मौका दिया गया है। लाभुक अपना आवास पूर्ण करें या राशि वापस करें इस बात को अभियान में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# गांव की खेल प्रतिभाओं को निखारेगा सिदो-कान्हू युवा क्लब

**खेल क्लब का गठन युगेश अध्यक्ष और हेमंत बने सचिव**



चयनित सदस्यों के साथ मुखिया व अन्य।


खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत में ग्रामसभा कर सिद्धो.कान्हू युवा खेल क्लब का गठन पंचायत मुखिया पार्वती देवी की अध्यक्षता में किया गया। पर्यटनएकला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना के आलोक में सिद्धो.कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। जिसमे सर्वसहम्मति से सिद्धो.कान्हू युवा खेल कल्ब के अध्यक्ष योगेश साव उपाण गणेश रविदास व हेमंत रविदास को सचिव के रूप में चुना गया। इसके अलावा सात अन्य सदस्य चुने गए। मौके पर मुखिया पार्वती देवी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड राज्य में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने तथा राज्य के ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने एवं आगे बढ़ने के अवसरप्रदान करने के लिए झारखंड सरकार के अधीन प्रत्येक गांव में ग्राम स्तरीय सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब का गठन पंचायत में किया गया है ।इस क्लब के गठन में उपमुखिया रंजीत साव पंचायत सेवक सलीम अंसारीए नवनियुक्त पंचायत सचिव अनुज रंजनए वार्ड सदस्य राजेश्वर सावए योगेश्वर रविदासए संतोषी देवी व गीता देवीए मुखिया के आप्त सचिव रंजीत प्रजापतिए मोहित रविदासए रोहितलाल रविदासए परमेश्वर रविदासए विकास प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

## समय संवाद

फेस्टिव सीजन में उपहार की बात न हो–यह संभव नहीं। वो चाहे अपने घर के लिए लिया गया हो या फिर अपने अजीज नाते–रिश्तेदारों के लिए। यूं तो बाजार उपहारों से अटे पड़े हैं लेकिन इंडोर प्लांट से बेहतरीन उपहार नहीं हो सकता। बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के मद्देनजर ये इंडोर प्लांट एन्वायरन्मेंट फ्रेंडली तो होते ही हैं, घर की शोभा भी बढ़ाते हैं। इन प्लांट की मदद से आप प्रकृति के सान्निध्य का अहसास पा सकते हैं और रिलेक्स हो सकते हैं। इंडोर प्लांट को देखरेख की ज्यादा जरूरत भी नहीं होती। तो क्यों न इस बार आप कुछ नया सोचें और फेस्टिव सीजन का लुत्फ उठाएं।

# त्योहारी मौसम में ग्रीन गिफ्ट का अवसर



**प्रियंका चन्द्रा**



**पीस लिली:** आकर्षक और कम देखभाल करने की प्रकृति के कारण पीस लिली उपहार देने वाले पौधों में बेस्ट है। यह पवित्रता और शांति का प्रतीक है। इसमें हरे-भरे चमकीले पत्तों के बीच सफेद रंग का फूल खिलता है जो बेहद सुंदर लगता है। यह पौधा मिट्टी के साथ बोतल या फ्लॉवर पॉट के अंदर पानी में भी आसानी से लगाया जा सकता है। बेहतरीन एयर प्यूरीफायर गुणों के कारण घर के वातावरण को स्वच्छ रखने में मदद करता है।

**लकी बैम्बू:** अपने नाम के अनुरूप यह पौधा घर में समृद्धि और खुशी लाने वाला माना जाता है। यह पानी के वास में आसानी से लगाया जा सकता है। वास में रखे छोटे-छोटे रंग-बिरंगे कंकड़ इसे अधिक आकर्षक बनाते हैं। कम रोशनी में भी लकी बैम्बू आसानी से विकसित हो जाता है।

**जेड प्लांट:** ज्यादा देखरेख और पानी के बिना, लंबे समय तक चलने वाला जेड प्लांट उपहार में देने के लिए उपयुक्त है। इसका मोटा तना और टहनियों में लगी छोटी-मोटी और गोल पत्तियां इसे आकर्षक बनाती हैं।

यह मिनिएचर ट्री की तरह दिखाई देता है। जेड प्लांट घर में धन और समृद्धि लाने वाला माना जाता है।

मनी प्लांटः इसे गुड लक प्लांट या समृद्धि, सुख, सौभाग्य, धन का प्रतीक भी माना जाता है। एयर प्यूरीफायर पौधा है। यह घर की शोभा बढ़ाने के साथ प्रदूषण से मुक्त रखने में सहयोग देता है। कम धूप में मिट्टी और पानी दोनों में आसानी से लग जाता है।

आर्किडः आर्किड की चमकदार पत्तियां और उसके रंग-बिरंगे फूल बहुत खूबसूरत होते हैं जो घर की सजावट में चार चांद लगा देते हैं। हालांकि इसे देख-रेख की जरूरत होती है, लेकिन यह लंबे समय तक बना रहता है। व्यस्त जीवन शैली वाले लोगों के लिए यह बेहतरीन उपहार है।

**क्रोटन:** उपहार में दिए जाने वाले आकर्षक पौधों में एक क्रोटन भी है। इसकी रंग-बिरंगी पत्तियां कई शेप होती हैं जो घर की सजावट को बढ़ाती हैं।

**एलोवेरा:** औषधीय गुणों से युक्त एलोवेरा का पौधा एक बेहतरीन उपहार है। पत्तियों के जैल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और जीवाणुरोधी गुण स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं को दूर करते हैं। सबसे बड़ी बात है कि इसे ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती।

कैक्टसः कैक्टस की विभिन्न वैराइटियां उपहार में दिए जाने वाले बेहतरीन पौधे हैं। कैक्टस कई शेप, रंगों और साइज में आते हैं। इनमें से कइयों के ऊपर महीन कांटे होते हैं जो इनकी खूबसूरती बढ़ाते हैं। कांटों से भरे रहने वाले कैक्टस में चटक रंगों के फूल भी खिलते हैं। उपहार के तौर पर आप मून कैक्टस, सैरेस, बन्नी इयर कैक्टस, गोल्डन बैरल कैक्टस जैसे छोटे कैक्टस दे सकती हैं।

स्नेक प्लांट

एयर प्यूरीफाइंग पौधों में एक है। ये पौधे लंबी पत्तियों वाले और फूलनुमा छोटे आकार की पत्तियों वाले भी होते हैं। पत्तियों के आसपास पीले रंग वाले पौधे बहुत आकर्षक लगते हैं। स्नेक प्लांट हवा में मौजूद हानिकारक तत्वों को अवशोषित करता है और बदले में हमें रात के समय भी ऑक्सीजन देता है।

**चाइनीज सदाबहार:** धीमी गति से बढ़ने वाला यह पौधा भी उपहार योग्य है। इसकी सिल्वर या रंग-बिरंगी मार्बलिंग बड़ी-बड़ी पत्तियां काफी आकर्षक होती हैं। बड़े होने पर इसे तने से काट कर दोबारा उगाया जा सकता है।

**जी जी प्लांट:** इसके बल्ब से निकलने वाली शाखाओं पर मजबूत हरी चमकदार पत्तियां बहुत आकर्षक होती हैं। जो घर की खूबसूरती तो बढ़ाती हैं, एयर प्यूरीफाई भी करती हैं। यह पौधा हालांकि धीमी गति से बढ़ता है, लेकिन इसकी पत्तियां काफी समय तक बनी रहती हैं।

**मिनिएचर बोनसाई ट्री**

विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों, फल-फूलों वाले बोनसाई पौधे आदर्श उपहार हैं और घर की शोभा बढ़ाते हैं। ये पौधे सौभाग्य, शांति, और खुशी का प्रतीक हैं।

# धर्मः सभी के लिये समान है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**धर्म** को लेकर जो भी कहा जाता है उसे नासमझी कहा जा सकता है। आपने जानना चाहा है कि बुद्ध और बौद्ध धर्म का प्रभाव भारतीय समाज पर क्या पड़ा? अच्छा सवाल है। बौद्ध धर्म अपनाने के बाद जो मजबूती मौर्य साम्राज्य में आई उसे समझने से यह बात समझ में आयेगी। बुद्ध ने हिंदू धर्म का सरलीकरण किया। उन्होंने सामान्य जन से लेकर सत्ता के शीर्ष तक को इससे जोड़ा। राजा बिम्बिसार ने जब बौद्ध धर्म स्वीकार किया तो उसकी प्रजा पर भी इसका प्रभाव पड़ा। मगध की एश्वर्यशाली साम्राज्य की सीमा इतनी दूर तक फैल गयी जितना विशाल साम्राज्य तब दुनिया में कोई दूसरा नहीं था। तब के सात जनपदों पर मगध साम्राज्य ने कब्जा कर एक विशाल भारत का निमार्ण किया। ऐसा इसलिए संभव हुआ क्योंकि बौद्ध धर्म के कारण भारतीय जन समुदाय जो जाति, धर्म, संप्रदाय में बटा था और रक्षा से लेकर व्यापार तक जातिगत बोध से घिरे थे वह टूट गये। क्षत्रिय ही रक्षा के लिए जबावदेह थे अन्य जातियों में राष्ट्रबोध का अभाव था। बुद्ध और बौद्ध धर्म से हिंदू धर्म में शामिल बुराइयों पर प्रहार करते हुए इसे एक सूत्र में बांधने का काम किया। इसका परिणाम आने वाले समय में एक समृद्ध और शक्तिशाली भारत के रूप में आया। सिकंदर जैसे वीर को भी भारत में आकर हार का मुंह देखना पड़ा। सिकंदर ने अपने परिवार का वैवाहिक संबंध यहां की सामाजिक मजबूती और धर्म के आचरण को देखकर ही बनाया। बुद्ध ने दुनिया मे पहली बार सन्याशियों का संघ बनाया। इससे सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से भारत मजबूत हुआ। धर्म सदैव समाज को मजबूत करता है। धर्म जोड़ने का काम करता है। हमारे ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम में किसी जाति धर्म का विशेष स्थान न होकर सभी के लिए स्थान है। बुद्ध ने बिम्बिसार को बहुत सोच समझकर अपना चेला बनाया। पहले एक परम्परा रही है गिरी या गोसाई को गुरु बनाने की यानी ब्राम्हण को गुरु मानने की। लेकिन सन्यासी को गुरु बनाने से बहुत कुछ मिट जाता है जाति, संप्रदाय का बोध समाप्त हो जीव के प्रति कल्याण का और मुक्ति का बोध जागृत हो जाता है। मगध के मौर्य साम्राज्य की विशालता और इतिहास में उसके स्वर्णिम काल का एक बड़ा कारण बुद्ध जैसे सन्यासी को उनके राजाओं द्वारा गुरु बनाना भी रहा। बुद्ध के जातिभेद को बौद्ध धर्म के माध्यम से नियंत्रित करने का परिणाम यह हुआ कि अजातशत्रु की सेना सिर्फ क्षत्रिय की सेना न होकर भारतीयों की सेना बन गई और सातों जनपद जितकर मगध साम्राज्य दुनिया का सबसे बड़ा साम्राज्य बन गया। यह अलग विषय है कि इतिहास में बहुत कुछ वही लिखा गया जो राजाओं के हित में था। क्योंकि इतिहासकार राजाओं के शरण में होते थे। धर्म को समझकर उसे उल्लेखित करने से ही तथ्य साफ होता है। बुद्ध ने हिन्दू धर्म को जटिलताओं से सरलता की ओर ले जाकर समस्त मानव के कल्याण के लिए सूत्र के रूप में बौद्ध धर्म की सूत्रों का प्रचार किया।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटाका राजपुर, बक्सर, बिहार शाखा कुटी रांची)**

# जिन कुशल कामगारों का कोई नहीं उसके लिए विश्वकर्मा योजना

**आर.के. सिन्हा**

**कभी** यह भी सोचा जाना चाहिए कि देश के आजाद होने के इतने दशक गुजरने के बाद भी हमने मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार, कुम्हार जैसे निचले स्तर पर काम करने वाले कुशल कामगारों के हितों को लेकर कोई व्यापक नीति क्यों नहीं बनाई? अगर इनके बारे में पहले सोचा जाता तो ये भी देश के विकास का लाभ ले रहे होते। इनकी अनदेखी तो हुई। हां, इतना सुकून किया जा सकता है कि अब इनके बारे में सोचा जा रहा है। अब सरकार इनकी जिंदगी में खुशियां लाने के लिये विश्वकर्मा योजना लेकर आ रही है। इस योजना के ऊपर अगले पांच साल में 13 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 17 सितंबर को जन्म दिन पर शुरू होने वाली इस योजना के तहत मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार कुम्हार आदि को पांच प्रतिशत की दर से एक लाख रुपये और दूसरे चरण में दो लाख रुपये का कर्ज मिल सकेगा। शिल्पकारों और कामगारों को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। ट्रेनिंग लेने वालों को हर दिन 500 रुपये का मानदेय देने की व्यवस्था हो रही है। सच में अफसोस होता है कि हमारे नीति निर्धारक इतने संवेदनशील भी नहीं रहे जिससे कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिये कल्याणकरी योजनाएं बन पातीं। क्या ये हमारे देश-समाज में शामिल नहीं हैं? हमने इनकी इतनी बेकद्री क्यों की?

राजकपूर की 1954 में रिलीज हुई अमर फिल्म बूट पालिश के पात्र भोला जैसे बच्चे देश के तमाम शहरों के बाजारों में आराम से देखने को मिलते हैं। बूट पालिश फिल्म के विपरीत असली जिंदगी में भोला जैसे किसी बच्चे के साथ उसकी बहन बेलू या कोई और लड़की नहीं होती। ये जगह-जगह अपने लकड़ी के बने डिब्बे के साथ बैठे होते हैं। उसमें अलग-अलग रंगों की पालिश, ब्रश और कपड़े होते हैं। कुछेक पास मोची का सामान भी होता है। ये इन्हीं से अपने ग्राहकों के जूते सैंडिल वगैरह चमकाते और बनाते हैं। ये 15 साल से 55 साल तक मिलेंगे। कई-कई तो बूट पालिश का काम करते हुए ही अधेड़ हो गए हैं। ये जब काम करने लगते हैं तो ये बच्चे होते हैं। घर की कमजोर माली हालत के चलते पढ़ नहीं पाते और फिर करने लगते हैं बूट पालिश और मोची का काम। इनकी कभी कोई मदद नहीं करता।

कुछ दिन पहले राजधानी में समाप्त हुये जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति लूला भी पधारे थे। वे भी एक मोची परिवार से थे। उन्होंने भी बचपन में बूट पालिश की थी। आज वे विश्व के बेहद असरदार नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। कहने का मतलब ये है कि अगर हमने अपने समाज के हाशिये पर धकेले गये लोगों को पर्याप्त अवसर दिये होते तो वे भी देश की मुख्यधारा का हिस्सा होते। खैर, अब उन्हें अवसर मिलेंगे तो वे आगे बढ़ेंगे।

बेशक, विश्वकर्मा योजना उन लाखों-करोड़ों लोगों की जिंदगी में ना केवल सकारात्मक बदलावों का वाहक बनेगी बल्कि विकसित भारत का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। भारत की जीडीपी में असंगठित क्षेत्र का योगदान लगभग 50 फीसदी है। देश के श्रमबल का 90 फीसदी असंगठित क्षेत्र में काम करता है। पारंपरिक पेशे से जुड़े कारीगरों का हमारे समाज में खासा महत्व है। हमारे यहां ऐसे कारीगर बहुतायत है, जो अपने हाथ के कौशल से देशी औजारों का उपयोग करते हुए जीवन बसर करते हैं। हमने कोरोना काल में इन्हें भी धक्के खाते देखा था। तब ये सैकड़ों-हजारों किलोमीटर का सड़क मार्ग से सफर करके अपने गांवों में पहुंचे थे। उस कठिन यात्रा में कई मजदूर मारे भी गये थे। इन्हें सरकार से हर तरह की मदद की जरूरत है। अगर इन्हें कुछ लोन मिलने लगे तो ये अपने काम को चमका सकेंगे।

आजादी के बाद देश के पारंपरिक पेशे से जुड़े कारीगरों को सरकार से जिस मदद की आवश्यकता थी, वो उन्हें नहीं मिल पाई। यही वजह रही कि कइयों को अपना पुश्तैनी और पारंपरिक व्यवसाय छोड़ने को मजबूर होना पडा। पर इस योजना को पूरी ईमानदारी से लागू करना होगा, ताकि इसका लाभ उन्हें मिले जो इसका सच में पात्र हैं। याद नहीं आता कि पहले कभी कौशल जीवियों के हित में इतनी वृहद योजना शुरू की गई हो। हमने कोरोना काल में देखा था जब लकड़ी का काम करने वाले कारपेंटर, प्लंबर, नाई आदि भी दाने-दाने को मोहताज हो गए थे। इनका लगभग दसेक महीने तक कामकाज बिल्कुल ठंडा रहा।

देश में प्लंबिंग के काम पर उड़ीसा के प्लंबरों का लगभग एकछत्र राज है। इनकी वही स्थिति है जो अस्पतालों में केरल की नर्सों की होती है। ये सुबह ही अपने औजारों का बैग लेकर खास चौराहों या हार्डवेयर की दुकानों पर मिल जाते हैं। वहां से ही इन्हें लोग अपने घरों-दफ्तरों में ले जाते हैं या फिर इन्हें बुला लेते हैं। अपने काम में उस्ताद ये उड़िया प्लंबर एक बार जो अपने काम का जो दाम मांग लेते हैं, फिर उससे पीछे नहीं हटते। ये रोज का कम से कम करीब एक-दो हजार रुपए तक पैदा कर ही लेते हैं। इन सब पेशों से जुड़े लोगों के लिए विश्वकर्मा योजना वरदान साबित हो सकती है। इन्हें आसान शर्तों पर लोन भी मिल सकेगा। कौशलजीवियों का सम्मान व उनकी कार्य कुशलता को बढ़ाना ही जहां उनका सम्मान है वहीं यह भगवान विश्वकर्मा की भी वास्तविक पूजा है।

# बैंकर, सुमन प्रसाद की लद्दाख मैराथन जीत कर रिकार्ड बनाया

**नंद किशोर**




**अटूट** दृढ़ संकल्प और लचीलेपन की एक उल्लेखनीय कहानी में, एक 56 वर्षीय उत्साही धावक ने अपनी यात्रा के दौरान जीवन-घातक स्वास्थ्य भय का सामना करने के बावजूद, लद्दाख मैराथन को जीतने के अपने सपने को हासिल।

पेशे से बैंकर, सुमन प्रसाद की लद्दाख मैराथन की यात्रा उनकी अडिग भावना का प्रमाण है। पिछले साल ही दौड़ना शुरू करने के बाद, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण मैराथन में से एक को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया, एक ऐसा सपना जिसे उनकी उम्र में अधिकांश लोगों के लिए हासिल करना असंभव लगता था।

उनकी लद्दाख यात्रा दिल्ली हाफ मैराथन (21 किलोमीटर), कोलकाता मैराथन (25 किलोमीटर) और कठिन मुंबई मैराथन (42 किलोमीटर) के सफल समापन के साथ शुरू हुई, जो उनके नए जुनून के प्रति उनके समर्पण और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

लद्दाख मैराथन में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए, सुमन ने उत्सुकता से उस कार्यक्रम के लिए अपना पंजीकरण कराया। यह मैराथन पूरा करना उनका सबसे बड़ा सपना था। इस मैराथन को पूरा करने के लिए उन्होंने में पतरातू घाटी के जोखिम भरे इलाके में अपना प्रशिक्षण शुरू किया। वह लद्दाख के लिए तैयार थे। लेकिन वहां पहुंचने पर लद्दाख की ठंडी हवा ने उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। वह गंभीर रूप से बीमार पड़ गए और ऑक्सीजन का स्तर कम होने के कारण चलने में असमर्थ हो गए। उनकी हालत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल का दौरा पड़ने का खतरा होने के कारण, डॉक्टरों ने सलाह देते हुए उनसे अपने जीवन की खातिर अपने सपने को त्यागने का आग्रह किया। उन्होंने कई चिकित्सीय राय मांगी, सभी ने एक ही गंभीर चेतावनी दी।

अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा, लद्दाख में मैराथन के लक्ष्य को पूरा करने के अपने सपने को साकार करने का मेरा जुनून और प्यार मुझे परेशान करता रहा। मैंने हार मानने से इनकार कर दिया। एक बार फिर हिम्मत जुटाई और इस लक्ष्य तक चढ़ने की सोची। जैसे ही मैं कुछ कदम चला, मुझे एहसास हुआ कि मेरा ऑक्सीजन स्तर बढ़ गया है, इससे मुझे अपनी चुनौती जारी रखने का साहस मिला। सुमन प्रसाद की दृढ़ता ही उनकी एकमात्र प्रेरक शक्ति नहीं थी। उनकेभांजा के आगमन से, जो अपने चाचा के खराब स्वास्थ्य के बारे में जानकर लद्दाख पहुंचे थे, उन्हें देखते ही इनके अंदर एक अतिरिक्त ऊर्जा का संचार हुआ। सुमन का निश्चय बढ़ गया और उसने अपनी गति तेज कर दी। दृढ़ इच्छाशक्ति का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए, सुमन प्रसाद ने निर्धारित समय सीमा में लद्दाख मैराथन को पूरा करते हुए फिनिश लाइन को पार किया। (लेखक निजी फाइनेंस कंपनी में मैनेजर हैं।)

# मानसिक विकास, बेतहर ज्ञान का आधार और जीवन की असीम संभावनाओं पर उर्सूलाइन इंटर कॉलेज में खबर मन्त्र का करियर सह मोटिवेशनल काउंसिलिंग कार्यक्रम

**उर्सूलाइन** इंटर कॉलेज रांची के सभागार में करियर सह मोटिवेशनल काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। खबर मन्त्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में चीफ सब एडिटर एनके मुरलीधर ने साइंस और आर्ट के 1800 से अधिक छात्राओं को संबोधित किया। सुबह और शाम के दो पालियों में आयोजित इस कार्यक्रम में शैक्षणिक विकास और जीवन के विविध पहलूओं पर विमर्श किया गया।

कार्यक्रम के आंरभ में प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस ने कहा कि यह कार्यक्रम आपके हित में है। शैक्षणिक विकास के साथ ही आप देश-दुनिया के विषयों पर भी अपना ध्यान केन्द्रीत करें। लंबे समय से श्री मुरलीधर हमारे शैक्षणिक संस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों में आकर अपने अनुभव का लाभ हमें पहुंचाते रहें हैं। ऐसा न हो कि उनकी जानकारी पत्थर पर पानी जैसा बह जाए। आपको









जिन बिंदुओं पर इन्होंने जोर देकर अपनाने का कहा है उस पर आप ध्यान दें। निश्चित तौर पर आपको लाभ होगा। आपके व्यवहार और आपकी जिज्ञासा से आपके जीवन में बड़ा परिवर्तन आता है। आपकी जिज्ञासा का स्तर भी बेहतर होनाच चाहिए। वर्तमान समय में अटकने और भटकने की आशंका को जीवन से दूर कर दें। अपने आप को सोशल मीडिया और मोबाइल के उपयोग तक सीमित रखे इनका दुरूपयोग से आपकी पढ़ाई प्रभावित होती है। आप अब युवावस्था में है और आपको अपनी जिंदगी को शीर्ष तक ले जाने की पूरी संभावना आपके सामने है। निश्चित ही एक बेहतर माहौल का लाभ उठाकर हम आगे बढ़ें। कार्यक्रम के क्रम में छात्राओं ने एकाग्रता और किसी भी विषय को पूरी निष्ठा से जानने, समझने के कुछ नियमों को भी जाना।

कार्यक्रम में छात्राओं ने अध्ययन के टिप्स भी सीखें।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन :95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अक्टूबर में देश में यात्रा के लिये बेहतरीन स्थान

**सोनाली भट्टाचार्या**

**काशी** शहर 11 वीं शताब्दी ईसा पूर्व का है और इसे भगवान शिव के शहर के रूप में जाना जाता है, जहां उनके रुद्र अवतार ने एक बार तपस्या की थी। विशेष त्योहार होते हैं; जैसे पुष्कर में प्रसिद्ध ऊंट मेला, वाराणसी में गंगा महोत्सव, दिल्ली में कुतुब महोत्सव और कच्छ में रण उत्सव।

**वाराणसी**

वाराणसी, जिसे पहले बनारस के नाम से जाना जाता था, रोशनी का शहर है, जो गंगा के तट पर स्थित एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला पवित्र शहर है। यह शहर 11 वीं शताब्दी ईसा पूर्व का है और इसे भगवान शिव के शहर के रूप में जाना जाता है, जहां उनके रुद्र अवतार ने एक बार तपस्या की थी। आज निश्चित रूप से इस शहर में तीर्थयात्री अपने पापों से खुद को मुक्त करने, शांति पाने और उच्च आध्यात्मिक स्तर प्राप्त करने करने के लिए आते हैं। गंगा महोत्सव इस महीने के दौरान मनाया जाता है जो इस शहर को संगीत और सांस्कृतिक पराकाष्ठा के एक उच्च शिखर पर ले जाता है।

**बोधगया**

बोधगया वह स्थान है जहां भगवान बुद्ध को एक बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। आज यह बिहार का एक गाँव है और यूनेस्को की एक विश्व धरोहर स्थल भी बनाता है। इसे सबसे पवित्र स्थान मानने वाले बौद्ध तीर्थयात्रियों के अलावा यहां पर्यटकों की भी काफी भीड़ रहती है। नवंबर के महीने में बोधगया अपेक्षाकृत ठंडा होता है, जिसमें तापमान १५-२९ डिग्री सेल्सियस होता है।

**ओल्ड गोवा**

ओल्ड गोवा गोवा भारत का वह हिस्सा है जो पुर्तगाली शैली के पुराने घरों, सुंदर पत्थर से बने चर्च और प्राचीन मठों से समृद्ध है। यह आज यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है। गोवा का यह छोटा सा शहर नवंबर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह वर्ष के इस समय में सेंट फ्रांसिस जेवियर (गोवा के संरक्षक संत) के महान पर्व की मेजबानी करता है। इस शहर का इस महीने काऔसत तापमान 29 सेल्सियस होने के कारण इस समय मौसम भी काफी सुहावना होता है।

**कच्छ**

कच्छ पश्चिम गुजरात का एक जिला है जो भारत का एक बड़ा शहर भी है। यह अपने सफेद रेगिस्तान, ऐतिहासिक चमत्कारों, एक ऊबड़-खाबड़- लगभग आदिवासी जीवन शैली और भाषा और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। नवंबर के महीने में कच्छ में सर्दियां शुरू हो जाती हैं और तापमान ठंडा होने लगता है। महीने के इस समय में 12-25 डिग्री सेल्सियस की सीमा होती है और यह महान रण उत्सव (रेगिस्तान त्योहार) शुरू करने के लिए एकदम सही सेटिंग बनाता है, जिसके लिए यह क्षेत्र जाना जाता है। अगर आप उत्सव प्रेमी हैं तो इस रण उत्सव के लिए कच्छ जरूर जाएं।

**पुष्कर**

पुष्कर एक सुंदर पुराना राजस्थानी शहर है, जो थार रेगिस्तान की सीमा से लगे भगवान ब्रह्मा के मंदिर के लिए जाना जाता है। यह पुष्कर झील के किनारे स्थित है और नवंबर के महीने में पुष्कर ऊंट मेले के दौरान भारतीयों के साथ-साथ विदेशियों के लिए भी सबसे प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल है।

22 डिग्री सेल्सियस के उच्च तापमान और 8 डिग्री सेल्सियस के निचले स्तर के साथ पुष्कर नवंबर में सुखद ठंडा और शुष्क होता है। यहां आपका समय निसंदेह बहुत अच्छा गुजरेगा।

**अमृतसर**

अमृतसर को स्वर्ण मंदिर के घर के रूप में जाना जाता है और एक ऐसा शहर है जो पंजाब में सिखों की वीरता पर गर्व करता है।

**पर्यावरण की चिंता..**



साभार कार्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

## स्पीड न्यूज

### शिल्पकार भगवान की पूजा आज



**गुमला।** शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा की तैयारी जिले में पूरी कर ली गयी है। रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर मूर्ति स्थापित कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जायेगी। मूर्तिकार भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को अंतिम रूप दे चुके हैं। शहर के बस पड़ाव में बस वर्क्स यूनियन व टेंपो स्टैंड में टेंपो चालक संघ भव्य तरीके से शिल्पकार भगवान की पूजा करता है। इसके अलावे शहर के विभिन्न गैरेजों व घरों में विशेष रूप से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जायेगी। लोग आज से ही अपने वाहनों की साफ-सफाई में जुट गये हैं। पूजा को लेकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी तैयारी की जा रही है।

### चेंबर अध्यक्ष ने उप समितियों का गठन करते हुए सदस्यों को सौंपी जिम्मेवारी

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के नियमानुसार चेंबर के गठन होने के बाद उप समितियों का गठन किया जाता है। जिसको लेकर चेंबर अध्यक्ष के द्वारा उप समितियों के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए उन्हें विभागवार जिम्मेवारी सौंप दी। जिसमें बृज किशोर फोगला, राहुल केसरी, आदित्स गुप्ता व सुमित साबू को बैकिंग विभाग, बबलू वर्मा, मो इम्तियाज, द्वारिका मिश्रा, मनीष कुमार को नगर परिषद विभाग, पंकज खंडेलवाल, प्रदीप सोनी, प्रकाश मंत्री व अमित मंत्री को वित्त विभाग, प्रणय कुमार साहू, अजय कुमार, संजीव मलानी व प्रदीप सोनी को कृषि विभाग, गुरमीत सिंह, राजेश सिंह, बबलू वर्मा व आकश भारती को परिवहन विभाग, अमित मंत्री, मुनीलाल साहू, आनंद गुप्ता व अजय कुमार सिंह को विद्युत विभाग, अभिजीत जायसवाल, दिलीप गुप्ता, बबलू गुप्ता व प्रतीक अग्रवाल को बीमा विभाग, विकास सिंह, नीरज गुप्ता, प्रणय कुमार व अरविंद सोनी को श्रम एवं माप तौल विभाग, राजेश सिंह, अमित मंत्री, राजू रंजन श्रीवास्तव व गुन्नू शर्मा को स्वास्थ्य विभाग दिया गया। इसके अलावे गैस व पेट्रोलियम विभाग, पेयजल विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, महिला उद्यमिता विभाग एवं स्वच्छ भारत व पौधारोपण विभाग की जिम्मेवारी अन्य सदस्यों को दी गयी।

### स्वच्छता जागरूकता रैली के साथ स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ आगाज



**लोहरदगा।** नगर परिषद द्वारा जागरूकता रैली के साथ इंडियन स्वच्छता लीग के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का आगाज किया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता रैली का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस रैली के माध्यम से शहर के लोगो को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाये रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस रैली के माध्यम से स्वच्छता पखवाड़ा का भी शुभारंभ किया गया। यह पखवाड़ा आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगी। जिसने कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस रैली में नगर परिषद के सभी स्वच्छता कर्मी, कार्यालय कर्मी, सभी पदाधिकारी एवं आमजनों की भागीदारी रही।

### कराटे चैंपियनशिप में लोहरदगा की रुना करेगी झारखंड का प्रतिनिधित्व





**लोहरदगा।** नेशनल कराटे चैंपियनशिप में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुजरा लोहरदगा की छात्रा रुना कुमारी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। ज्ञात हो कि कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन (ङकड)के द्वारा देहरादून उत्तराखंड में 21 एवं 22 सितंबर को कैडेट और जूनियर का नेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। जिसमें लोहरदगा जिला कराटे संघ से रुना कुमारी का चयन पिछले दिनों दुमका में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त कर इसका पात्रता हासिल की है। झारखंड की 28 सदस्यीय टीम 18 सितंबर को देहरादून के लिए रवाना होगी। इस पर लोहरदगा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सेंसाई जगनंदन पौराणिक, उपाध्यक्ष सेंसाई क्यूम खान, सचिव श्रवण साहू, संरक्षिका सुषमा सिंह, एकलब्य मॉडल आवासीय विद्यालय की प्राचार्या अमृता मिश्रा, मदन, विक्की, लखन राम आदि ने रुना कुमारी को शुभकामनाएं दी है। जिससे डेंगू का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसपर नप तत्काल संज्ञान लेते हुए सड़क बनवाने पर पहल करें नहीं तो नगर परिषद के खिलाफ आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### फसल योजना का रजिस्ट्रेशन शिविर लगा



**घाघरा।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत सचिवालय में झारखंड राज्य फसल राहत योजना के रजिस्टेशन को लेकर शनिवार को शिविर लगाया गया। जिसमें ऑनलाइन फॉर्म भरने हेतु कंप्यूटर की व्यवस्था की गयी। साथ ही फॉर्म व नि:शुल्क कागजातों की फोटो कॉपी भी हुई। कुल 26 किसान ऑनलाइन कंप्लीट किये गये। मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय से पंचायत की दूरी 12 किलोमीटर है और बहुत से किसान, यहां तक पहुंच नहीं पाते हैं। जिनके सुविधा के लिए शिविर लगाया गया ताकि सभी किसानों को उसका लाभ मिल सके। मौके पर उप मुखिया अजीत मनी पाठक, चक्रधारी सिंह, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, मुनेश्वर उरांव, जगमनिया कुमारी, अनिल भगत, विनोद भगत, आनंद महली मनमेंथ देवी, किसान ज्वेल उरांव, सतीश भगत, मंगरी देवी, शुकरा भगत, जगन्नाथ उरांव, बुधु भगत, बसंती देवी, अंजली देवी, राजू महली, रामी देवी आदि भी मौजूद थे।

# शिक्षा विभाग के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

- उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की संपूर्ण समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से जिले में प्रारंभित नई गतिविधि शिक्षा कर भेंट के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने लक्षित सभी 110 विद्यालयों में नियमित रूप से संबंधित अधिकारियों को विजिट करते हुए वहां की शिक्षा के स्तर का आंकलन करने, सरकारी सुविधाओं की उपलब्धता देखने, नियमित मॉक टेस्ट का आयोजन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के रेगुलर अटेंडेंस आदि जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों के साथ बैठक कर उनके समस्याओं के निराकरण को लेकर सहयोग करने के निर्देश दिये। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में एफएलएन अंतर्गत संचालित गतिविधियों, वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत मदवार आवंटित राशि के भौतिक व्यय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय व झारखड आवासीय बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में स्वीकृत, कार्यरत एव रिक्ति, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मानव बल आदि से संबंधित विषयों की भी उपायुक्त ने समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिये।

### सभी योजनाओं की सूची तैयार करने की हिदायत

उपायुक्त ने शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी योजनाओं की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं आवासीय विद्यालयों में नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य जांच करवाना सुनिश्चित करने हेतु सिविल सर्जन गुमला को निर्देशित किए। साथ ही बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाते हुए उनके स्वास्थ्य स्थिति को मॉनिटर करने की भी बात कही। उपायुक्त ने पुराने खाली भवनों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक मरम्मत करते हुए विद्यालयों के रूप में भवनों का उपयोग करने की बात कही। उपायुक्त ने 10वी एवं 12वी के विद्यार्थियों का प्रति माह मॉक टेस्ट लेने का कड़ा निर्देश दिया, इसके अलावा सभी स्कूलों में साप्ताहिक टेस्ट भी आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त ने साइंस लैब, लाइब्रेरी व स्मार्ट क्लास रूम की समीक्षा करते हुए प्रस्तावित विद्यालयों में जहां उक्त लैब का अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उसे अविलंब प्रारंभ कराते हुए लैब निर्माण कराने के निर्देश दिये। वहीं जहां ये लैब तैयार हो चुके हैं वहां उक्त लैब्स को फंक्शनिंग कराने की भी बेस्ट कही। साइंस लैब में नियमित एक्सपेरिमेंट हो उसके लिए उसके लिए उपायुक्त ने नए एक्सपेरिमेंट से संबंधित बुकलेट बनाने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निदेश दिये गये। इस दौरान बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सिविल सर्जन, एडीपीओ संबंधित विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

गुप्त सूचना पर कार्रवाई, गढ़वा-लातेहार से ब्राउन शुगर लाकर गुमला में बेचते थे युवक

# 35 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार, भेजे गये जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसपी, एसडीपीओ व अन्य।

**गुमला।** घाघरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 35 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में गुमला थाना क्षेत्र के तर्री निवासी सोनू सिंह उर्फ जयदेव (23) पिता रामानंद सिंह, तर्री के विशाल सिन्हा (21) पिता स्व रामचरण लाल व लक्ष्मण नगर गुमला के अंकित कुमार (23) पिता रामनाथ खेरवार शामिल है।

शनिवार को एसपी हरविंद्र सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि गढ़वा एवं लातेहार जिला से ब्राउन शुगर खरीद कर गुमला जिला में कुछ युवक बेच रहे हैं। जिसके कारण युवा वर्ग के लोग नशे के शिकार हो रहे हैं। 15 सितंबर की रात 11 बजे सूचना मिली कि एक बाइक से तीन युवक गढ़वा जिला से ब्राउन शुगर लेकर गुमला के लिए निकले हैं, जो घाघरा होते गुमला आयेंगे। जिसे लेकर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया।

**खास बातें :** छापामारी टीम ने देवाकी पुल के पास एंटी क्राईम वाहन जांच लगायी। इसी दौरान एक टीवीएस से तीन युवक विशुनपुर की ओर से घाघरा आते दिखे। जहां पुलिस ने तीनों को रोका और नाम पूछा। इस दौरान पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो सोनू के पास से तीन प्लास्टिक की पुड़िया (करीब 15 ग्राम) था। उसमें ब्राउन सुगर पाया गया। विशाल के पैंट की जेब से दो प्लास्टिक पुड़िया जो दस ग्राम व अंकित कुमार के पास से दो प्लास्टिक का पुड़िया जिसमें लगभग दस ग्राम ब्राउन शुगर था बरामद किया गया।

# खेल छात्रों में अनुशासन व उनके व्यक्तित्व में निखार लाता है: डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** खेल जीवन में अनुशासन और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का भाव लाता है। साथ ही उनके जिम्मेदार नागरिक बनने में सहायता करता है। छात्रों में अनुशासन और उनके व्यक्तित्व में भी निखार लाता है। खेल में भागीदारी होने से खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे होते हैं। उक्त बातें उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शनिवार को नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में जिला स्तरीय खेलो झारखंड के प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कही।

कार्यक्रम में अपरूपा पॉल चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा ने कहा कि खेल का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है।



विजेताओं को पुरस्कृत करते लोहरदगा डीसी।

**खास बातें :** बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा और उपविजेता झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो को उपायुक्त द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वॉलीबॉल अंडर 14 बालिका वर्ग विजेता कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सेन्हा और उपविजेता कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को। वही अंडर 17 बालिका वर्ग विजेता कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को और उपविजेता राजकीयकृत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, बिटपी, भंडरा तथा अंडर 19 बालिका वर्ग का मुकाबला कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को और राजकीयकृत +2 नंदलाल उच्च विद्यालय, अरू, सेन्हा के बीच खेला गया। जिसमें विजेता नंदलाल उच्च विद्यालय, अरू विजयी हुई और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, किस्को उपविजेता हुई। कुश्ती का मुकाबला अंडर 14,17 और अंडर 19 का मुकाबला बालक और बालिकाओं का खेला गया। सभी विजेताओं को उपायुक्त ने सम्मानित किया। इस मौके पर सभी प्रतिभागी विद्यालयों के खिलाड़ी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विभिन्न खेलों से जुड़े कोच उपस्थित थे।

# देश भर के मिट्टी कलश से दिल्ली में बनेगी अमृत वाटिका : अजय

- विभिन्न स्थानों से किया गया मिट्टी संग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजय मुंडा ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत देश भर के 75 सौ गांवों के मिट्टी कलश से दिल्ली के शहीद स्मारक के सामने अमृत वाटिका का निर्माण होगा। गुमला के संकट मोचन मंदिर अंबेराडीह, चरकाटांगर, कोयनारा और रायडीह के कुलमुंडा से मिट्टी कलश संग्रह करने के बाद अजय मुंडा ने यह जानकारी दी। कहा कि मेरा माटी मेरा देश अभियान का मकसद शहीदों को सम्मान देना है। प्रदेश मंत्री के साथ किसान मोर्चा के प्रमंडलीय सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता भी शामिल थे।

# देवस्थल में 19 से 23 सितंबर तक धूमधाम से मनेगा गणेश उत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** धूमधाम से गणेश उत्सव मनाने को लेकर शहर के देव स्थल में एक बैठक की गयी। जिसमें गणेश उत्सव 19 से 23 सितंबर तक देव स्थल प्रांगण में भव्य पूजन उत्सव एवं भंडाा गणेश उत्सव समिति करेगी। इसके लिए बैठक आयोजित कर सर्व समिति से एक कमेटी का भी गठन किया गया है। जिसमें श्रेयांश सिद्धार्थ को अध्यक्ष, राजकुमार यादव, अरविंद वर्मा, संजय साहू, पप्पू पहलवान को उपाध्यक्ष, शुभम गुप्ता को सचिव, हेमंत राय, सूरज गुप्ता, करण साहू, मोनिट कुमार बिट्टू को कोषाध्यक्ष, राजीव कुमार एवं नीरज कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य में शंकर साहू, संदीप यादव, अरुण वर्मा, अमन वर्मा, उत्तम कुमार, रंजीत साहू, पंकज गुप्ता, सूरज मिश्रा, रंजन कुमार, अनुराग शिखर, अमित कुमार भी थे।

### पोषण रथ को उपायुक्त ने किया रवाना



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय पोषण माह-2023 अंतर्गत शनिवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा पोषण रथ को समाहरणालय से सभी प्रखंडों में जनजागरूकता हेतु रवाना किया गया। यह कार्यक्रम समाज कल्याण कार्यालय लोहरदगा ने आयोजित किया। यह रथ सभी प्रखंडों में जायेगा। साथ ही पोषण रैली सभी प्रखंड मुख्यालयों में निकली। मौके पर डीडीसी जय ज्योति सामंता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत बड़ी संख्या सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन हुए छह मैच



**गुमला।** रांची विवि इंटर कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को कुल 6 मैच खेले गये। जिसमें पहला मैच सिल्ली कॉलेज सिल्ली व मारवाड़ी कॉलेज रांची के बीच खेला गया। सिल्ली कॉलेज ने मारवाड़ी कॉलेज को 2-1 से हराया। दूसरे मैच में सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा ने योगदा सत्संग महाविद्यालय रांची को 1-0 से हराया, तीसरे मैच में करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो ने परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर को 3-1 से हराया और चौथे मैच में सिल्ली कॉलेज सिल्ली ने बिरसा कॉलेज खूंटी को 3-1 से हराया। मौके पर समिति के सचिव प्रो कुमार बा, खेल शिक्षक प्रो मनोज कुमार, डॉ दिलीप प्रसाद, प्रो जीभवानी रजक, प्रो अभिनय कुमार, प्रो लक्ष्मण उरांव, प्रो प्रेमचंद उरांव, प्रो आकांक्षा स्वरूप, प्रो नीलम प्रतिमा भी थे।

### डेंगू के बढ़ते प्रकोप की रोकथाम की मांग

**गुमला।** राज्य से लेकर गुमला जिला में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने इसकी रोकथाम के कारगर उपाय करने की जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से मांग की है। श्री कसेरा ने कहा कि जिस तेजी के साथ गुमला जिला में डेंगू के मरीज मिल रही है। उसे रोकना जरूरी है नहीं तो स्थिति विस्फोटक बन जायेगी। उन्होंने कहा कि गुमला जिला में डेंगू को रोकने के लिए क्या योजना बनाई गई है ये स्पष्ट नहीं हो पाया है। स्वस्थ विभाग इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए इसकी रोकथाम के लिये लोगो को जागरूक करे ताकि गुमला में इस प्रकोप से बचा जा सके। गुमला नगर परिषद को भी सभी वार्डों में फोगिंग मशीन से छिड़काव करना चाहिए ताकि इसके प्रकोप से लोगो की जान बचायी जा सके। गुमला नगर क्षेत्र में कई ऐसे सड़क हैं जहा गड्ढा होने के कारण जल जमाव हो गया है।

# लंबित पीएम आवास पर ध्यान दें और लक्ष्य को पूर्ण करें : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड कार्यालय कक्ष में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में मुखिया, स्वंयसेवक वार्ड सदस्य और मेट के साथ अपूर्ण पीएम आवास को लेकर बैठक किया गया। आयोजित बैठक के दौरान अर्धनिर्मित एवं अपूर्ण अवस्था में लंबित पीएम आवास पर प्रकाश डालते हुए अपूर्ण आवास का जायजा लिया गया। उक्त बैठक जिला उपायुक्त द्वारा चले आवास पूरा करें आयोजन को लेकर किया गया। अर्धनिर्मित आवास को 15 दिनों में लाभुक से पूर्ण करवाने पर जोर दिया गया। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि जिस लाभुक को नीलाम पत्र निर्गत नहीं किया गया है।

### स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में स्वास्थ्य मेला 18 को

**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में 18 सितंबर को प्रखंड स्वास्थ्य मेला लगना है। इसकी जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का ने बताया कि 14 से 18 सितंबर के बीच गुमला जिले के सभी 12 प्रखंडों में प्रखंड स्वास्थ्य मेला तय किया है। जिसमें 18 को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्वास्थ्य मेला 10 बजे लगेगा। जिसमें प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, बीडीओ, सीओ, बीइइओ, सीडीपीओ, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिप सदस्य आदि मौजूद थे।

# चैनपुर के चौकीदार की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने वर्ष 2007 में चैनपुर थाने के चौकीदार जसफिनुस कुजूर की हत्या के आरोपी थाना क्षेत्र के रातु जामटोली निवासी सोमरा उरांव को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। चैनपुर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने बताया कि सोमरा उरांव पूर्व में नक्सली संगठन में रह चुका है। वर्ष 2007 में चैनपुर थाना के चौकीदार की हत्या में वह प्राथमिक अभियुक्त था। वहीं उसके खिलाफ चैनपुर डुमरी एवं रायडीह थाने में भी आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। न्यायालय से अभियुक्त सोमरा उरांव के खिलाफ 7 स्थाई वारेंट निर्गत किये गये थे।

# हीमोग्लोबिन की कमी से अंगों में ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं हो पाती है: प्रमोद कुमार सिन्हा

- एनीमियामुक्त भारत के तहत आयरन अनुपूरक पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी।

**गुमला।** सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति और एविडेंस एक्शन के संयुक्त तत्वावधान में एनीमिया मुक्त भारत के तहत आयरन अनुपूरक पर जिला स्तरीय एक दिवसीय एसटीटी एवं बीटीटी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला आरसीएच पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिन्हा और अभिनित आनंद, जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डॉ सिन्हा ने कहा कि खून में यदि हीमोग्लोबिन की मात्रा एक निश्चित मापदंड से कम हो जाती है तो विभिन्न अंगों में आक्सीजन की आपूर्ति नहीं हो पाती है। जिससे शरीर एवं मानसिक व्याधियां उत्पन्न होने लगती है। जिसे रक्त अल्पता या एनीमिया कहां जाता है। उन्होंने कहा कि आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया में शरीर में आयरन, फोलिक एसिड एवं विटामिन बी 12 की कमी हो जाती है। अनीमिया हमारे शारीरिक, मानसिक विकास, कार्य क्षमता तथा आने वाली पीढ़ियों के जीवन को प्रभावित करने वाली एक स्वास्थ्य समस्या है।

**खास बातें :** श्री अभिनित आनंद, जिला कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि एनीमिया के कारण खून में आयरन की कमी, आहार में लौह तत्वों की अपर्याप्त मात्रा से, कृमि संक्रमण, मासिक धर्म के दौरान अधिक रक्त स्राव, अल्प आयु में विवाह एवं गर्भधारण, आहार में विटामिन जैसे कि फोलिक एसिड, विटामिन सी, विटामिन बी -12 की कमी, हिमोग्लोबिनोपैथी हीमोग्लोबिन की निर्माण प्रक्रिया में परिवर्तन, थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया माता पिता से अनुवांशिक तौर पर मिलने वाला रक्त रोग है।

# कैरो में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां शुरू, सभी लोगों में दिख रहा उत्साह

मृत्युंजय तिवारी

**कैरो।** दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र में तैयारियां शुरू हो गयी है। कहीं प्रतिमा का निर्माण तो कहीं साफ सफाई, कहीं विधि व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित किया जा रहा है प्रखंड मुख्यालय बाजार टांड़ स्थित दुर्गा बाड़ी में भी मां अंबे दुर्गा पूजा समिति द्वारा प्रतिमा निर्माण का कार्य प्रारंभ है। इसकी जिम्मेवारी बंगाल के स्व कालीदाश द्वारा वर्षो से निभाया जाता रहा है किंतु उनके मृत्यु के बाद उनके दोनों पुत्र मधु व जादू द्वारा इस बार निर्माण कार्य किया जा रहा है। दोनों भाइयों का कहना है कि कलकत्ता की तरह इस बार कैरो में भी अद्वितीय रूप में माँ अम्बे की प्रतिमा का निर्माण होगा। जिसे देखते ही भक्तों के अंदर अलग तरह का रोमांच होगा। वैसे कैरो में दुर्गा पूजा का इतिहास काफी पुराना है।



प्रखंड में 1951 के आसपास से दुर्गा पूजा शुरू होने की बात बतायी जाती है। जब यहां के कई बुद्धिजीवी जिसमें स्व बाम चरण गुप्ता, स्व जगरनाथ पांडा, स्व अशालाता एवं स्व गोविंद साहू इत्यादि भक्तों ने प्रारंभ किया। जिसके कुछ दिनों बाद दीपेश्वर पांडेय, बालेश्वर साहू, गंगा प्रसाद, रामपवित्र सोनी सहित अन्य ग्रामीणों ने भी भागीदारी दिखाते हुए दुर्गा पूजा को आगे बढ़ाने का काम किया। समय के साथ इसमें परिवर्तन आया और पूरे प्रखंड क्षेत्र के गण्यमान व धर्मप्रेमियों को साथ लेकर इसे विस्तृत रूप दिया गया जिसके बाद बाजार टांड़ में प्रतिमा स्थापना कर पूजा प्रारंभ हुई। जिसके बाद तत्कालीन समय में भव्य रूप और व्यवस्था के साथ स्थानीय पुरोहित कौशलकांत त्रिपाठी की देखरेख में नवदुर्गा पाठ के साथ-साथ महानवमी पर हर वर्ष कुछ अलग तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें भक्ति जागरण, प्रवचन व अन्य तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम। कैरो दुर्गा पूजा में दशमी के दिन रावण दहन का भी आयोजन किया जाता है जिसकी लाइटिंग और रावण दहन को देखने के लिए प्रखंड क्षेत्र ही नहीं बल्कि अगल बगल क्षेत्र से भी हजारों की संख्या में भक्त व दर्शक उपस्थित होते हैं। लगातार दो वर्षो तक नंन्हे नन्हे बच्चों के द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के बीच एक अलग तरह का सकारात्मक प्रभाव दिखाई।

## स्पीड न्यूज

### पशुओं से लदे पिकअप वैन समेत दो गिरफ्तार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पशुओं से लदा एक पिकअप वैन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय चौकीदार के द्वारा सूचना दिये जाने पर पशुओं से लदा भैस का बच्चा (कडरु) एक पिकअप वैन कोडरमा से कोवाड की ओर जा रही है। सूचना पाकर गस्ती में निकले पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब रात्रि 10:30 बजे मरकच्चो ब्रह्मटोली पहुंचकर पिकअप वाहन बीआर01 जीएम/ 6454 में बैठे दो व्यक्ति निकलकर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया। वाहन में क्षमता से कहीं अधिक 12 कडरु को क्रूरता पूर्वक ठूंस ठूंस कर लादा गया था। दोनों व्यक्तियों से पशुओं को ले जाने से संबंधित कागजात आदि की मांग की गयी तो प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि मामले को लेकर शैलेश यादव, कर्मेंद्र यादव दोनों के पिता राजेंद्र यादव साकीन थानु बिगहा थाना थरथरी जिला नालंदा को गिरफ्तार किया गया। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मध्य पंचायत पैक्स अध्यक्ष बने नकुल पांडे

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मध्य पंचायत स्थित पैक्स भवन के समीप मरकच्चो मध्य पंचायत पैक्स लिमिटेड की चुनाव प्रक्रिया किया गया। जिसमें मरकच्चो मध्य पंचायत निवासी गौरीशंकर पांडे पिता नकुल पांडे अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुने गए। वहीं कार्यकारिणी में 13 सदस्यों का भी चयन किया गया। मौके पर प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी लक्ष्मीकांत लोहरा ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एक भी आवेदक अपना नामांकन पत्र दाखिल नही किये थे, जिसके कारण गौरी शंकर पांडे को निर्विरोध जीत मिली है। वहीं सदस्य के रूप में मो. जावेद, विदेशी दास, मोती पांडे, प्रदीप राम, वीरेंद्र कुमार पांडे, विनोद साव, बीना देवी, कौशल्या देवी, सावित्री देवी, पूर्णिमा सिंह, अनीता देवी, चंपा देवी का चयन किया गया है। निर्विरोध जीत पर गौरी शंकर पांडे को लोगों ने बधाई दिया। वहीं नव निर्वाचित गौरी शंकर पांडे ने बताया कि मैं सच्चे मन और लगन से जनता की सेवा करूंगा। मौके पर नकुल पांडे, मनोज पासवान, प्रमोद सिन्हा, दीपक कुमार रज्जक, नवल किशोर पांडे, श्याम मोदी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवलशाही चौक के समीप शनिवार को उत्तम मेडिकल हॉल में रक्त सेवा संघ कोडरमा द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामीण बहुत उत्साह से जुटें और रक्तदान किया। सर्वप्रथम रक्तदान शिविर का उद्घाटन पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता व समाजसेवी महावीर प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। रक्तदान करने वालों में कई समाजसेवी, शिक्षक, पत्रकार व ग्रामीण, नेता समेत पुलिस पदाधिकारी ने रक्तदान किए। रक्तदान शिविर में संस्था के संस्थापक राहुल वर्णवाल ने बताया कि संस्था का लक्ष्य रक्तदान के प्रति भ्रांतियों को दूर करना और जागरूकता लाना है। इस शिविर में पत्रकारों, शिक्षकों ने भी अपनी अहम भूमिका निभाते हुए स्वयं रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में एसआई कुमार शिवम, मो.शब्बीर आलम, अरविंद सिन्हा, मो. कलीमुद्दीन, राहुल साव, सुरेंद्र कुमार यादव, रामकिशुन बेसरा, रोहित साव, महेश साव, सुधीर कुमार, पप्पू खान, बीरेंद्र साव, पिंटू साव, व्यवसायी किशोर गुप्ता, उत्तम अग्रवाल, शंकर साहू, शिक्षक कृष्णदेव रविदास, किशोर यादव, मुन्ना मिस्त्री, महेश कुमार यादव ने रक्तदान किया। मौके पर सुधीर कुमार, बर्णवाल, फलजीत कुमार, खगेंद्र दास, सुजीत कुमार, अजय कुमार, राहुल केशरी, मिथलेश कुमार, अक्षय त्रिवेदी, गुरमीत छावड़ा, शशिभूषण सिंह, संतोष यादव आदि मौजूद थे।

### स्वच्छता में ही है भगवान का वास : तिर्की

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारतीय रेलवे स्वच्छता सप्ताह 16 से 24 सितंबर तक आयोजित कर रहा है। इसके तहत शनिवार को कोडरमा रेलवे स्टेशन पर धनबाद रेल मंडल के सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता पीजे तिर्की ने स्वच्छता की सपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में ही भगवान का वास होता है। भारतीय रेल ट्रेन से लेकर प्लेटफॉर्म की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देती है। करोड़ो लोग एक छोर से दूसरे छोर तक ट्रेनों के जरिये आना जाना करते है। ऐसे में प्रतेक यात्रियों को इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कूड़े और सामग्री को कूड़ेदान में ही डाले। वहीं स्टेशन अधीक्षक शभु शंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेल मंत्री अश्विन वैष्य एवं रेलवे अधिकारियों के दिशा निर्देश को लेकर जागरूकता अभियान के तहत एक सप्ताह तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता अभियान को जन जन तक पहुंचने के लिए रेलवे का एक बड़ा समूह अपने बड़े अधिकारियों के निर्देश के अनुसार कार्य किया जा रहा है। इसमे पॉलिथीन का प्रयोग न करे न किसी को करने दे। स्वच्छता के लिए महात्मा गांधी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जो न केवल स्वतंत्र हो बल्कि स्वच्छ और विकसित भी हो जैसे शपथ ली। मौके पर जवहार लाल, मनोहर राय, अंकुर कुमार, डीएन प्रसाद, कैरेज एंड बैगन के अधिकारी व कर्मचारी सहित अन्य विभागों के कर्मी मौजूद थे। बतादें कि स्वच्छता अभियान के तहत आज सफाई एवं यात्रियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### एसडीओ के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान

**कोडरमा।** गत दिनों जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में बिना खनिज परिवहन चालान, अवधि समाप्त परिवहन चालान, बिना लाईसेंस और ओवरलोड वाहनों की चलाने की बात सामने आई थी, साथ ही ओवरलोड वाहनों से सड़क दुर्घटना होने की संभावनाएं होती है। जिस पर 15 सितम्बर 2023 की देर रात्रि को जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्य अनुमण्डल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा के नेतृत्व में डीटीओ, डीएमओ व खनन टास्क फोर्स के द्वारा चंदवारा थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना खनिज परिवहन चालान, अवधि समाप्त परिवहन चालान, ओवरलोड, बिना लाईसेंस समेत कई कागजातों की जांच की गयी। इस क्रम में करीब 13 वाहनों पर कार्रवाई की गयी। जिसमें बिना खनिज परिवहन चालान के अवैध रूप खनिज का परिवहन के बाबत 3 वाहनों को बिना चालान के साथ खनिज का परिवहन करने के विरूद्ध जप्त कर जुर्माने के साथ प्राथमिकी और राजसात की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ फ्लाई ऐश से ओवरलोड 10 वाहनों को पकड़ते हुए जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

सैनिक स्कूल तिलैया के 60वें स्थापना दिवस पर हीरक जयंती का आयोजन

# राज्यपाल ने शहीद जवान की पत्नियों को किया सम्मानित







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया में 60वें स्थापना दिवस पर हीरक जयंती मनायी गयी। मौके पर मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल श्री सीपी. राधाकृष्णन ने कहा कि सैनिक स्कूल तिलैया का गौरवशाली इतिहास रहा है एवं राष्ट्र निर्माण में इस संस्थान का अहम योगदान है। उन्होंने कहा 1963 में स्थापित यह विद्यालय अपनी स्थापना के बाद से ही छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यहां के कई छात्रों सैन्य, सिविल सेवा, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, उद्यमिता के अतिरिक्त खेल, फिल्म निर्माण में अपनी अमिट पहचान स्थापित की है। महामहिम राज्यपाल ने शनिवार को सैनिक स्कूल तिलैया के ''हीरक जयंती समारोह'' को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल महोदय ने कहा कि विद्यालय द्वारा छात्रों को सदैव अपने कर्तव्य व जिम्मेदारी के निर्वहन हेतु प्रेरित किया जाता है। उन्हें न केवल व्यक्तिगत जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने की सीख दी जाती है, बल्कि राष्ट्र हित में योगदान देने के लिए सक्रिय रहने का संदेश दिया जाता है। इस विद्यालय द्वारा छात्रों को अनुशासन, साहस एवं राष्ट्र सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध रहने हेतु प्रेरित करना सराहनीय है, ये मूल्य न केवल विद्यालय परिसर तक ही सीमित हैं, बल्कि पूर्ववर्ती छात्रों के जीवन में भी परिलक्षित हैं, जिन्होंने समाजहित में अहम योगदान दिया है। राज्यपाल महोदय ने विद्यार्थियों से कहा कि इस विद्यालय में अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

यहां जो मूल्य अपनाएंगे व ज्ञान अर्जित करेंगे, वही आपके भविष्य को दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं व प्रतिकूल परिस्थिति पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप भाग्यशाली हैं कि एक छात्र के रूप में आपको इस प्रतिष्ठित संस्थान का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। आपके माता-पिता एवं समाज को आपसे बहुत अपेक्षाएँ हैं। आप अपने ज्ञान, चरित्र और व्यवहार से समाज में एक अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करें। उन्होंने आशा प्रकट करते हुए कहा कि यह संस्थान भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने समस्त सैनिक स्कूल तिलैया परिवार को हीरक जयंती पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई देते हुए शिक्षकों व कर्मियों से कहा कि राष्ट्र-निर्माण में आपका योगदान अमूल्य है। सैनिक स्कूल तिलैया आज अपने 60वें स्थापना दिवस पर ''हीरक जयंती'' कार्यक्रम मना रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैनिक स्कूल के प्रीसिंपल को शुक्रिया कहा, आगे कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि आज के दिन मैं यहां आ पाया। वहीं संबोधन के बाद राज्यपाल ने शहीद जवानों की पत्नियों को सम्मानित किया। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी भी मौजूद रही।

**एयर एडवेंचर विंग ने आसमान में साहसी कर्तव्य दिखाये :** इससे पहले बच्चों ने राज्यपाल का बैंड-बाजे के साथ स्वागत किया। वहीं एयर एडवेंचर विंग ने आसमान में साहसी कर्तव्य दिखाये। कार्यक्रम की शुभारंभ और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, एसी अनिल तिर्की, डीडीसी ऋतुराज, सैनिक स्कूल के प्रिसिंपल राहुल साकलानी, शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**आकर्षक ढंग से की गयी थी स्कूल की साज-सज्जा :** 60वें स्थापना दिवस पर सैनिक स्कूल को दुल्हन की तरह सजाया गया था। मुख्य द्वार, भवनों व स्थलों की आकर्षक ढंग से साज-सज्जा की गयी थी, परिसर में वाटरप्रूफ पंडाल व मंच बनाये गये थे, मुख्य समारोह स्थल यानी कर्नल गेडियोक स्टेडियम को भी आकर्षक फूलों और लाइट से सजाया गया था। वहीं पास आउट छात्रों ने कहा कि हमें बहुत खुशी हो रही है कि आज सैनिक स्कूल के 60 वर्ष पूरे हो गये हैं। उस समय और आज के समय में काफी बदलाव देखने को मिला है। पहले अभी की तरह सुविधाएं नहीं थी। कहा कि सैनिक स्कूल में लड़कियां भी पढ़ सकती हैं, यह खुशी की बात है, पहले सिर्फ लड़के पढ़ते थे। छात्रों ने पुराने दोस्तों से इतने सालों बाद मिलने पर खुशी जाहिर की।

## जब तक संगठित नहीं होंगे, समाज का विकास संभव नहीं : अनिल साव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलवाई समाज के तत्वावधान में शनिवार को शहर के नवादा मोड़ में स्थित बंधन मैरिज हॉल में बाबा गणिनाथ महाराज की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में गढ़वा जिला सहित झारखंड के विभिन्न जिलों, बिहार, उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ से भी लोगों ने भाग लिया। इस दौरान इंटर एवं मैट्रिक परीक्षा में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ अनिल साव ने कहा कि समाज के सभी लोगों को संगठित होने की आवश्यकता है। जब तक संगठित नही होंगे, समाज का विकास होना असंभव है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को शैक्षणिक, राजनैतिक के साथ- साथ सभी क्षेत्रों में बेहतर करने की जरूरत है।



सम्मानित बच्चों के साथ अतिथि व उपस्थित लोग

### 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित होगा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

कोडरमा। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, गांव एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई, दीवाल लेखन एवं चित्रण, स्वच्छता चौपाल आदि गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। जिला प्रशासन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति कोडरमा के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। जिला स्तरीय कार्यशाला में डीडीसी ऋतुराज द्वारा संबंधित विभाग के पदाधिकारियों एवं बीडीओ को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा.. कचरा मुक्त भारत कार्यक्रम 15 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक चलाया जायेगा। मौके पर सीएस डॉ अनिल कुमार, डीएस डॉ. मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री आवास को लेकर प्रमुख ने की बैठक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्तिथ सभागार में अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास को जल्द पूर्ण करने को लेकर शनिवार को प्रमुख विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में चलो करे आवास पूरा अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अभियान चलाकर हर हाल में लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को दस अक्टूबर तक पूर्ण कर लेने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर बीपीओ राकेश रंजन, टोकन साव, रविंद्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

## दो माह का अंगूठा लगाकर एक माह के राशन का विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत के वार्ड नं 12 स्थित खजुरी गांव के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सरोज देवी द्वारा शनिवार को कार्ड धारियों से दो माह का पॉस मशीन में अंगूठा लगवा कर एक माह का राशन दिया जा रहा था। जिसका लाभुकों ने विरोध किया। साथ ही अगस्त एवं सितम्बर दोनो माह के राशन देने की मांग की।

इसके बाद जब डीलर द्वारा दो माह का राशन देने से इनकार किया गया तो लाभुकों ने जमकर हंगामा किया। इसी बीच विवाद बढ़ता देख समूह की अध्यक्ष ने राशन दुकान में ताला बंद कर दिया और वहां से चली गई। इसके बाद लाभुकों ने बीडीओ सह एमओ नीतीश भास्कर को शिकायत पत्र देने का निर्णय लेते हुए तत्काल पत्र लिखकर हस्ताक्षर कराया।



विरोध प्रदर्शन करते लाभुक।

## दस तक आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों पर होगी प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को चलो करें आवास पूरा एक भी घर नहीं रहे अधूरा अभियान को लेकर प्रमुख रोहन साहू की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मियों की एक बैठक की गई। बैठक में लंबित आवास को पूर्ण करने एवं जो व्यक्ति आवास पूर्ण नहीं कर रहे हैं उन पर प्राथमिक दर्ज करने की तैयारी की गई। मौके पर प्रमुख रोहन साव ने कहा कि सभी कर्मी पूरे तत्परता से आवास पूर्ण करवाने को लेकर पंचायतवार बैठक करें। वहीं जनप्रतिन व पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि आवास को पूर्ण करवाने में सहयोग करें। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि इस बार लंबित आवास के लाभुकों को एक अंतिम मौका जिला प्रशासन की ओर से दी जा रही है जिसमें 15 सितंबर से लेकर 10 अक्टूबर तक हर हाल में आवास को पूर्ण कर देना है। अन्यथा करवाई निश्चित है। उन्होंने बताया कि बहुत सारे आवास जमीन विवाद, जमीन का रसीद कटवाने एवं बाडा घर बनाने के प्रयास के कारण लंबित पड़ा हुआ है। सरकारी अमीन से जमीन मापी करवा कर विभाग को दे जिससे की जमीन विवाद का निपटारा हो सके। साथ ही दो कमरे का मकान बनाने की राशि दी गई है जल्द से जल्द दो कमरा बनाकर पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि पूरे प्रखंड में 441 आवास लंबित है। जो लाभुक प्राथमिकी से बचना चाहते हैं वह या तो आवास पूर्ण करें या अगर उन्हें आवास की आवश्यकता नहीं है तो वह राशि विभाग को वापस कर सकते हैं। पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि सहयोग करें जिस पंचायत में आवास शत प्रतिशत जल्द पूर्ण हो जाएगी उन्हें प्रखंड जिला एवं राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। अंतिम समय अवधि के अंदर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी टीम बनाकर पंचायत का दौरा करेंगे साथ ही आवास पूर्ण करवाने को लेकर लाभुकों को हर संभव मदद भी किया जाएगा। आवास से संबंधित सभी कर्मियों की समीक्षात्मक बैठक प्रतिदिन शाम 5:00 बजे प्रखंड कार्यालय में की जाएगी। बैठक उप प्रमुख दामोदर गोप, मुखिया विनोद महतो, सुधीर कुमार सिंह, बीना देवी, अनीता देवी, शकुंतला देवी, इफ्तेशाम परवीन, चंदा देवी, प्रिया कुमारी, सुनीता कुमारी, बीना देवी, पंचायत समिति सदस्य मिथुन राजक, वार्ड सदस्य, बिपिओ राजेश पासवान, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक सहित अन्य लोग शामिल थे।



एक नजर में

### जनता दरबार के माध्यम से सुनी गयीं आम लोगों की समस्याएं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त अबू इमरान के निदेर्शानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी एवं उप समाहर्ता अमरदीप बलहोत्रा ने संयुक्त रूप से जनता दरबार के माध्यम से मिलने आये आम लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में टंडवा प्रखंड के धनगड़ा के रहने वाले लाभुक ने आपूर्ति पदाधिकारी से मिलकर बताया कि मैंने कन्यादान योजना के लाभ के लिए आवेदन दिया है, लेकिन मुझे कन्यादान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। आपूर्ति पदाधिकारी ने शिकायतकर्ता के आवेदन का अवलोकन करने के बाद जनता दरबार में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनि कुमारी को जल्द से जल्द शिकायतकर्ता को लाभ पहुंचाने को कहा। जनता दरबार में एक अन्य मामले में शिकायतकर्ता ने बताया कि मैं दिव्यांग हूं और दिव्यांग ई-ट्राइसिकल के लाभ के लिए मैंने भी आवेदन दिया है। लेकिन मैं लाभ से वंचित हूं। मुझे एक जगह से दूसरी जगह जाने में बहुत दिक्कत होती है।

मुझे शासकीय नियमानुसार दिव्यांग ई-ट्राईसाइकिल प्रदान की जाये। इस पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने आपूर्ति पदाधिकारी को आश्वस्त किया कि विभागीय नियम के आलोक में यथाशीघ्र संबंधित प्रखंड के माध्यम से शिकायतकर्ता को दिव्यांग उपकरण उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जायेगी। इसी तरह भूमि विवाद, मानदेय समेत अन्य मामले शामिल थे। मालूम हो कि उपायुक्त अबू इमरान के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी द्वारा रोस्टर के अनुसार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का निष्पादन प्रखंड मुख्यालय स्तर पर ही हो सके।

### अवैध लकड़ी का बोटा लदा ट्रैक्टर जब्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र के जंगलों से अवैध ढंग से पेड़ों की कटाई और लकड़ी तस्करी का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। वन विभाग ने गुरुवार देर रात लकड़ी तस्करी के विरुद्ध छापेमारी कर 25 बोटा साले और गइन की लकड़ी जब्त किया है। प्रतापपुर के जंगलों को उजाड़ने पर आतुर लकड़ी तस्कर हर बार वन विभाग को चकमा देने के लिए अलग-अलग स्थानों से पेड़ों की कटाई करते हैं।

कभी-कभी इन लकड़ी तस्करों की सूचना वन विभाग तक पहुंच जाती है और वन विभाग छापेमारी कर लकड़ी को जब्त कर लेता है। दरअसल, गुरुवार देर रात वन विभाग को प्रतापपुर वन क्षेत्र में लकड़ी तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही खुद वन क्षेत्र पदाधिकारी बी एन दास वन कर्मियों के साथ रात्रि करीब ग्यारह बजे अनगडा से बरुरा मार्ग पर सघन छापेमारी अभियान चलाया। इसी क्रम में बरुरा मजार शरीफ के पास एक ट्रैक्टर नजर आई। जब तस्करों को घेरना शुरू किया तो ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़ कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग भागने में सफल रहा। लकड़ी जप्त कर लौट रही वन विभाग की टीम ने अदौरिया मोड़ पर एक और ट्रैक्टर की ट्रॉली में लकड़ी लोड है। और वह गड्ढे में पलटी हुई मिली जिसे जेसीबी के सहयोग से उस ट्रैक्टर ट्रॉली को भी उठाकर प्रतापपुर वन परिसर लाया गया है। शुक्रवार की सुबह ट्रैक्टर पर लदी लकड़ियों की गिनती की गई। जिसमें बड़े साइज की 25 बोटा लकड़ी ट्रैक्टर में लोड पाया गया। जिसका मूल्य 50 हजार रुपए आंका गया है।

वन विभाग मामले में अग्रेतर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की बात कही है। बता दें कि प्रतापपुर वन क्षेत्र के जंगलों के पेड़ों पर लकड़ी माफियाओं की नजर है। वन विभाग अक्सर छापेमारी कर तस्करी की लकड़ी जब्त करती है, लेकिन आज तक कोई भी तस्कर वन विभाग के हत्थे नहीं चढ़ा है। यह भी सोचने वाली बात है।

### जलवाबाद से एक आठ वर्षीय बच्चा हुआ गायब, पुलिस छानबीन में जुटी



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जलवाबाद से गुरुवार को एक बच्चा गायब हो गया, जहां बच्चे के पिता मदीना मस्जिद, जलवाबाद निवासी मो. रिजवान पिता स्व मो. हनीफ ने कोडरमा थाना में आवेदन दिया है। जिसपर कांड संख्या 169/23 तहत मामला दर्ज करते हुए गहनता से जांच में जुट गई है। दिये गये आवेदन में बताया गया कि गुरुवार 14 सितंबर को संध्या करीब 6:15 बजे मेरा 8 वर्षीय पुत्र अब्दुस समद उर्फ अलसमद जिसका हुलीया रंग गोरा, लम्बाई 350 फीट, ब्लू चेक शर्ट व ब्लू जीन्स पहने हुए है, अपने घर के बाहर खड़ा था। 10 मिनट बाद मेरी सास ने जब बाहर आकर देखा तो वह घर के बाहर नहीं था। तभी आस पास खोजबीन करने लगी और हम सब मुहल्ले वालों के साथ बच्चे की तलाश करने लगे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो पुरुष और एक महिला को अपने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवण से सबंधित बैठक

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत टेहरो पंचायत में शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवण से सबंधित जानकारी दी गयी, साथ ही जल जीवन मिशन के तहत जल की गुणवत्ता के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। वहीं मुखिया के द्वारा जलसहिया के बीच एफटीके का वितरण किया गया। मौके पर सदानंद कुमार, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, केमिस्ट राम, पुकार प्रसाद, पंकज कुमार, अमित कुमार, जयराम कुमार आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पेट्रोल पंप में दिनदहाड़े लूट की घटना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रतुल शाहदेव



**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंदुस्तान बॉयोडीजल पंप में दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों के द्वारा पिस्टल के नोक में काउंटर से हजारों रुपये लूटने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। प्रतुल ने कहा कि दिनदहाड़े इस घटना से पूरे इलाके में भय का माहौल व्याप्त है। उन्होंने पुलिस से मांग की कि वह अति शीघ्र घटना का उद्भेदन कर लोगों का विश्वास कायम करें। प्रतुल ने आगे कहा कि इसके पूर्व भी शमीम अंसारी के लुकैया आवास में हुई भीषण डकैती और नगर भगवती के महा दरबार के चोरी का आज तक उद्भेदन नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। अब यह घटना दिख रही है कि अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। पुलिस को त्वरित कार्रवाई करके घटना में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी करनी चाहिए।

### मवेशी लोड पिकअप अनियंत्रित होकर हुई दुर्घटनाग्रस्त

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कठपुलिया के समीप शनिवार की दोपहर मेदिनीनगर से चंदवा की ओर आ रही एक पिकअप सामने से आ रही वाहन से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकराते हुए सड़क किनारे खाई में जा गिरी। पिकअप में एक मवेशी भी लोड थी। दुर्घटना के बाद वाहन का चालक और सवार लोग मौके से वाहन व मवेशी को छोड़कर भाग निकले। खबर लिखे जाने तक मवेशी व वाहन को खाई से नही निकाला जा सका था।

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**लातेहार।** सदर थाना अंतर्गत नावाडीह ग्राम में शुक्रवार की शाम करीब चार बजे रूपदेव मांझी 62 वर्ष पिता स्व. श्रणव मांझी बारियातू जागिर निवासी का ट्रेन से कटकर मौत हो गया। पुछताछ में मृतक के पुत्र मंगरा मांझी ने बताया कि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान मेरे पिता को ये नहीं पता चला कि ट्रैक पर ट्रेन आ रही है और झटका खाकर हादसे का शिकार हो गये। जिसके बाद आस-पास के लोगों ने इस घटना को देखा और परिजनों को सुचित किया। जिसके बाद परिजनों ने शव को अपने घर ले आये और शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर एस एन चौधरी के द्वारा पोस्टमार्टम किया गया।

### बीडीओ ने की बैठक

**बालूमाथ।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतगर्त लंबित आवासों को पूर्ण कराने को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में बालूमाथ में प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बखला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण चलो करें आवास पूरा अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपस्थित कर्मियों व प्रतिनिधियों को कई दिशा निर्देश दिए व कहा कि प्रखंड क्षेत्र में जितने भी आवास लंबित है उसे आगामी 10 अक्टूबर 2023 तक हर हाल में पूरा करना है। इसलिए पंचायत स्तर पर अभियान आरंभ करते हुए लाभुकों को प्रेरित कर आवास पूरा कराने की जिम्मेदारी आप सबो की है। बैठक मे प्रमुख ममता देवी, उपप्रमुख कामेश्वर राम,पंचायत समिति सदस्य ईश्वरी पासवान, ममता देवी, पिंटू नायक, मुखिया नरेश उरांव, सोनमणी देवी, विमला देवी, पीएम आवास ब्लॉक कौडिनेर आशीष केशरी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### ड्रिप से जोड़ो अभियान के तहत किया शिविर का आयोजन


शिविर में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** जिला कृषि कार्यालय के निदेर्शानुसार सिबला पंचायत भवन परिसर मे ड्रिप से जोड़ो अभियान के तहत शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। सम्बंधित विभाग से आए मो. समीम व राजस्व उप निरीक्षक संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की क्षेत्र के किसानों को कृषि उत्पादन मे बढ़ावा देने के लिए कम वारिश होने के बावजूद भी बेहतर पैदावार के लिए टपक सिचाई अभियान मे जोड़ने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर मे कई आवेदन प्राप्त हुए हैं। लाभुकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर ड्रिप टपक सिचाई, स्प्रिंक कलर वितरण की जाएगी। प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय मे शिविर का आयोजन किया जायेगा। अमरवाडीह पंचायत मे 18 सितम्बर व बालूभांग पंचायत मे 20 सितम्बर को शिविर लगाया जायेगा। जहा अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ लेने की अपील की है। मौके पर सेवक साव मो इमरान सहित कई किसान मौजूद थे।

### सेविकाओं को दिया गया पोषण ट्रैकर पर कार्य करने का प्रशिक्षण

**चंदवा।** बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर पर कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। जिला से पहुंचे निशांत कुमार ने सेविकाओं को पोषण ट्रैकर में बच्चों का आधार सत्यापन करने की बात कही। कहा कि यदि आधार सत्यापन नहीं हुआ तो बच्चों को मिलनेवाली सुपिधाए बंद हो जाएंगी। पर्यवेक्षिका ज्योति बाला, मीरू झा, पूजा विनायक व रूबी रानी ने मातृ वंदना, सावित्री बाई फूले आदि की जानकारी देते बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। सेविकाओं ने प्रशिक्षक को आधार से जुड़ी समस्या से अवगत कराया। कहा कि अधिकांश बच्चों का आधार नहीं बना है। इस पर प्रशिक्षक ने परिवार के किसी भी सदस्य के आधार से उसे सत्यापित करने की बात कही। इस दौरान बच्चों की वृद्धि निगरानी और वजन, अतिरिक्त पोषण और परामर्श संबंधी जानकारियां दी गई। मौके पर शोभा देवी, मीना देवी, विद्या रानी, शांति देवी, सुकृता मिंज, प्रर्मिला कुमारी, जोलजेन मिंज समेत प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएं मौजूद थीं।

## चंदवा-मैकलुस्कीगंज पथ पर दुबी स्थित हिंदुस्तान बॉयोडीजल पंप में दिनदहाड़े लूट

# दो हथियारबंद अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम


लूट करते अपराधी।


मामले की जांच करती पुलिस।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पूरी घटना सीसीटीवी में हुई कैद, जांच में जुटी चंदवा पुलिस

**चंदवा/लातेहार।** चंदवा-मैकलुस्कीगंज पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुबी स्थित हिंदुस्तान बायोडीजल पम्प में अपाची बाइक पर सवार दो अपराधियों ने दिनदहाडे पिस्टल की नोक पर लूट कांड को अंजाम दिया है। अपराधियों ने पेट्रोल पंप में मौजूद कर्मी सत्येंद्र पाल पिता सुरेश्वर पाल को पिस्टल की नोक पर लेकर काउंटर से लगभग 8-10 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद कर्मी सुरेंद्र पाल ने इसकी सूचना पम्प के मालिक आलोक कुमार को दी, जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार को दी, जिसके बाद चंदवा पुलिस की टीम दल-बल के जवानों के साथ घटनास्थल पहुंचे। इंस्पेक्टर बबलू कुमार साथ पुअनि धमेंद्र महतो, कुंदन कुमार, नारायण यादव, एएसआई नरेंद्र शर्मा ने पंप के कुर्मी सुरेंद्र पाल व मालिक आलोक कुमार से घटना की पूरी जानकारी ली व पंप में लगे सीसीटीवी कैद चोरी की घटना का फुटेज एकत्र कर जांच तेज कर दिया। घटना के संबंध में भुक्तभोगी कर्मी सुरेंद्र पाल ने बताया कि लगभग 3:45 बजे अपाचे में सवार दो लोग आए व पेट्रोल मांगा, जैसे ही उठकर वह ऑफिस के काउंटर के पास आ गया व दोनो अपराधी ऑफिस में घूंस गए व पिस्टल की नोक पर काउंटर में रखे सारे पैसे लेकर मैकलुस्कीगंज की ओर फरार हो गए। दोनों अपराधी अपने मुंह को गमछे से ढक रखा था। बता दें कि चंदवा में विगत कई माह से चकला प्लांट से स्क्रैप माफिया स्क्रैप चोरी व हाई टेंशन टावर चोर गिरोह टावर को धड़ल्ले से काट कर बेच रहें हैं। सीएमएम पथ पर सड़क किनारे कई टावरों को चोर गायब भी कर चुके हैं।

### पुलिस ने चोरी के नौ मोटरसाइकिल के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल


जानकारी देते पुलिस।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने चोरी के नौ मोटरसाइकिल के साथ एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस सबंध में बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन ने बालूमाथ थाना में शनिवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि मकईयाटांड़ पुलिस पिकेट के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक बिना नंबर के मोटरसाइकिल में सवार दो संदिग्ध चंदवा की ओर से बालूमाथ की ओर आ रहे थे। पुलिस बल द्वारा उन्हें रुकने का इशारा किया गया। लेकिन दोनों बाइक घुमाकर चंदवा की ओर भागने लगे। शक होने पर सशत्र बल के जवानों द्वारा दौड़ाकर मोटरसाइकिल समेत एक व्यक्ति को पकड़ा गया। वहीं मोटरसाइकिल में पीछे बैठा व्यक्ति भागने में सफल रहा। पकड़ा गया व्यक्ति मो. मुजाहिदी उर्फ पप्पू, उम्र 28 वर्ष, पिता जैनुल आबेदीन, ग्राम ओलहेपाट, थाना बालूमाथ का निवासी है। जिसके निशानदेही पर बालूमाथ पुलिस ने अलग अलग जगहों से चोरी के नौ मोटरसाइकिल को बरामद किया है। बरामद मोटरसाइकिल में तीन स्प्लेंडर प्लस, दो ग्लैमर, एक अप्पाचे, एक सुपर स्प्लेंडर, दो पैसन प्रो शामिल है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बालूमाथ थाना में कांड संख्या 130/2023 धारा 414,120बी भादवी के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत लातेहार भेज दिया गया। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया की इस मामले में अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी शशि रंजन, पुअनि नीतीश कुमार, धीरज कुमार, दुति कृष्ण महतो, सअनी संजय चौधरी समेत सस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन का किया गया आयोजन

# शिक्षकों की जो भी समस्या है उसका निश्चित रूप से समाधान किया जाएगा : मंत्री मिथलेश ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रांतीय अधिवेशन में मौजूद लोग।

**लातेहार।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का राज्य स्तरीय अधिवेशन का आयोजन गोस्सनर कॉलेज के प्रांगण में शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि बड़कागांव के विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुए। इस कार्यक्रम में लातेहार जिला से सैकड़ो शिक्षक शामिल हुए मुख्य अतिथि मंत्री मिथलेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार कर्मचारियों की हितैषी है। आपकी सभी समस्याओं के प्रति सरकार चिंतित है। हमने सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल किया। शिक्षकों की जो भी समस्या है। उसका निश्चित रूप से समाधान किया जाएगा। आज एनजीओ का प्रभाव शिक्षा विभाग में दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

इस पर निश्चित रूप से हम मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे अंतर जिला नहीं होने से शिक्षकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को भी मुख्यमंत्री से अवगत कराएंगे और समाधान निकालेंगे। विधायक अंबा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा की शिक्षक को शिक्षक रहने दे उन्हें अनावश्यक गैर शैक्षणिक से मुक्त किया जाना चाहिए साथ ही एनजीओ के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जाहिर की और इसे विधानसभा में उठाने की बात कही। लातेहार जिला से इस कार्यक्रम में शामिल होने वालों में जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष संजीव कुमार चंद्र, अनीश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, विजय लाल, बृजेश कुमार सिंह, अभिमन्यु सिंह, दिलीप कुमार सिंह, सुशील कुमार यादव, योगेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार भगत, प्रदीप टोपनो, प्रभावती देवी, पौलीना सांडील, अशोक कुमार सिंह, उमेश कुमार उजाला, नीरज कुमार, प्रमोद सिंह, संजय प्रसाद, अनिल कुमार, राजेश कुमार, अनु रवि, सुरेश उरांव, उदय कुमार तिवारी, प्रिया रंजन सिंह, सूर्यमल सिंह, यमुनाधर मिश्रा, अमन जयसवाल, श्याम बिहारी प्रसाद सहित सैकड़ो शिक्षक शामिल हुए।

# लंबित आवास पूर्ण करने को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में उपायुक्त हिमांशु मोहन के निदेर्शानुसार शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लंबित आवास को पुर्ण करने हेतु विशेष अभियान चलो करें आवास पुरा को सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, प्रखंड समन्वयक अजय मुंडा व पीएम आवास कॉर्डिनेंटर शशि पूनम कुजुर ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ के पश्चात उपस्थित मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व आवास मित्रों को जानकारी देते हुए आवास कॉर्डिनेंटर शशि कुजुर ने कहा कि पुरे प्रखंड में वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक में कुल 8397 प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृति कि गई थी। जिसमें अब तक 8045 लाभुकों द्वारा आवास पुर्ण किया गया है जबकि 352 आवास अब तक लंबित है। अमरवाडीह पंचायत में 960 में 47, बालुभांग 992 में 42, बारियातू 906 में 19, डाढ़ा 764 में 17, फुलसु 1028 में 79, टोंटी 875 में 22, साल्वे 824 में 15, शिबला 1099 में 64 व गोनिया 989 में 47 आवास अब तक लंबित है। विभागीय निर्देश के आलोक में लंबित सभी आवास को चलो करें पुरा आवास अभियान के तहत समय सिमा के अंदर पुरा करने का निर्देश दिया गया है। आगे बताया कि 10 अक्टूबर तक प्रखंड के सभी ग्रामीणों में अभियान चला कर संबंधित पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, आवास मित्र व प्रखंड समन्वयक आपस में समन्वय बना कर शेष बचे सभी लंबित आवास लाभुकों से मिलकर पुर्ण करने की बात कही। साथ ही कहा की जब तक पूर्व की आवास योजना कार्य पूर्ण नहीं होता है तब तक आवास योजना का लाभ देने काफी कठिनाई होगी। प्रखंड क्षेत्र आवास योजना पूर्ण होने के बाद संभवतः झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जा सकता है.मौके पर पंचायत सचिव राम लखन यादव, राजेश यादव, सेरा फिनुस खलखो, ओमाशंकर सिंह, आवास मित्र सरफराज अहमद, द्वारिका यादव, कुलदीप कुमार, महाबीर उरांव, मुकेश यादव सहित कई कर्मी मौजूद थे।

## व्यवसायिक समिति ने पणन सचिव के नाम प्रधान लिपिक को सौंपा मांगपत्र


आवेदन सौंपते समिति के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- जर्जर शेड के निर्माण को लेकर आवश्यक कदम उठाने का दुकानदारों ने किया अनुरोध

बरवाडीह। बरवाडीह व्यवसायिक समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को कृषि उत्पादन बाजार समिति के प्रधान लिपिक जगबालक प्रसाद के साथ मुख्य बाजार स्थित जर्जर शेड का भ्रमण करते हुए इसके नवनिर्माण या मरम्मती कराने की मांग की। इसे लेकर समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने बाजार शेड के दुकानदारों के साथ मिलकर कृषि उत्पादन बाजार समिति के पणन सचिव के नाम एक मांगपत्र भी सौंपा। मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने शेड में दुकान लगाने वाले दुकानदारों की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि शेड की जर्जर अवस्था के कारण इसका अल्बेस्टर टूट-टूटकर कई बार गिर गया है। कई बार दुकानदारों के साथ छोटी-मोटी घटना हो चुकी है। वहीं शेड का फर्श और पिलर पूरी तरह ध्वस्त होने के कागार पर है। लोग शेड का छत गिर जाने के कारण प्लास्टिक और त्रिपाल लगाकर अपना व्यवसाय चला रहे हैं। इन चारों शेड का निर्माण चार दशक पूर्व बाजार समिति के द्वारा ही कराया गया था। दीपक राज ने बाजार समिति के अधिकारियों से जर्जर शेड के नवनिर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। जहां बाजार समिति के प्रधान लिपिक जगबालक प्रसाद ने दुकानदारों के हित की मांग को जायज बताते हुए वरीय अधिकारियों तक मांगपत्र पहुंचाने को लेकर आश्वस्त किया। मांग पत्र सौंपने के दौरान समिति के महासचिव जैकी चौरसिया, प्रवक्ता बिरेंद्र ठाकुर, सलाहकार सतीश कुमार उर्फ गुड्डु, इम्तियाज अहमद, विजय ठाकुर, राजन अहमद, विजय विश्वकर्मा, अमजद खलीफा, इस्तियाक खान, पंकज तिवारी, राजन अंसारी, मुनिफ खलीफा, सरफुद्दीन अंसारी, इम्तियाज अहमद, मुस्ताक खलीफा, वकील अंसारी और गीता कुंवर सहित शेड के कई दुकानदार मौजूद थे।

# बरवाडीह में धूमधाम से मनाई गई बाबा गणिनाथ गोविंद की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक व जिप सदस्य।

- मानव जाति में कलुषित भेदभाव को मिटाकर सन्मार्ग पर ले जाने वाले तेजस्वी पुरुष थे बाबा गणिनाथ: रामचंद्र सिंह

**बरवाडीह।** रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में शनिवार को अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलवाई समाज की बरवाडीह इकाई के द्वारा संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बाबा गणिनाथ की पूरी विधि-विधान से पूजा अर्चना व आरती के बाद समाज अभ्युदय झंडोत्तोलन, महाप्रसाद वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के नन्हें मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत व संगीत पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में अव्वल बच्चों को पुरुषकृत कर उनकी हौसला आफजाई की गई। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों को पुरुष्कृत किया गया और आगे भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह और जिप सदस्य संतोषी शेखर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहां विधायक श्री सिंह ने बाबा गणिनाथ जी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा परम तपस्वी थे। वे शोषण, अत्याचार, अन्याय के प्रखर विरोधी थे तथा समस्त मानव जाति के कलुषित भेदभाव को मिटा कर उन्हें सद्मार्ग पर ले जाने वाले तेजस्वी पुरुष थे। जिप सदस्य ने कहा कि गणिनाथ पूजा महोत्सव अपने आप में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है। समाज के हर एक व्यक्ति को एकजुट करने की यह सार्थक पहल हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी भी समारोह में शामिल हुए और मत्था टेक बाबा गणिनाथ जी का आशीर्वाद लिया तथा क्षेत्र के जनता व किसानो के प्रति सुख शांति की कामना की। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर और अंगस्वत्र भेंटकर किया। सामारोह स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन मीडिया प्रभारी संतोष प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अजीत कुमार, प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता विजय गुप्ता, संतोष प्रसाद, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, दीपक कुमार, सुजीत गुप्ता, अंकित गुप्ता, सचिव संजय कुमार, संजू, कोषाध्यक्ष सिद्धनाथ प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष रामनाथ प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### अवैध बालू भंडारण व परिवहन के खिलाफ डीएमओ की बड़ी कार्रवाई



**चंदवा।** जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार की अगुवाई में खनन विभाग की टीम बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है जहां उन्होंने चंदवा पुलिस की टीम के साथ चंदवा थाना क्षेत्र भुषाढ़ के पास से लगभग 5000 सीएफटी बालू के अवैध भंडारण को जब्त किया है, वहीं बिना नंबर प्लेट का एक सोनालिका ट्रैक्टर को भी पकड़ने में सफलता पाई है। डीएमओ द्वारा ट्रैक्टर को जब्त कर चंदवा थाना में लाया है, साथ ही अग्रतार कार्रवाई में जुट गए हैं। डीएमओ श्री कुमार ने बताया कि भंडारण स्थल पर बालू भंडारण संबंधी कागजात पेश करने कोई नही आया, जिसके बाद विभाग जब्त बालू को जिम्मे नाम करने की प्रक्रिया में जुट गयी है। इसके पूर्व डीएमओ के द्वारा मरमर, केकराही व देवनदिया क्षेत्र में अवैध बालू के खिलाफ छापामारी भी की। जिसमें कोई सफलता हाथ नहीं लगी थी। लेकिन लौटते क्रम में भुषाढ़ के पास बड़े पैमाने पर बालू का भंडारण पाया गया। डीएमओ श्री कुमार ने कहा कि खनिज संपदा का अवैध कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएगी। जो भी लोग इसमें संलिप्त पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इधर डीएमओ के इस कार्रवाई के बाद बालू तस्करों में हड़कंप देखा जा रहा है।

### बनवारी साहू महाविद्यालय में अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन 18 को


जानकारी देते नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार

**लातेहार।** जिला नियोजन कार्यालय लातेहार के तत्वाधान में अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन बनवारी साहू डिग्री कॉलेज परिसर में 18 सितंबर सोमवार को पुर्वाहन 10 बजे से किया जायेगा। इस अप्रेंटिशिप मेला में बहुत से कम्पनियों, प्रतिष्ठानों, संस्थानों से सहमति प्राप्त किया गया है। अप्रेंटिशिप मेला में 5 वीं, 10 वीं, इंटर, स्नातक, आईटीआई, टेक्निकल डिग्री आदि उम्मीदवारों को अप्रेंटिशिप के रिक्त पदों के विरूद्ध नियोजित करना है। उपयुक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने दिया। उन्होंने युवक, युवतियों से अपिल किया कि अप्रेंटिशिप मेला में भाग लेकर सुनहरे अवसर का लाभ उठायें। मेले में भाग लेने हेतू झारखंड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति, दो कॉपी फोटो, आधार कार्ड की छाया प्रति, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति, बायोडाटा की दो कॉपी के साथ इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त दस्तावेजों के साथ भाग ले सकते है।

### जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन


बैठक में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** झारखंड विधान सभा की सदाचार समिति के सभापति रामचंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को परिसदन सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सदाचार समिति के सभापति ने विभिन्न विभागों में अनुकंपा आधारित नियुक्तियों एवं पेंशन के लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा कर उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अनुकंपा पर नियुक्ति एवं सेवानिवृति के उपरांत पेंशन से सम्बंधित मामलों का संवेदनशीलता के साथ ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों के तहत हो रहे कार्यों की प्रगति के बारे भी जानकारी लिया। बैठक में सभापति द्वारा जिला खनन पदाधिकारी से अवैध खनन के विरुद्ध किये जा रहे कार्यवाई की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक से इस वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण की जानकारी लेते हुए लगातार जांच एवं छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी को समय-समय पर वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को जिले में संचालित योजना को पूर्ण करने हेतु कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में समिति के सदस्य अवर सचिव सरोज कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी रूपेश कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राम सुंदर सिंह की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

- पिता जी ने कहा था जब तक शिक्षा नहीं होगा तब तक समाज तक विकास की रौशनी नहीं पहुंच पाएगा : हरिकृष्ण सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत स्थित रामसुंदर सिंह आवासीय विद्यालय में दिन शनिवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के पिता स्वर्गीय रामसुंदर सिंह का 14 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय रामसुंदर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया और उन्हें याद किया। उक्त कार्यक्रम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। वहीं शिविर में रांची के प्रसिद्ध डॉक्टर अभिषेक रामदीन एवं उनके टीम के द्वारा सैकड़ो लोगों को नि:शुल्क जांच एवं इलाज किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि हमारे स्वर्गीय पिता प्रखंड मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर सुद्रवर्ती गांव में रहने के बावजूद भी वे शिक्षा पर ज्यादा फोकस करने का काम करते थे वे मुझे कहा करते थे कि पढ़ो जब तक शिक्षा नहीं होगा तब तक समाज विकास के रौशनी तक नहीं पहुंच सकता है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची से आये हुए डॉक्टर अभिषेक रामदीन ने कहा कि पूर्व विधायक श्री सिंह अपने पिता के याद में इस तरह का सेवा का कार्य कर रहे हैं यह काफी सराहनीय है। डॉ. रामदीन ने झारखंड के राजनीतिक पर भी अपनी बात को रखने का कार्य किया। वहीं राजधानी प्रसाद यादव ने भी सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री सिंह को धन्यवाद दिया। वहीं कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने किया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमरेंद्र पाठक, जिला महामंत्री बंसी यादव, जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे, भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, राजीव सहदेव, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह, अजय गुप्ता, भाजपा मंडल महामंत्री मनदीप कुमार, संदीप उरांव, अमरदीप कुमार, सतीश कुमार, मुकेश कुमार, पचु प्रसाद, फुलदेव सिंह, प्रदीप दुबे, राजदेव सिंह, प्रेम शंकर सिंह, श्याम बिहारी सिंह, श्याम प्रकाश, परमेश्वर सिंह,समेत कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम संपन्न

**गोड्डा।** आज पोड़ैयाहाट प्रखंड के लता पंचायत के विभिन्न गांवों में भाजपा के नेताओं के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर कलश लेकर मिट्टी और चावल का दाना संग्रह किया गया। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश झा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन झा जिला के महामंत्री कृष्ण कन्हैया साह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र नाथ सिंह वरिष्ठ कार्यकर्ता अजीत सिंह, रोहित वर्मा, आशीष यादव, जितेंद्र सिंह, पप्पू शर्मा सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एम्स अस्पताल देवघर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव समारोह में पहुंचे राज्यपाल

**देवीपुर।** देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एम्स अस्पताल देवघर का शनिवार को चतुर्थ वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम में भाग लेने मुख्य अतिथि सीपी राधाकृष्णन माननीय राज्यपाल झारखंड समय से पन्द्रह मिनट पहले पोने तीन पहुंच गए। उन्हे सबसे पहले एकेडमिक बिल्डिंग के प्रांगण में गार्ड ऑफ ऑनर दे कर सम्मान किया। उसके बाद सामने एकेडमिक बिल्डिंग प्रवेश कर ग्राउंड फ्लोर में एम्स अस्पताल का बड़ा मैप का अवलोकन किए। उसके बाद एकेडमिक ब्लॉक में लिफ्ट से अंतिम चौथे तल्ले पर गए और शॉट मीटिंग व लंच में भाग लिए। तत्पश्चात एम्स अस्पताल परिसर में नर्सिंग छात्रावास का उद्घाटन राज्यपाल के कर कमलों से किया गया। उसके उपरांत एम्स अस्पताल के अंदर पार्किंग स्थल पर अस्थाई रूप से बने भव्य पंडाल में वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप भाग लिए।

## वृद्ध महिला की ट्रेन के चपेट में आने से मौत

**जामा।** दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के सुगनीबाद गांव के पास दुमका जसीडीह रेलवे ट्रेक पर शनिवार सुबह एक अज्ञात वृद्ध महिला उम्र 75 वर्ष ट्रेन से कट जाने से मृत्यु हो गयी है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने सुगनीबाद रेलवे पुल के पास एक शव को देखा जिसकी सूचना जामा थाना को दिया। सूचना मिलते ही थाना के एएसआई अनिल कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिये भेजवाया। आसपास के ग्रामीणों से पुछताछ करने पर भी मृतक महिला की पहचान नहीं हो पायी। थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान ने बताया कि मृतक महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर शीत गृह में पहचान हेतु रखा गया है।

## पेड़ में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के चिकनियां पंचायत के लखनपुर गांव में विनोद मोहली उम्र 35वर्ष पिता अगनु मोहली ने गांव के पास ही पलास पेड़ में फांसी लगाकर शनिवार सुबह आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार शाम में पति पत्नी में झगड़ा हुआ था। गुस्सा में आकर गांव के पास जोरिया के बगल में जाकर शनिवार सुबह उसने फांसी लगा लिया। मवेशी चराने वाले ने पेड़ से लटकता शव देखा तो गांव में हल्ला किया। हल्ला गुल्ला सुनकर घरवाले आये और शव को पेड़ से उतारकर घर ले गये। जिसकी सूचना थाना को मिलते ही एसआई सुमित कुमार मौके पर पहुंचकर शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजवाया। थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान ने बताया कि मृतक की पत्नी कविता देवी के बयान पर युडी केस दर्ज किया गया है।

## चलो आवास पूर्ण करें अभियान के तहत बैठक

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी के प्रखंड सभागार में शनिवार को चलो करें आवास पूर्ण अभियान से संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव आदि पंचायत प्रतिनिधियों पंचायत कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में अब तक शुरू नहीं किए गए और शेष बचे लंबित प्रधानमंत्री आवास और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के बारे में गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श की गई। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी हसदा बेंजामिन ने उपस्थित मुखिया पंचायत सचिव आदि को बताया कि जिनके पंचायत पोषक क्षेत्र में जिस जिस गांव में आवास निर्माण कार्य लंबित है।

# बिहार में 1 लाख से अधिक छात्रों का नाम स्कूलों से कटा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** बिहार में पिछले कुछ दिनों में सरकारी विद्यालयों में 1 लाख से अधिक छात्रों का नाम काटा गया है। एक से अधिक जगहों पर छात्रों का नामांकन होने के कारण और नामांकन डुप्लीकेसी की परंपरा को खत्म करने के मकसद से यह कदम उठाया गया है। जिले से जो रिपोर्ट प्राप्त हुई है उसके अनुसार सबसे ज्यादा पश्चिम चंपारण और अररिया जिले में नाम काटे गए हैं। इन जिलों में करीब 10 -10 हजार बच्चों का नाम काटा गया है। वहीं पटना में 7 हजार छात्रों का नाम काटा गया है जिसमे 4000 छात्र ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय में से आते हैं। रिपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार माध्यमिक उच्च माध्यमिक की अपेक्षा प्राथमिक विद्यालयों में अधिक बच्चों का नाम काटा है इनमें सबसे अधिक 14875 में और 14299 चौथी कक्षा के छात्र हैं। दरअसल इस तरह के नामांकन का मकसद योजना के गलत फायदा को रोकना है, जिन छात्रों का नाम काटा गया है वह एक साथ सरकारी और निजी विद्यालयों में दाखिले लिए हुए हैं। शिक्षा विभाग का जिलो को निर्देश है कि लगातार तीन दिनों तक विद्यालय नहीं आने वाले बच्चों की वह नोटिस ले उनके अभिभावक से बात करें और बच्चों को विद्यालय आने के लिए कहें। इसके बाद भी अगर 15 दिनों तक विद्यालय नहीं आते हैं तो ऐसे बच्चों का नामांकन काट दिया जाए. शिक्षा विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 13 सितंबर तक 1 लाख 1हजार 86 बच्चों का नाम काट दिया गया है। हालांकि इस आंकड़े में तीन से चार जिलों के नाम शामिल नहीं है। इस तरह कुल मिलाकर यह आंकड़ा कुछ और बढ़ भी सकता है। यह सभी ऐसे बच्चे हैं जिनका नाम सितंबर महीने में ही काटा गया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने 2 सितंबर को जिलाधिकरियो को निर्देश जारी किया था और कहा था कि 15 दिनों तक विद्यालय में अनुपस्थित रहने पर छात्र का नामांकन रद्द कर दिया जाए। अगर कोई छात्र तीन दिनों तक लगातार उपस्थित नहीं है तो उसे प्रधानाध्यापक के द्वारा नोटिस जारी किया जाए। इसको लेकर जिला अधिकारियों को निर्देश था कि संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह भी कहा गया था कि विद्यार्थी की ट्रैकिंग की जाए और इस बात की जानकारी ली जाए कि उसका एक ही साथ दो विद्यालयों में नामांकन तो नहीं कर दिया गया है। ऐसे छात्र सरकारी विद्यालयों से नाम काटने के डर से लगातार 15 दिनों तक अनुपस्थित नहीं रहते हैं और बीच-बीच में अपनी उपस्थिति दर्ज करते रहते हैं। ऐसे छात्र किसी निजी विद्यालय में नियमित रूप से जाते रहते हैं।

लेकिन सरकार की योजनाओं की राशि प्राप्त करने के लिए और सरकारी विद्यालयों में भी दाखिला लिए हुए हैं। विद्यालय में जिन बच्चों का नाम काटा गया है और वह फिर अगर पढ़ना चाहते हैं तो ऐसी स्थिति में अभिभावक का शपथ पत्र लेने का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है। अभिभावक लिखित रूप से देंगे कि उनका बच्चा नियमित रूप से विद्यालय आएगा इसके बाद बच्चे का दोबारा नामांकन हो जाएगा।

## महबूब अंसारी जिला नगर कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष मनोनित



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज गोड्डा जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार मो.मेहबूब अंसारी को गोड्डा जिला नगर कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष न्युक्त किया गया, जिसे जिला अध्यक्ष दिनेश यादव के द्वारा मो. मेहबूब अंसारी को फुल माला पहना कर न्युक्ति पत्र देकर नगर कमिटी का संगठन को मजबूती देने का दायित्व दिया, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश यादव ने की। इस अवसर पर वरिष्ट जिला उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, जिला प्रवक्ता अकबर अली, महासचिव कुंदन ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष वेणु चौबे, कार्यालय प्रभारी सोनी सिंह, विजय कुमार एवं दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए।

## समीक्षा बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज उपायुक्त गोड्डा जिशान कमर ने अपने कार्यालय कक्ष के बैठक में विभिन्न एजेंडों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त एनएफए ग्रीन कार्ड, किरासन, चावल, चीनी, नमक वितरण इत्यादि का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि डीलरों के द्वारा राशन वितरण के दौरान कम वजन, कही अधिक रेट लेने तथा आमजनों के साथ दुर्व्यवहार करने की सूचना मिलेगी तो ऐसे डीलरों के खिलाफ त्वरित करवाई की जाएगी। उपायुक्त के द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिए गए कि बिना स्लिप का कोई भी डीलर राशन वितरण ना किए जाएं,ऐसा करते हुए कोई डीलर मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान डोर स्टेप डिलीवरी को लेकर संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक कर डोर स्टेप डिलीवरी में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। संबंधित एजेंसियों के द्वारा डोर स्टेप डिलीवरी में आ रही समस्याओं को लेकर महोदय को अवगत कराया गया। उक्त बैठक के दौरान निर्देश दिए गए की 'डोर स्टेप डिलीवरी' में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।साथ ही साथ एजेंसियों को निर्देश दिए गए की 8 दिनों के अंदर डोर स्टेप डिलीवरी से संबंधित समस्याओं को दूर कर लिए जाएं ताकि लाभुकों को ससमय में राशन उपलब्ध कराया जा सके। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गोड्डा सहित कार्यालय कर्मीगण मौजूद थे।

## अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर के चुनाव में 56 फीसदी हुआ मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर में पहली बार गठन किये जा रहे अंजुमन इस्लामिया का चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुबह सात बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक मतदान हुआ। जिसमें करीब 56.18 फीसदी मतदान हुआ। इसके बाद शाम पांच बजे उर्दू स्कूल मेन रोड में बनाए गए मतगणना केंद्र में वोटों की गिनती शुरू हुई जो देर शाम तक जारी रहा। पांच पदों के लिए हो रहे चुनाव के लिए 22 प्रत्याशी मैदान में थे। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सात मतदान केंद्र बनाए गए थे। अंजुमन इस्लामिया चुनाव के लिए कुल 5427 मतदाता थे। जिसमें 3049 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। अनुमंडल प्रशासन की ओर से सभी मतदान केंद्रों में पुलिस बल व दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। मतदान को लेकर मतदाताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केंद्रों में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया मतदाताओं की संख्या बढ़ते गया। दंदासाई स्थित मदरसा फैजुल कुरान में सबसे अधिक मतदाताओं की संख्या देखने को मिली। मतदान केंद्रों के बाहर प्रत्याशियों के अभिकर्ता वोटर लिस्ट से साथ बैठे थे। यहां मतदाता सूची में मिलान के बाद मतदाताओं को आगे जाने दिया जा रहा था। सिमीदीरी मदरसा में बनाए गए मतदान केंद्र में भी लोगों की भीड़ रही। मतदान केंद्रों के बाहर कई प्रत्याशी डेरा जमाए हुए थे।

**बुजुर्ग और दिव्यांग ने भी किया मतदान :** अंजुमन इस्लामिया चुनाव में मतदान को लेकर आम मतदाताओं की तरह बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। सिमीदीरी में मोहम्मद जहीर नामक दिव्यांग मतदाता को चेयर में बैठाकर दो लोग मतदान कराने पहुंचे थे। वहीं दंदसाई, चांदमारी, उर्दू स्कूल के मतदान केंद्र में कई बुजुर्ग मतदाता देखे गए।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह का खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** रेलवे के ग्रुप-डी में आदिवासी युवक-युवतियों को नौकरी दिलाने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह की महिला सहित दो सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ गए है। दोनों गिरफ्तार ठग जामताड़ा जिला के करमाटांड़ एवं बिंदापाथर गांव के निवासी है। इसकी जानकारी शनिवार को एसडीपीओ नूर मुस्ताफा ने प्रेसवार्ता कर दिया।

उन्होंने बताया कि दुमका के एसपी को सूचना मिली थी कि शहर के मिनी बस पड़ाव में कुछ लोगों के द्वारा रेलवे के ग्रुप डी में नौकरी दिलाने के नाम पर रुपए की वसूली की जा रही है। सूचना पर उनके नेतृत्व में सत्यापन के लिए पुलिस पदाधिकारी नगर थाना दुमका को भेजा गया तो पाया गया कि भारती टुडू नाम की एक महिला कुछ आदिवासी युवक-युवतियों से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर रही है। महिला को जब हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पता चला कि जामताड़ा जिला के नाला बिंदापाथर गांव के मंटू कोल गिरोह का मास्टर माइंड है। उक्त महिला मंटू कोल के कहने पर ही भोले-भाले आदिवासी युवक-युवतियों को नौकरी दिलाने के नाम पर रुपए की वसूली कर रही है। रुपए की वसूली कर मंटू कोल को दिया करती थी।

## पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, एक की मौत चार गंभीर रूप से घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**सरैयाहाट।** दुमका जिले के नेशनल हाइवे 133 स्थित सरैयाहाट थाना क्षेत्र के कोरदाहा गांव के निकट शनिवार को एक अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा जाने से कार में सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार की पेड़ से टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सरैयाहाट थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे एवं सभी घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चारों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। मृतक मोजिम अंसारी हंसडीहा का रहने वाला था और मोटर पाट्स का काम करता था। जबकि घायलों में लालू अंसारी (40) ग्राम भोरिया, इजाद अंसारी (65) ग्राम पिंडरा, सिदीक अंसारी (74) हंसडीहा एवं हजीरन बीबी (65) हंसडीहा शामिल है। जानकारी के कार लालू चला रहा था और संतुलन बिगड़ने की वजह से अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। जिसके कारण कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। वहीं एक व्यक्ति की मौत मौके पर हो गई। गनीमत था कि जबकि कार पेड़ से टकराई तो पिछले गेट का दरवाजा स्वत खुल गया। जिससे पीछे बैठे लोग वाहन से बाहर फैंका गये। जिससे उन लोगों की जान बच गई। थाना प्रभारी ने बताया की मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

**तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे सभी :** बताया जाता है की कार सवार सभी हँसडीहा से बांका के कटोरिया किसी रिस्तेदार के लड़की की शादी के लिए तिलक समारोह में शामिल होने जा रहें थे। हँसडीहा से निकलने के बाद सभी सरैयाहाट के पिंडरा गाँव गये और वहां से कटोरिया के लिए निकले थे। परिजनों के मुताबिक शादी की सारी बातें हो गई थी और आज ही तिलक समारोह होना था। प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार हादसे के बाद लालू कार में पूरी तरह फस गया था पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसे निकाल हॉस्पिटल पहुँचाया।

## भीषण टक्कर एक घायल, तीन वाहन क्षतिग्रस्त

**सरैयाहाट।** दुमका जिले के हंसडीहा-दुमका स्टेट हाइवे पर हंसडीहा स्थित इंडिया वन एटीएम के समीप शनिवार को टैंकर के टक्कर से मैजिक चालक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घायल चालक को पुलिस के द्वारा ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सरैयाहाट पहुँचाया गया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार टैंकर दुमका के रास्ते हंसडीहा की और आ रही थी वहीं मैजिक चालक वाहन में चावल लोड कर दुमका की और जा रहे थे। जैसे ही मैजिक हंसडीहा दुमका रोड स्थित इंडिया वन एटीएम के समीप पहुँची सामने से आ रही टैंकर ने मैजिक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे मैजिक के परखच्चे उड़ गए साथ ही मैजिक में लदा चावल सड़क पर बिखर गया। वहीं घटना स्थल पर पहले से खड़ी एक ऑटो रिक्शा और पैसेंजर मैजिक भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू को दी गई सूचना मिलने के तुरंत बाद थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच दुर्घटनाग्रस्त तीनों वाहनों को सड़क से हटाकर आवागमन चालू कराया। इधर पुलिस दुर्घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहे टैंकर और चालक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई।



एक नजर में

## नवजात बच्ची को झाड़ियों में फेंका, पुलिस ने मां को ढूंढा और इस अपराध के लिए भेजा जेल

**गोड्डा।** दिनांक 14 सितंबर 2023 के सुबह रामगढ़ रोड पार्क के निकट झाड़ी में एक नवजात बच्ची पाई जाती है। घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना को मिलते ही नगर थाना को इस कांड के उद्भेदन का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी उमेश कुमार महतो ने स्थानीय चौकीदार और अपने सहायक अधिकारियों के साथ छानबीन करते हुए नगर थाना में 14/9/23 को एक प्राथमिकी दर्ज की। अपने संपर्क सूत्रों और चौकीदार के साथ नगर थाना पुलिस के सअनि मनोरंजन कुमार ने मामले की तह में जाकर पता लगाया उस मां का कल्पित नाम कमला, घर मुफ्फसिल थानांतर्गत एक ग्राम को गिरफ्तार किया और उसने अपना अपराध स्वीकार किया। मां को जेल भेज दिया गया।

## स्टेयरिंग सह अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

**भवनाथपुर।** प्रखंड स्टेयरिंग सह अनुश्रवण समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो की अध्यक्षता में की गई। बैठक बीडीओ ने कहा कि सभी पोषण वाटिका हेतु चयनित विद्यालय में सभी रसोइया का छह दिनों का डिमांड लगाकर भुगतान किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में मध्यान भोजन बंद नहीं करना है। यदि बंद होता है तो संबंधित पर कार्रवाई होगी। कहा कि सभी विद्यालय प्रधान एमडीएम का शत प्रतिशत एसएमएस विद्यालय अवधि में करना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पाण्डेय, मध्याहन भोजन प्रभारी रामविजय गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रविंद्र मेहता, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बबन पासवान, प्रभारी गोदाम प्रबंधक शिव कुमार यादव व कई लोग उपस्थित थे।

## सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब का गठन

**केतार।** गढ़वा डीडीसी के निर्देश पर परतीकुशवानी पंचायत के ग्राम छाताकुण्ड में सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। परतीकुशवानी पंचायत के मुखिया, उपमुखिया व वार्ड सदस्यों ने अपने अपने राजस्व ग्राम में ग्राम स्तर के खेल युवाओं को 10 सदस्यीय समिति का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से परतीकुशवानी पंचायत के छाताकुण्ड ग्राम स्तर पर रवि कुमार को अध्यक्ष, मनोज जयसवाल को उपाध्यक्ष एवं बाल्मिकी कुमार को सचिव बनाया गया। जबकि राजु कुमार, मंगल कुमार, विकेश कुमार, अमित कुमार, बिकाश कुमार यादव, मनिष कमलापुरी, सुमित सागर को सदस्य बनाया गया। मौके पर मुखिया मुनी देवी, उप मुखिया माया देर्वी, वार्ड सदस्य रविंद्र गुप्ता, उप मुखिया प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार, पंचायत सेवक अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

## अर्द्ध विक्षिप्त को जेल, सीओ कार्यालय में कर रहा था हंगामा

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे निवासी विक्रम शाह के अर्द्ध विक्षिप्त पुत्र डब्लू प्रसाद को जेल भेज दिया गया। वह शुक्रवार को मझिआंव अंचल अधिकारी के कक्ष में चाकू, छोलनी, कैची आदि के साथ पहुंचकर हंगामा कर रहा था। अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने इसकी प्राथमिकी थाना में करायी थी। पुलिस के हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए डब्लू प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पेज 1 का शेष

### घुसपैठ की कोशिश...

वरिष्ठ अधिकारी पीएमएस ढिलौन ने बताया कि पाकिस्तानी सेना की फायरिंग के बावजूद हमारे जवानों ने उरी सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश करनेवाले तीन पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर कर दिया। दो शव बरामद कर लिये गये हैं। सीमा पार से कवर फायरिंग के कारण तीसरे आतंकी का शव बरामद करने में दिक्कतें हुई, लेकिन फिर उसे भी बरामद कर लिया गया। **आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ :** शुक्रवार को बारामूला में लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी मॉड्यूल का सुरक्षाबलों ने पदार्फाश किया। साथ ही आतंकवादियों के दो मददगारों को गिरफ्तार भी किया गया। गिरफ्तार आतंकियों के पास से हथियार एवं गोलाबारूद बरामद किया गया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि उत्तर कश्मीर के बारामूला में उरी इलाके में लश्कर के दो आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। उसकी की पहचान मीर साहिब बारामूला निवासी जैद हसन मल्ला और स्टेडियम कॉलोनी बारामूला के मोहम्मद आरिफ चन्ना के रूप में की गयी।

### चुनौतियों से घिरा हुआ है देश...

**इडी कारवाई पर उठाया सवाल :** कांग्रेस अध्यक्ष ने कई विपक्षी नेताओं के खिलाफ इडी की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया' की पिछली तीन बैठकों की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पीएम मोदी भाजपा नेता लगातार हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा कारवां जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, इनके हमले तेज होंगे। खड़गे ने कहा कि सरकार को 2021 की जनगणना और इसके साथ ही जातिगत जनगणना करानी चाहिए, ताकि कमजोर वर्गों को खाद्य सुरक्षा कानून और अन्य योजनाओं को लेकर पूरा अधिकार मिल सके। उन्होंने कहा, 'आज देश कई गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा। मणिपुर की आग को मोदी सरकार ने हरियाणा में नूंह तक पहुंचने दिया। इन घटनाओं ने प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष भारत की छवि पर धब्बा लगा दिया। **तीन प्रस्ताव पारित :** बैठक के बाद प्रेस वार्ता में कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बताया, कांग्रेस वर्किंग कमेटी में तीन प्रस्ताव पारित हुए हैं। पहला, केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के देहांत पर शोक प्रस्ताव है, दूसरा मणिपुर पर शोक प्रस्ताव और तीसरा शोक प्रस्ताव हिमाचल प्रदेश की आपदा पर है। इस प्रस्ताव में यह भी मांग की गयी कि हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाये। **विकास की नयी इबारत लिखेगी कांग्रेस : सोनिया-** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) तेलंगाना और भारत के सभी लोगों के लिए सम्मान के साथ विकास का एक नया अध्याय लिखने के लिए तैयार है। पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'हमने तेलंगाना के लोगों से एक वादा किया था, हमने वह वादा पूरा किया है। कांग्रेस हमेशा उनके साथ खड़ी रही है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने हमारे महान राष्ट्र में लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, प्रगति और समानता के लिए लड़ाई लड़ी और उसे लागू किया। हम राष्ट्रीय अखंडता और विविधता में एकता के लिए लड़ते रहेंगे।

### दो महीने में दें...

उनकी ओर से कहा गया था कि प्रार्थी की इंस्टिट्यूट ऑफ टाउन प्लानर (इंडिया) की सर्टिफिकेट 10 अगस्त 2020 पहले की। ऐसे कई अभ्यर्थी थे जिनकी सर्टिफिकेट फॉर्म भरने की अंतिम तिथि के पूर्व की थी। लेकिन पास करने के बाद भी उनकी नियुक्ति नहीं की गयी है। उनकी ओर से कहा गया है कि सहायक टाउन प्लानर पद के लिए अनुशंसित अभ्यार्थियों की नियुक्ति रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश को निरस्त करते हुए इन्हें नियुक्त किया जाए।

### बिहार में शीघ्र होगा चुनाव...

श्री शाह ने कहा कि वो बिहार की सीमा की सभी दिक्कतों से वाकिफ हैं। बिहार में जल्द ही चुनाव होगा और घुसपैठ, भूमि कब्जाने, अवैध व्यापार का खात्मा करेंगे, क्योंकि बिहार में जल्द ही चुनाव होंगे और भाजपा की सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनेगी।

### कल से संसद का विशेष सत्र...

किसी संभावित नये कानून पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन लोकसभा और राज्य विधानसभाओं जैसी निर्वाचित विधायिकाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने वाले विधेयक के बारे में चर्चा चल रही है।

स्पीड न्यूज

## काठमांडू में एक ही परिवार के 4 की हत्या

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में शुक्रवार रात विमानस्थल के पास तीनकुने चौक पर एक लकड़ी मिल में परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी गई। सामूहिक हत्याकांड की जिम्मेदारी लेते हुए एक व्यक्ति ने थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। काठमांडू के एसएसपी दिनेश राज मैनाली ने मौके का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से कहा कि चारों की हत्या धारदार हथियार से की गई। मृतकों में मिल का सिक्योरिटी गार्ड कुमार भुजेल, उसकी पत्नी अम्बिका भुजेल, कुमार की मां 76 वर्षीय सुभद्रा भुजेल और उसके रिश्तेदार नवीन राई शामिल है।

## बांग्लादेश में डेंगू से अब तक 778 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में डेंगू से इस साल अबतक 778 लोगों की मौत हो चुकी है और 1.5 लाख से अधिक लोग मच्छर के काटने से बीमार हैं। इससे पहले इस बीमारी से मौत का सर्वाधिक आंकड़ा वर्ष 2022 में 281 था। संयुक्त राष्ट्र की बच्चों से जुड़ी एजेंसी का कहना है कि यह आंकड़ा और अधिक हो सकता है, क्योंकि कई मामलों की सूचना नहीं दी जाती है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आगाह करते हुए कहा था कि जलवायु परिवर्तन के कारण डेंगू, जीका और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का फैलाव तेजी से हो रहा है।

## भारत ने सिख छात्र पर हमले की निंदा की

**टोरंटो।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सिख समुदाय के 17 वर्षीय छात्र पर बियर स्प्रे के इस्तेमाल सहित हमला करने की घटना पर शनिवार को भारत ने निंदा व्यक्त की। साथ ही स्थानीय अधिकारियों से घटना की जांच करने और अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया। यह घटना 11 सितंबर की है जब सिख छात्र केलोना में स्कूल से घर जा रहा था। हालांकि छात्र का नाम नहीं बताया गया है। बियर स्प्रे का इस्तेमाल भालू के हमले को रोकने के लिए किया जाता है।

## प्रतिबंधित रूसी प्लांट का किम ने किया दौरा

**सियोल।** रूस के दौरे पर गए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने शुक्रवार को प्रतिबंधित यूरी गागरिन एविएशन प्लांट और याकोवलेव प्लांट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रूसी फाइटर जेट को करीब से परखा। जारी तस्वीरों में वे सुखोई-57 के कॉकपिट सहित विमान के अन्य हिस्सों का निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने सुखोई-35 और सुखोई-57 के असेंबली वर्कशाप का भी निरीक्षण किया। उनके लिए सुखोई-35 के उड़ान का भी प्रदर्शन किया गया। पश्चिमी देशों ने कोम्सोमोल्स्क-आन-अमूर शहर स्थित रूस के फाइटर जेट निर्माण फैक्टरी प्रतिबंध लगा रखे हैं। किम ने उस केंद्र का भी दौरा किया जहां सुखोई एसजे-100 का उत्पादन होता है। इस दौरान उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव और गवर्नर आदि मौजूद रहे।

# बदहाल पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइंस कंपनी हुई कंगाल

### ईंधन खरीदने के पड़े लाले, कई विमानों का संचालन ठप



एजेंसी

**लाहौर।** आर्थिक बदहाली के हालात से जूझ रहे पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइंस कंपनियां दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गई है। इन एयरलाइंस कंपनियों के पास ईंधन खरीदने तक के पैसों की कमी हो रही है। सरकारी एयरलाइंस ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि बेड़े को कुछ दिनों के भीतर खड़ा किया जा सकता है, क्योंकि उसे बिल और वेतन का भुगतान करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। सरकारी स्वामित्व वाली पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के प्रवक्ता अब्दुल्ला हफीज ने कहा कि कंपनी राजकोष से तत्काल वित्तीय मदद मांग रही थी, लेकिन फिलहाल धन मुहैया नही कराया गया है। दशकों के कुप्रबंधन और अस्थिरता ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को डगमगा दिया है, और इस साल इस्लामाबाद को डिफॉल्ट से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ एक समझौते के लिए मजबूर होना पड़ा। हफीज ने कहा कि गुरुवार को तीन उड़ानें रोक दी गईं और वेतन का भुगतान भी देर से किया गया। उन्होंने कहा, 31 के बेड़े में से 25 विमान अभी भी उड़ान भर रहे हैं, अन्य को निर्धारित या अनिर्धारित रखरखाव के लिए रोक दिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार एयरलाइंन ढहने की कगार पर है और अगर आपातकालीन धन उपलब्ध नहीं कराया गया तो कुछ ही दिनों में उड़ान संचालन निलंबित किया जा सकता है।

▶▶ पीआइए पर 743 अरब रुपये की देनदारियां थीं उसकी कुल संपत्ति से पांच गुना अधिक है : ब्लूमर्ग

ब्लूमबर्ग ने बताया कि पीआईए पर 743 अरब रुपये (लगभग 2.5 अरब डॉलर) की देनदारियां थीं, जो उसकी कुल संपत्ति से पांच गुना अधिक है। पीआईए 1955 में अस्तित्व में आया जब सरकार ने घाटे में चल रही एक वाणिज्यिक एयरलाइंन का राष्ट्रीयकरण किया और 1990 के दशक तक तेजी से विकास किया। बाजार के उदारीकरण और कई निजी और सार्वजनिक स्वामित्व वाली एयरलाइनों के लॉन्च ने पीआईए पर भारी दबाव डाला, जिसके परिणामस्वरूप वर्षों तक घाटे में रहना पड़ा।

एयरलाइंन की प्रतिष्ठा को हमलों, अपहरणों और दुर्घटनाओं की एक श्रृंखला से भी नुकसान हुआ है। जिसमें मई 2020 में कराची में एक एयरबस की दुर्घटना भी शामिल है जिसमें 97 यात्रियों और चालक दल की मौत हो गई थी। सरकार की एयरलाइंस को बेचने की योजना है, लेकिन अभी तक उसने विशेष समितियों द्वारा निजीकरण के लिए रखे गए कम से कम दो प्रस्तावों पर कार्रवाई नहीं की है।

## इधर पेट्रोल 331 और डीजल 329 रुपये प्रति लीटर हुआ

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कमरतोड़ महंगाई के बीच कार्यवाहक सरकार ने शुक्रवार को अपनी पाक्षिक समीक्षा में पेट्रोल की कीमत में 26 रुपये और डीजल की कीमत में 17 रुपये प्रति लीटर से ज्यादा का इजाफा कर दिया। नई दरें शनिवार से प्रभावी हो गई हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया। इस फैसले के अनुसार पेट्रोल की कीमत 26.02 रुपये प्रति लीटर और हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत 17.34 रुपये प्रति लीटर बढ़ जाएगी। अब एक लीटर पेट्रोल 331.38 रुपये और एचएसडी 329.18 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। पाकिस्तान में एक महीने के भीतर यह दूसरी बार है जब पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ाकर उन्हें ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा दिया गया है। इससे पहले एक सितंबर को कार्यवाहक सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में 14 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी की थी।

## पोखरा और भैरहवा एयरपोर्ट चीन को सौंप सकता है नेपाल

### प्रधानमंत्री प्रचंड ने बीजिंग दौरे से पहले दिया संकेत

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने देश के दो नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल के संचालन की जिम्मेदारी चीन को सौंपने का संकेत दिया है। पोखरा और भैरहवा विमानस्थल संचालन को लेकर चीन की तरफ से दिलचस्पी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री की तरफ से भी इसी आशय का बयान आया है। शुक्रवार को नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करते हुए प्रचंड ने कहा कि अगले हफ्ते से शुरू होने वाले चीन दौरे पोखरा और भैरहवा विमानस्थल के नियमित संचालन के लिए बात करेंगे। उन्होंने कहा कि देश में दो नए विमानस्थल बन कर तैयार हैं लेकिन उसका पूर्ण रूप से संचालन नहीं होने के कारण देश को बहुत घाटा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 23 सितंबर से शुरू होने वाले उनके बीजिंग दौरे में यह एक प्रमुख एजेंडा रहने वाला है।

**पोखरा हवाईअड्डा विवादों में घिरा है :** पोखरा विमानस्थल निर्माण के समय से ही विवादों में घिरा हुआ है। चीन से महंगे ब्याज दर पर अल्पकालीन समय के लिए ऋण लेने से विवादों में घिर गया था। कई विशेषज्ञों ने डिजाइन और रनवे को लेकर सवाल खड़े किए थे लेकिन उन सब बातों की अनदेखी कर दी गई थी।

# 2024 के अंत तक सभी मेडिकल कॉलेजों में होगा अंग प्रत्यारोपण

### आगरा में आठ हजार लोगों ने ली अंगदान की शपथ

एजेंसी

**आगरा।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया के नेतृत्व में शनिवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में लगभग आठ हजार लोगों ने अंगदान की शपथ ली। स्वास्थ्य मंत्री ने 23 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं और 87 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों की आधारशिला रखी तथा सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का उद्घाटन और अंगदान रजिस्ट्री का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि 2024 के अंत तक देश के हर मेडिकल कालेज में अंग प्रत्यारोपण की सुविधा मिल सके, इसके लिए मशीनों की खरीद, डाक्टरों की उपलब्धता और ट्रेनिंग सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी अस्पताल अंग प्रत्यारोपण की सुविधा अपने यहां खोलना चाहेंगे उन्हें केद्र सरकार की तरफ से सवा करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अंगदान के बाद मरीज को जीवन भर दवाइयां खानी पड़ती हैं, कई टेस्ट कराने पड़ते हैं इसके लिए उस मरीज को केंद्र सरकार की तरफ से प्रतिमाह 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंगदान को 02 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करना है। डॉ. मांडविया ने कहा कि देश के 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक की मुफ्त इलाज की गारंटी मोदी सरकार दे रही है। आयुष्मान भवः अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलेगा जिसमें अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहिए। पहले देश के युवाओं को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए विदेश जाना पड़ता था लेकिन मोदी सरकार में पिछले नौ साल में एमबीबीएस की सीटों की संख्या दो गुनी हो गयी है। पहले 54000 सीटें थीं जो कि अब बढ़कर एक लाख सात हजार हो गई हैं।

जो अस्पताल अंग प्रत्यारोपण करेंगे, उन्हें केंद्र सरकार देगी सवा करोड़ रुपये : मांडविया



## पशुपतिनाथ मंदिर के अंदर फोटो खींचने पर लगेगा दो हजार तक का जुर्माना

**काठमांडू।** पशुपतिनाथ मंदिर के पदाधिकारियों ने मंदिर आने वाले लोगों और तीर्थयात्रियों को मुख्य मंदिर परिसर के अंदर तस्वीरें खींचने और वीडियो शूट करने को लेकर आगाह करते हुए कहा कि ऐसा करने वालों पर 2,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा या उनके खिलाफ साइबर अपराध कानूनों के तहत कार्रवाई भी की जा सकती है। पशुपतिनाथ मंदिर एक विश्व प्रसिद्ध हिंदू मंदिर है जो भगवान पशुपति (महादेव) को समर्पित है। भारत और दुनिया भर से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु इस मंदिर में दर्शन करने आते हैं। मंदिर की देखरेख के लिए जिम्मेदार शासी निकाय पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट ने कहा कि मंदिर परिसर के अंदर तस्वीरें खींचना या वीडियो शूट करना पहले से ही प्रतिबंधित है।

# देश में खुलेंगे 23 नये सैनिक स्कूल

▶▶ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पार्टनरशिप के माध्यम से स्थापित करने को दी मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साझेदारी माध्यम से 23 नये सैनिक स्कूल स्थापना को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नये स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्ड से संबद्धता के अलावा, सैनिक स्कूल सोसायटी के तत्वावधान में कार्य करेंगे और साझेदारी वाले सैनिक स्कूल के लिए सोसायटी द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों का पालन करेंगे। सरकार ने गैर सरकारी संगठनों, निजी स्कूल और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में कक्षा-छह से लेकर ऊपर तक की कक्षा के 100 नये सैनिक स्कूल क्रमबद्ध तरीके से स्थापित करने की पहल को मंजूरी दी है। इस पहल के तहत, सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा देश भर में स्थित 19 नये सैनिक स्कूलों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साझेदारी में नये सैनिक स्कूल खोलने के आवेदनों के मूल्यांकन के बाद, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साझेदारी माध्यम से 23 नये सैनिक स्कूल स्थापित करने को मंजूरी दे दी है।



मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से सैनिक स्कूल सोसाइटी के तत्वावधान में साझेदारी माध्यम के तहत चलने वाले नये सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है, इसके अलावा मौजूदा 33 सैनिक स्कूल पहले से ही मौजूदा स्वरूप के तहत काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 100 नये सैनिक स्कूल स्थापित करने के दृष्टिकोण के पीछे का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित बेहतर करियर के अवसर प्रदान करना है। यह निजी क्षेत्र को आज के युवाओं को कल का जिम्मेदार नागरिक बनाकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में सरकार के साथ मिलकर काम करने का अवसर देता है। ये स्कूल अपने नियमित संबद्ध बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा, सैनिक स्कूल पद्धति के छात्रों को एकेडमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा भी प्रदान करेंगे।

## लंदन का ऐतिहासिक इंडिया क्लब आज होगा बंद

**लंदन।** लंदन स्थित इंडिया क्लब रविवार को स्थायी रूप से बंद हो जाएगा। यह इंडिया क्लब भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा रहा है, क्योंकि यह भारतीय राष्ट्रवादियों के लिए वर्षों तक स्वदेश से दूर एक केंद्र रहा है। इसकी दीवारें पूर्व प्रधानमंत्रियों जैसे प्रमुख भारतीयों की तस्वीरों से सजी हैं। इस क्लब के संस्थापक सदस्य कृष्ण मेनन थे, जो ब्रिटेन में स्वतंत्र भारत के पहले उच्चायुक्त बने।

इंडिया क्लब ब्रिटेन के शुरूआती भारतीय रेस्तरां में से एक था और भारतीय स्वतंत्रता के बाद यह ब्रिटिश दक्षिण एशियाई समुदाय के लिए एक केंद्र बन गया। मध्य लंदन स्थित इस क्लब में आने वाले लोग यहां पर गर्म डोसा और पकौड़े का आनंद उठाते थे।

## आइएसआइएस के ठिकाने पर एनआइए की छापेमारी

▶▶ तमिलनाडु और तेलंगाना में 60 लाख रुपये, डॉलर और आपत्तिजनक किताबें बरामद

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में युवाओं को आतंकवादी नेटवर्क में शामिल करने के आईएसआईएस के प्रयासों को विफल करने के क्रम में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक और सफलता हाथ लगी है। एनआईए की टीम ने तमिलनाडु और तेलंगाना में छापों के दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप और हार्ड डिस्क के साथ भारतीय मुद्रा में 60 लाख रुपये और 18,200 अमेरिकी डॉलर तथा स्थानीय और अरबी भाषाओं में कई आपत्तिजनक किताबें भी जब्त की है। एनआईए की टीम मौजूद डेटा की जांच करने की प्रक्रिया में है। एनआईए की टीम ने शनिवार की सुबह तमिलनाडु में आईएसआईएस कट्टरपंथ और भर्ती मामले में संदिग्धों के परिसरों पर छापा मारा। कोयंबटूर में 22 स्थानों, चेन्नई में तीन और तमिलनाडु के तेनकासी जिले के कदैयानल्लूर में एक स्थान पर छापेमारी की। तेलंगाना के हैदराबाद व साइबराबाद में अन्य पांच स्थानों पर छापे मारे । यहां पर क्षेत्रीय अध्ययन केंद्रों के माध्यम से आयोजित अरबी भाषा की कक्षाएं आयोजित करने की आड़ में कट्टरपंथ को अंजाम दिया जा रहा था। इस तरह की कट्टरपंथी गतिविधियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्हाट्स एप और टेलीग्राम जैसे मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन प्रसारित किया जा रहा था। एनआईए की जांच से पता चला है कि आईएसआईएस देश की शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने और बाधित करने के व्यापक उद्देश्य के साथ देश में आतंक फैलाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। एनआईए चेन्नई ने आईपीसी की धारा 120बी, 121ए और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 13, 18, 18बी के तहत मामला दर्ज किया है।



## 84 कलाकारों को मिला संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को ललित कला के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिये 84 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया। धनखड़ ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहला मौका है जब इन कलाकारों को उनके काम की पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि ये सभी कलाकार वे हैं जिन्हें पिछले 75 वर्षों में कभी भी उनका उचित हक नहीं मिल पाया। उन्हें सम्मान देकर हम भारतीय संस्कृति को सम्मान देते हैं; इससे दुनिया में भारत का गौरव बढ़ता है।

## पैपराजी पर भड़कीं परिणीति चोपड़ा

**मुंबई।** एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा कुछ ही दिनों में दोनों शादी कर नई जिंदगी की शुरूआत करने वाले हैं। इस बीच परिणीति का पैपराजी पर भड़कने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में परिणीति जैसे ही कार से उतरती हैं तो पैपराजी उन्हें परीजी कहकर बुलाते हैं, लेकिन यह देखकर वह गुस्सा हो जाती हैं और कहती हैं कि मैंने तुम्हें फोन नहीं किया। इसके बाद पैपराजी बिना रुके उनका वीडियो शूट करते रहते हैं। यह देखकर परिणीति फिर वापस आती हैं और हाथ जोड़कर कहती हैं कि सर प्लीज रुकिए। मैं आपसे अनुरोध कर रही हूं। फिलहाल परिणीति का ये वीडियो खूब चर्चा में है।



# नवयुवक संघ उपकार क्लब चुटिया में बना रहा काल्पनिक मंदिर

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नवयुवक संघ उपकार क्लब चुटिया में इस बार काल्पनिक मंदिर में मां दुर्गा पधारेंगी। मंदिर के प्रारूप वाले पंडाल के लिए कपड़ें और प्लाई की बारीकी से कटिंग बंगाल से आए कारीगर कर रहे हैं। पूजा पंडाल के आस-पास विशेष विद्युत साज की तैयारी की जा रहीं है। इस बार पांडाल की ऊंचाई 40 फीट चौड़ाई 30 फीट लंबाई 35 फीट होगी। पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि यहां मां दुर्गा की पूजा 1926 से लगातार होता आ रहा है। इस बार मां दुर्गा की मूर्ति 13 फीट की होगी।

उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल में मां भगवती का 9 दिनों तक रीति रिवाज के साथ पूजा होता है। देवी दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं के मूर्ति का निर्माण बंगाल के कलाकार कर रहे हैं। इस मौके पर बच्चों के लिए कई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मीडीया प्रभारी रतन लाल ने बताया कि नवमी के दिन भोग का वितरण किया। इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत साज की जाएगी। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 8-9 लाख रखा गया है। पूजा को सफल बनानें में चंदन,विजेंद्र सिंह ,उदय कुमार, रिकी राज, रवि सिंह,शेखर वर्मा दिन रात लगे हुए हैं।

### काफी दिनों से नाली जाम है : अनिल सिंह



पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा की बिजली का खंभा काफी जर्जर हो चुका है, कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। हम बिजली विभाग से भी निवेदन करेंगे कि इस पर भी ध्यान दिया जाए । नाली भी जाम है। हम लोगों ने नगर निगम से निवेदन किया है कि इसकी सफाई कराई जाए। अगर निगम इस पर कदम नहीं उठाता है,तो समिति इसे सफाई कराएगी।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



# विश्वकर्मा पूजा





# शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेष्ठज्ञाता विश्वकर्मा

विश्वकर्मा पूजा का महत्व

भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मा जी के मानस पुत्र माने जाते हैं। मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से तमाम इंजीनियर, मिस्त्री, वेल्डर, बढ़ई, जैसे कार्य से जुड़े लोग अधिक कुशल बनते हैं। शिल्पकला का विकास होता है। कारोबार में बढ़ोत्तरी होती है साथ ही धन-धान्य और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। भगवान विश्वकर्मा को संसार का पहला बड़ा इंजीनियर माना जाता है। इस दिन दुकान, वर्कशाप, फैक्ट्री में यंत्रों और औजारों की पूजा करने से कार्य में कभी कोई रुकावट नहीं आती और खूब तरक्की होती है। कहते हैं कि भगवान विश्वकर्मा ने स्वर्ग लोक, सोने की लंका, द्वारिका और हस्तिनापुर का निर्माण किया था।

माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही लंका का निर्माण किया था। इसके पीछे कहानी है कि शिव ने माता पार्वती के लिए एक महल का निर्माण करने के लिए भगवान विश्वकर्मा को कहा तो विश्वकर्मा ने सोने का महल बना दिया। इस महल के पूजन के दौरान भगवान शिव ने राजा रावण को आंमत्रित किया। रावण महल को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया और जब भगवान शिव ने उससे दक्षिणा में कुछ देने को कहा तथा उसने महल ही मांग लिया। भगवान शिव ने उसे महल दे दिया और वापस पर्वतों पर चले गए।

भगवान विश्वकर्मा ने भव्य और सुरक्षित महलों के साथ देवताओं के उड़ने वाले रथों का निर्माण भी किया था। कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा ने वज्र का निर्माण किया था।



**विश्वकर्मा कौन है?**

- मिताली जैन विश्वकर्मा वास्तव में एक हिन्दू देव है और हिन्दू धर्म में इन्हें निर्माण एवं सृजन का देवता माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इनका जन्म समुद्र मंथन से हुआ था। इतना ही नहीं, इन्होंने भगवान कृष्ण के पवित्र शहर द्वारिका और सोने की लंका का निर्माण किया था। इतना ही नहीं, इनकी ॠद्धि सिद्धि और संज्ञा नाम की तीन पुत्रियां थी। जहां ॠद्धि और सिद्धि का विवाह भगवान गणेश से हुआ था, वहीं संज्ञा का विवाह महर्षि कश्यप और देवी अदिति के पुत्र भगवान सूर्यनारायण से हुआ था।

**किए हैं कई निर्माण**

विश्वकर्मा देव एक शिल्पकार देव हैं और उन्होंने चार युगों में कई तरह के निर्माण किए। जहां सतयुग में उन्होंने स्वर्गलोक का निर्माण किया, तो वहीं त्रेता युग में लंका का निर्माण उन्हीं के द्वारा किया गया। इसी तरह द्वापर में द्वारका का और कलियुग के आरम्भ के पूर्व हस्तिनापुर और इन्द्रप्रस्थ का निर्माण भी किया। ऐसा माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही जगन्नाथ पुरी के जगन्नाथ मन्दिर में स्थित विशाल मूर्तियों का निर्माण किया था। हालांकि, इसे लेकर कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है।

**इसलिए किया जाता है इनका पूजन**

विश्वकर्मा देव का पूजन कई मायनों में महत्वपूर्ण माना गया है। आमतौर पर, लोग विश्वकर्मा जयंती के दिन इनकी पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन जो भी व्यक्ति इनका पूजन करता है, उसे अपने व्यापार में तरक्की मिलती है।

इसके अलावा, दीपावली के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के दिन भी विश्वकर्मा देव की पूजा की जाती है। इस दिन लोग अपने काम से जुड़े औजारों का पूजन करते हैं। इस दिन इनकी साफ-सफाई व पूजन किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि अगर इस दिन विश्वकर्मा देव का पूजन किया जाए तो इससे व्यक्ति को अपने कार्य में हमेशा उन्नति मिलती है।

विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निमार्ता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। इनकी गणना सर्वाधिक महत्वपूर्ण देवों में होती है। मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है। विश्वकर्मा के यथाविधि पूजन और उनके ब्ताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता। मान्यता है कि ऐसे भवनों में रहने वाला सुखी और सम्पन्न रहता है और ऐसी दुकानों में कारोबार फलता-फूलता है। विश्वकर्मा पूजन भगवान विश्वकर्मा को समर्पित एक दिन है। हर वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरो, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा मनाया जाता है।

## विश्वकर्मा की पूजा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं।

विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योहार मनाते हैं। कहा जाता है कि हिंदू भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निमार्ता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला।

विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निमार्ता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं।

धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है।

विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं। वज्र का निर्माण भी उन्होने ही किया था।

पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था।

इसी प्रकार विश्व कर्मा की एक कहानी और है कि महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था।

विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रह कर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निमार्ता विश्वकर्मा ही थे। पार्वती के विवाह के लिए जो मण्डप और वेदी बनाई गई थी वह भी विश्वकर्मा ने ही तैयार की थी।

औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है।

यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं।



## भगवान विश्वकर्मा जयंती कैसे मनाते हैं

**विश्वकर्मा** जयंती वाले दिन कार्यशालाओं, कारखानों, कार्यालयों और अन्य कार्यस्थलों को अच्छी तरह से साफ और सजाया जाता है। भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियों या चित्रों को फूलों और मालाओं से सजाया और सजाया जाता है। पूजा और प्रसाद भगवान विश्वकर्मा के सम्मान में एक विशेष पूजा की जाती है। भक्त देवता को फूल, फल, मिठाई और अन्य पारंपरिक प्रसाद चढ़ाते हैं। पूजा एक पुजारी या एक कुशल कारीगर द्वारा आयोजित की जाती है जो अनुष्ठानों का पालन करता है और वैदिक मंत्रों का जाप करता है। चूंकि विश्वकर्मा जयंती शिल्प कौशल और औद्योगिक कार्य से जुड़ी है, इस दिन उपकरण, मशीनरी और उपकरणों की भी पूजा की जाती है। उन्हें साफ किया जाता है, फूलों से सजाया जाता है और उनके उचित कामकाज और आशीर्वाद के लिए प्रार्थना की जाती है। एक ही व्यापार या पेशे से संबंधित लोग अक्सर विश्वकर्मा जयंती मनाने के लिए एक साथ आते हैं। सामुदायिक सभाएँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जुलूस आयोजित किए जाते हैं जहाँ लोग अपने कौशल, शिल्प कौशल और औद्योगिक उत्पादों का प्रदर्शन करते हैं।

ये आयोजन समुदाय के सदस्यों के बीच एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देते हैं। पूजा के बाद भक्तों में प्रसाद का वितरण किया जाता है। यह शुभ माना जाता है और आशीर्वाद और समृद्धि लाने वाला माना जाता है। लोग विश्वकर्मा जयंती को दावतों का आयोजन करके और परिवार, दोस्तों और सहयोगियों के साथ भोजन साझा करके मनाते हैं। उत्सव के एक भाग के रूप में विशेष व्यंजन और मिठाइयाँ तैयार की जाती हैं। यह दिन श्रमिकों और शिल्पकारों के लिए उनके पास मौजूद कौशल और प्रतिभा के लिए आभार व्यक्त करने का अवसर भी है। वे अपने कार्यक्षेत्र में सफलता, समृद्धि और सुरक्षा के लिए भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद मांगते हैं।

**भगवान विश्वकर्मा जयंती की परंपराएं और रीति-रिवाज**

पूजा-अर्चनाः इस दिन लोग अपने घरों और कार्यस्थलों में विश्वकर्मा देवता की



पूजा-अर्चना करते हैं। पुरानी मशीनरी, उपकरण, यंत्रों आदि को सजाकर उनकी पूजा की जाती है। पूजा के समय विश्वकर्मा देवता के व्रत कथा और उनके गुणों का उच्चारण किया जाता है।

**विश्वकर्मा मंदिर दर्शनः** लोग विश्वकर्मा जयंती पर विश्वकर्मा मंदिरों में जाकर देवता की पूजा करते हैं। कुछ स्थानों पर विश्वकर्मा मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना आयोजित की जाती है और भक्तों को प्रसाद भी बांटा जाता है।

**विश्वकर्मा पूजा मेलाः** कुछ स्थानों पर विश्वकर्मा जयंती पर मेला आयोजित किया जाता है। इस मेले में विश्वकर्मा देवता की मूर्ति को सजाकर पूजा की जाती है और विभिन्न प्रकार के व्यापारिक गतिविधियां और मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। शिल्पकारों का सम्मानः विश्वकर्मा जयंती पर शिल्पकारों को सम्मानित किया जाता है। इस दिन लोग अपने आदर्श शिल्पकारों को पुरस्कार देकर उनका सम्मान करते हैं।

**समुद्री यात्राः** कुछ स्थानों पर विश्वकर्मा जयंती के दिन नदी या समुद्र की यात्रा की जाती है। लोग नावों और जहाजों को सजाकर उन्हें पानी में ले जाते हैं और विश्वकर्मा देवता की पूजा करते हैं।

**भगवान विश्वकर्मा जयंती के बारे में अन्य जानकारी**

विश्वकर्मा जयंती के रूप में व्याप्त बदलाव आए हैं, यह धार्मिक और सांस्कृतिक प्रथाओं के साथ-साथ समाज की परिवर्तितताओं के प्रतिस्पर्धी माहौल के कारण है। तकनीकी प्रगति के साथ बदलावः विश्वकर्मा जयंती में तकनीकी प्रगति के साथ संबंधित बदलाव देखने को मिलते हैं। आधुनिकता की दृष्टि से, विभिन्न उद्योगों और उद्यानों में कार्यरत लोग अपनी वर्कशॉप्स और कंपनियों के अंदर विश्वकर्मा जयंती मनाते हैं। यह तकनीकी प्रगति के प्रतीक के रूप में उभर रहा है जो मानव निर्मित यंत्र, मशीनरी और तकनीकी उपकरणों की महत्वाकांक्षा को प्रकट करता है।सामाजिक संगठनः विश्वकर्मा जयंती के रूप में सामाजिक संगठन और कार्यक्रमों का आयोजन बढ़ रहा है। इसके अंतर्गत, विभिन्न शिल्प कार्यशालाओं, व्यापारिक संघों और उद्योगों के संगठन द्वारा सामाजिक, कला और शिल्प कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## विश्वकर्मा पूजा का महत्व

**- प्रज्ञा पाण्डेय**

भगवान विश्वकर्मा के जन्म को लेकर शास्त्रों में अलग-अलग कथाएं प्रचलित हैं। वराह पुराण के अनुसार ब्रह्माजी ने विश्वकर्मा को धरती पर उत्पन्न किया। वहीं विश्वकर्मा पुराण के अनुसार, आदि नारायण ने सर्वप्रथम ब्रह्माजी और फिर विश्वकर्मा जी की रचना की।

आज विश्वकर्मा पूजा है, हिन्दू धर्म में विश्वकर्मा पूजा में विशेष महत्व होता है, तो आइए हम आपको विश्वकर्मा की पूजा विधि और महत्व के बारे में बताते हैं।

### जानें विश्वकर्मा पूजा के बारे में

वास्तुकला के देवता विश्वकर्मा भगवान वास्तुदेव और अंगिरसी के बेटे हैं। देश के कुछ इलाकों में यह माना जाता है कि हिन्दी तिथि के अनुसार अश्विन मास की प्रतिपदा को भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ था। लेकिन यह एक ऐसी पूजा है जो सूर्य के पारगमन के आधार पर निर्धारित होती है। इसलिए हर साल विश्वकर्मा पूजा 17 सितम्बर को मनाया जाता है।

### विश्वकर्मा पूजा से जुड़ी पौराणिक कथाएं

भगवान विश्वकर्मा के



जन्म को लेकर शास्त्रों में अलग-अलग कथाएं प्रचलित हैं। वराह पुराण के अनुसार ब्रह्माजी ने विश्वकर्मा को धरती पर उत्पन्न किया। वहीं विश्वकर्मा पुराण के अनुसार, आदि नारायण ने सर्वप्रथम ब्रह्माजी और फिर विश्वकर्मा जी की रचना की। भगवान विश्वकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से भी जोड़ा जाता है।

इस तरह भगवान विश्वकर्मा के जन्म को लेकर शास्त्रों में जो कथाएं मिलती हैं, उससे ज्ञात होता है कि विश्वकर्मा एक नहीं कई हुए हैं और समय-समय पर अपने कार्यों और ज्ञान से वो सृष्टि के विकास में सहायक हुए हैं। शास्त्रों में भगवान विश्वकर्मा के इस वर्णन से यह संकेत मिलता है कि विश्वकर्मा एक प्रकार का पद और उपाधि है, जो शिल्पशास्त्र का श्रेष्ठ ज्ञान रखने वाले को कहा जाता था। सबसे पहले हुए विराट विश्वकर्मा, उसके बाद धर्मवंशी विश्वकर्मा, अंगिरावंशी, तब सुधान्वा विश्वकर्मा हुए। फिर शुक्राचार्य के पौत्र भृगुवंशी विश्वकर्मा हुए। मान्यता है कि देवताओं की विनती पर विश्वकर्मा ने महर्षि दधीची की हड्डियों से स्वर्गाधिपति इंद्र के लिए एक शक्तिशाली वज्र बनाया था।

विश्वकर्मा पूजा में सुपारी, रोली, पीला अष्टगंध चंदन, हल्दी, लौंग, मौली, लकड़ी की चौकी,

पीला कपड़ा, मिट्?टी का कलश, नवग्रह समिधा, जनेऊ, इलायची, इत्र, सूखा गोला, जटा वाला नारियल, धूपबत्ती, अक्षत, धूप, फल, मिठाई, बत्ती, कपूर, देसी घी, हवन कुण्ड, आम की लकड़ी, दही तथा फूल उपयोग होता है।

### विश्वकर्मा पूजा का मुहूर्त

विश्वकर्मा पूजा का शुभ मुहूर्त- 17 सितंबर को सुबह 07 बजकर 39 मिनट से सुबह 09 बजकर 11 मिनट तक रहेगा। इसके बाद दूसरा शुभ समय दोपहर 01 बजकर 48 मिनट से दोपहर 03 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। दोपहर 03 बजकर 20 मिनट से शाम 04 बजकर 52 मिनट तक शुभ समय रहेगा।

### विश्वकर्मा भगवान के जन्म की कथा

एक कथा में कहा गया है कि सृष्टि की रचना के समय भगवान विष्णु सागर में प्रकट हुए। विष्णु जी के नाभि-कमल से ब्रह्मा जी दृष्टिगोचर हुए थे। ब्रह्मा के पुत्र ₹धर्म₹ की शादी ₹वस्तु₹ से हो गयी। विवाह के उपरान्त धर्म के सात पुत्र हुए इनमें से सातवें पुत्र का नाम 'वास्तु' रखा गया, जो शिल्पशास्त्र की कला से निपुण थे। 'वास्तु' के विवाह के पश्चात एक पुत्र हुआ जिसका नाम विश्वकर्मा रखा गया, जो वास्तुकला के अद्वितीय गुरु बने।

### भगवान विश्वकर्मा ने बनायी हैं ये चीजें

भगवान विश्वकर्मा को देव शिल्पी भी कहा जाता है। भगवान विश्वकर्मा को देव शिल्पी भी कहा जाता है। उन्होंने सतयुग में स्वर्गलोक बनाया और त्रेतायुग में सोने की लंका भी बनायी। द्वापर युग में द्वारिका और कलियुग में भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा बनायी। इसके साथ ही बलभद्र एवं सुभद्रा की विशाल मूर्तियों का निर्माण करने के साथ ही यमपुरी, पांडवपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, शिवमंडलपुरी तथा सुदामापुरी इत्यादि का भी निर्माण किया। इसके अलावा ऋग्वेद में इनके महत्व के वर्णन में 11 ऋचाएं भी लिखी गयी।

### पूजा की विधि

विश्वकर्मा पूजा के दिन भगवान विश्वकर्मा की बहुत धूमधाम से पूजा होती है। इसके लिए सबसे पूजा सामग्री जैसे अक्षत, फूल, चंदन, मिठाई, रक्षासूत्र, दही, रोली, सुपारी, धूप और अगरबस्ती की व्यवस्था कर लें। फैक्टरी, वर्कशॉप या आफिस की सफाई कर पत्नी सहित पूजा पर बैठ जाएं। इसके बाद कलश स्थापित करें और विधिवत विश्वकर्मा भगवान की पूजा करें। भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से प्राकृतिक ऊर्जा मिलती है और बिना किसी परेशानी के सभी काम पूरे हो जाते हैं।